CMYK

तापमान अधिकतम :22°C न्यूनतम: 10°C

सेंसेक्स 75,311.06
निफ्टी 22,795.90

सोना 88,715
चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 23 फरवरी 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 91 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2081 24 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### चीन ने कोरोना जैसा नया वायरस खोजा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बनने के हकदार हैं गिल: पोंटिंग

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# 182 करोड़ रुपये मेरे दोस्त पीएम मोदी को भेजे: ट्रम्प

## चार दिन में चौथी बार भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर उठाया सवाल, बांग्लादेश का भी किया जिक्र

नई दिल्ली/ वाशिंगटन, वार्ता

**अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए मंजूर करने के मामले में ट्रम्प का ताजा बयान**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लगातार तीसरे दिन 'वोटर टर्नआउट' के लिए कथित रूप से भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया है। ट्रम्प ने चार दिन में चौथी बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल उठाया है। इस बार उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त मोदी को 182 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 2.1 करोड़ डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए मंजूर किया गया था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को 'वोटर टर्नआउट' के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं, हम भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी तो मतदान बढ़ाना चाहता हूं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रम्प ने बांग्लादेश को मिले 2.9 करोड़ डॉलर अमेरिकी मदद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना। ट्रम्प ने कहा ऐसी संस्था को इतना पैसा मिला, जहां सिर्फ दो लोग काम करते हैं। वो यहां-वहां से 10-20 हजार रुपये जुटा रहे हैं और अचानक उन्हें अमेरिकी सरकार से 250 करोड़ रुपये मिल गए। मुझे लगता है कि वे दोनों अमीर बनने से बहुत खुश होंगे। जल्दी ही उनकी तस्वीर किसी बिजनेस मैगजीन में छापी जाएगी।


## भारत को दिया फंड 4000 करोड़ के अंतर्राष्ट्रीय फंड का हिस्सा था

**इन पैसों का इस्तेमाल रैलियां, डोर-टू-डोर कैंपेन और वर्कशॉप चलाने में किया गया**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एजेंसी उसैद की तरफ से भारत को दिया गया फंड 4000 करोड़ रुपये के अंतर्राष्ट्रीय फंड का हिस्सा था।

यह पैसा कंसोर्टियम फॉर इलेक्शंस एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग नाम की संस्था को दिया गया था। इस संस्था के तीन एनजीओ,आईएफईएस (चुनाव जागरूकता के लिए), एनडीआई (लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए) व आईआरआई (नागरिक भागीदारी बढ़ाने के लिए) हैं। सीईपीपीएस ने यह पैसा एशिया में काम करने वाले एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शन नाम के एनजीओ को दिया। वहां से भारत में आईएफईएस को मिला। इसके बाद यह पैसा मतदाता जागरूकता से जुड़े एनजीओ, सिविल सोसाइटी समूह, राजनीतिक पार्टियों को दिया गया। इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इन पैसों का इस्तेमाल रैलियां, डोर-टू-डोर कैंपेन और वर्कशॉप चलाए गए। कुछ खास इलाकों में मतदान को बढ़ाने के लिए भी खर्च किया गया। मीडिया प्रचार और केंद्र सरकार के खिलाफ नरेटिव बढ़ाने के लिए प्रचार किया गया। वॉलंटियर्स ट्रेनिंग, रहने-खाने के साथ ट्रैवलिंग खर्च भी दिया गया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तीन बयान



**वाशिंगटन।** गुरुवार को ट्रम्प ने कहा था कि मैं हैरान हूं, इतना पैसा पाकर भारत क्या सोचता होगा। ये एक किक-बैक यानी रिश्वतखोरी की स्कीम है, जो लोग ये पैसा भारत को भेज रहे हैं, उसका कुछ हिस्सा लौटकर उन्हीं लोगों के पास आ रहा है। ट्रम्प ने कहा था कि मैं भारत में वोटर टर्नआउट की परवाह क्यों करूं? हमारी अपनी परेशानियां कम नहीं हैं। हमें अपने टर्नआउट पर ध्यान देना चाहिए। हमने ये सारी स्कीमें बंद कर दी हैं। अब हम सही रास्ते पर हैं।

बुधवार को ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि बाइडन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। इसके लिए बाइडन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपये का फंड मुहैया कराया। ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। मियामी में फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) समिट में उन्होंने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (उसैद) ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपये का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ 2 हजार डॉलर (1.73 लाख रुपये) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था। मंगलवार को मीडिया से ट्रम्प ने कहा कि हम भारत को 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है, खासतौर पर हमारे लिए। मैं भारत और उनके पीएम का सम्मान करता हूं, पर 182 करोड़ क्यों?। भारतीय चुनाव में दखल वाले ट्रम्प के बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा था कि ये जानकारी काफी परेशान करने वाली है। इससे भारतीय चुनाव में विदेश दखल को लेकर चिंता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। इस समय इस मामले में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। उम्मीद है जल्द ही हमें इस पर कोई अपडेट मिलेगा।

**ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का लगाया था आरोप**

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन की चुनौती को दिया बड़ा झटका

**डेलिंगर को पद पर बनाए रखने का दिया आदेश**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के एजेंडे पर कई कानूनी मुद्दों पर अपना पहला बयान दिया। कोर्ट ने सरकारी मुखबिरों की सुरक्षा करने वाली संघीय एजेंसी के प्रमुख, हैम्पटन डेलिंगर को अस्थायी रूप से पद पर बनाए रखने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने एक अहस्ताक्षरित आदेश में कहा कि डेलिंगर कम से कम 26 फरवरी तक अपने पद पर बने रह सकते हैं, जब तक निचली अदालत का अस्थायी आदेश खत्म नहीं हो जाता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया, जिसमें डेलिंगर को तुरंत हटाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने इस मामले को स्थगित करते हुए यह कहा कि यह आदेश कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाएगा। रूढ़िवादी न्यायाधीश नील गोरसच और सैमुअल एलिटो ने प्रशासन के पक्ष में राय दी, जबकि उदारवादी न्यायाधीश सोनिया सोटोमोर और केतनजी ब्राउन जैक्सन ने प्रशासन के अनुरोध को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी राष्ट्रपति की शक्तियों को लेकर मजबूत रुख अपनाया है।

## ट्रम्प का कई नेताओं के साथ पॉजिटिव इतिहास नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दुनिया के कई नेताओं के साथ सकारात्मक इतिहास नहीं रहा है, मगर पीएम मोदी के मामले में बात अलग है।

दिल्ली विवि के साहित्य महोत्सव में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में उनसे मिलने के लिए आमंत्रित किए जाने वाले शुरुआती विश्व नेताओं में से एक थे। मेरे पास तुलनात्मक आकलन के रूप में कुछ संदर्भ बिंदु और कुछ अनुभव हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं पूरी निष्पक्षता के साथ कहूंगा कि मुझे लगा कि यह बहुत अच्छा रहा और इसके कई कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बहुत ही मजबूत राष्ट्रवादी हैं और वे इसे एक तरह से प्रदर्शित करते हैं। ट्रम्प भी अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं और मुझे लगता है कि कई मायनों में राष्ट्रवादी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प स्वीकार करते हैं कि मोदी भारत के लिए हैं। मोदी स्वीकार करते हैं कि ट्रम्प अमेरिका के लिए हैं।

### एयर इंडिया के विमान में शिवराज को मिली टूटी सीट

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एयर इंडिया के विमान में स्वयं को खराब और टूटी सीट मिलने का खुलासा करते हुए सवाल किया कि क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है और एयर इंडिया प्रबंधन इसे सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाएगा या जल्दी पहुंचने की यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाता रहेगा। श्री चौहान ने इस संबंध में एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि शनिवार को उन्हें भोपाल से दिल्ली आना था। इसके लिए उन्होंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एआई 436 में टिकट करवाया था, जिसमें उन्हें सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। बैठने पर पता चला कि ये सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी, जिस पर बैठना तकलीफदायक था। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी, तो आवंटित क्यों की? इस पर विमानकर्मियों ने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं। श्री चौहान ने कहा कि सहयात्रियों ने उन्हें सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठने का आग्रह किया, लेकिन किसी और को तकलीफ नहीं देने का फैसला करते हुए उन्होंने उसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी की।

### सम्भल बवाल: पुलिस ने 'मेटा' से मांगा डाटा

**सम्भल।** 24 नवम्बर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में दर्ज मुकदमा संख्या 335 की चार्जशीट अभी दाखिल नहीं हुई है। इसमें पुलिस ने मेटा कंपनी से व्हाट्सएप का डाटा मांगा है। उसके बाद पुलिस चार्जशीट दाखिल करेगी। इस मुकदमे में सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल नामजद आरोपी हैं। बाकी अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। यह इस पूरे बवाल में मुख्य मुकदमा माना जा रहा है। क्योंकि सांसद पर भड़काऊ भाषण देने और विधायक के बेटे पर भीड़ को उकसाने का आरोप है। पुलिस को कुछ ऐसे भी मैसेज मिले हैं, जिसमें जामा मस्जिद पर पहुंचने का आह्वान किया गया है। जामा मस्जिद पर भीड़ एकत्र करने और बवाल कराने के लिए व्हाट्सएप पर कॉल या मैसेज का इस्तेमाल करने की पुलिस को आशंका है।

### तेलंगाना में टनल हादसा, आठ मजदूर फंसे

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार सुबह एसएलबीसी (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल) टनल प्रोजेक्ट का एक हिस्सा गिर गया। जिसमें 8 मजदूर फंस गए। हादसा सुरंग के एंट्री पाइंट से 14 किमी अंदर हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, छत का करीब तीन मीटर हिस्सा ढहा है। टनल का काम काफी समय से रुका हुआ था। चार दिन पहले ही दोबारा काम शुरू किया गया। नागरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि सिंचाई परियोजना का काम करने वाली कंपनी की 2 रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई हैं।

### पीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी बनाए गए शक्तिकांत दास



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री मोदी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी-2 नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की अपाइंटमेंट कमेटी ने शनिवार को यह नियुक्ति की है। कमेटी के सेक्रेटरी मनीष सक्सेना ने नियुक्ति की जानकारी दी। शक्तिकांत दास आरबीआई गवर्नर के पद से 10 दिसम्बर को रिटायर हुए थे। 22 फरवरी को उन्हें पीएम का प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। यानी रिटायरमेंट से नियुक्ति के 75वें दिन में ही वे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में अहम पद पर पहुंच गए। फिलहाल पीके मिश्रा प्रधानमंत्री मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के नंबर वन पॉजिशन पर हैं। शक्तिकांत दास नंबर 2 होंगे। दास तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के आईएएस अधिकारी रह चुके हैं। वहीं मिश्रा गुजरात कैडर के रिटायर अधिकारी हैं।

## यूसीसी को लेकर भ्रामक प्रचार पर होगी कार्रवाई

### गलत तथ्यों के प्रचार पर स्पष्टीकरण एवं कानूनी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ सोशल मीडिया में भ्रमित सूचनाओं पर गृह विभाग ने चेताया**
**■ यूसीसी में विवाह पंजीकरण निवास प्रमाण-पत्र का आधार नहीं**

**देहरादून।** उत्तराखंड में लागू यूसीसी यानी समान नागरिक संहिता के प्रावधानों या नियमों को लेकर यदि किसी भी प्रकार से किसी व्यक्ति या संगठन ने तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हुए भ्रामक जानकारी फैलाई, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर गृह विभाग ने चेतावनी जारी की है।

गृह विभाग ने जारी अपने नोट में कहा है कि संज्ञान में आया है कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कुछ प्रावधानों को लेकर कुछ व्यक्तियों द्वारा भ्रामक और गलत जानकारी फैलाई जा रही है, जैसे कि उत्तराखंड में यूसीसी में विवाह पंजीकरण कराने से बाहरी लोगों को राज्य का निवास प्रमाणपत्र (डोमिसाइल) मिल जाएगा। यह गलत और भ्रामक तथ्य है। यूसीसी के तहत विवाह या अन्य पंजीकरण का राज्य के निवास प्रमाणपत्र (डोमिसाइल) से कोई संबंध नहीं है और न ही किसी व्यक्ति को विवाह या अन्य पंजीकरण के आधार पर उत्तराखंड का निवास प्रमाणपत्र प्रदान किए जाने का समान नागरिक संहिता (यूसीसी) में कोई प्रावधान है। गृह विभाग ने कहा है कि यूसीसी को लेकर अफवाह फैलाना, भ्रामक या झूठी जानकारी प्रसारित करना एक कानूनी अपराध है, ऐसा कोई व्यक्ति या समूह जो भ्रामक सूचना प्रचारित-प्रसारित करेगा उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने से बचें। यदि किसी को यूसीसी से संबंधित किसी भी प्रावधान पर संदेह या स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो, तो वे गृह विभाग, उत्तराखंड सरकार से आधिकारिक माध्यमों पर संपर्क कर सकते हैं।

### थरूर ने राहुल से पूछा कांग्रेस में मेरा क्या रोल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सीनियर लीडर और केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने पार्टी नेतृत्व से अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने राहुल गांधी से पूछा कांग्रेस में मेरा क्या रोल है। शशि थरूर ने 18 फरवरी को दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पार्टी में किनारे किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें संसद के महत्वपूर्ण बहसों में बोलने का मौका नहीं मिलता और पार्टी में उन्हें इग्नोर किया जा रहा है। थरूर ने कहा कि वह पार्टी में अपनी स्थिति को लेकर असमंजस में हैं और चाहते हैं कि राहुल गांधी उन्हें उनकी भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से बताएं। थरूर ने कहा कि राहुल गांधी ने शिकायतों का कोई समाधान नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राहुल गांधी ने थरूर की शिकायतों का कोई खास जवाब नहीं दिया और न ही उनकी कोई गंभीर समस्याओं को सुलझाया। थरूर को यह महसूस हुआ कि राहुल गांधी इस मामले में कोई भी खास वादा करने को तैयार नहीं थे।



## कैग रिपोर्ट में बड़ा खुलासा: जंगल का पैसा आईफोन व कूलर पर खर्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**1** सरकार की अनुमति के बिना 607 करोड़ के खर्च की अनियमितता: कैग रिपोर्ट

**2** प्रतिपूरक वनरोपण के अलावा 13.86 करोड़ अन्य खर्चों के लिए डायवर्ट

**3** बजट सत्र में पेश कैग रिपोर्ट को लोक लेखा समिति को भेजा गया

**देहरादून।** कैग की रिपोर्ट में जंगलों के संरक्षण के लिए रखे गए 13.86 करोड़ रुपये को आईफोन, लैपटॉप, फ्रिज और अन्य सामानों पर खर्च करने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा केंद्रीय ऑडिटर कैग की रिपोर्ट से हुआ है। कैग ने कंपनसेटरी अफॉरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी (कैंपा) के 2019-2022 के कार्यों पर एक रिपोर्ट तैयार किया है, उसी में यह सब सामने आया है।

इसमें सामने आया है कि उत्तराखंड के जंगलों में जिन पैसों से जंगलों में पेड़ लगाने थे, उन्हें अनधिकृत गतिविधियों में डायवर्ट किया गया। इन एक्टिविटीज में उत्तराखंड की हरेला स्कीम, टाइगर सफारी कार्य, बिल्डिंग का नवीनीकरण, सरकारी यात्राओं पर खर्च, कोर्ट केस और गैजेट्स और स्टेशनरी की खरीद शामिल हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत आने वाले कैंपा के निर्देशों के तहत पैसा जारी होने के एक से दो साल के भीतर पेड़ लगा दिए जाने चाहिए। हालांकि कैग की रिपोर्ट में सामने आया कि 37 मामलों में ऐसा करने में आठ साल से अधिक का समय लग गया। कैग की रिपोर्ट उत्तराखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पेश की गई। इसमें सामने आया कि वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड ने बिना सरकार की मंजूरी के 607 करोड़ रुपये खर्च कर डाले। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक -**शेष पृष्ठ दो पर**

## सोशल मीडिया: अश्लील कंटेंट पर कसेगा शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ रणवीर इलाहाबादिया के भौंडे कंटेंट पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों से जागी केंद्र सरकार**

**नई दिल्ली।** रणवीर इलाहाबादिया के भौंडे कंटेंट पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों से जागी केंद्र सरकार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लाने की तैयारी में है। इस कोड का पालन 5 से 50 लाख वाले फॉलोअर्स वाले इंफ्लूएंसर्स को करना होगा, ताकि भविष्य में इंडियाज गॉट लेटेंट जैसे शो से देशभर में लोगों की भावनाएं आहत न हों।

साथ ही इंफ्लूएंसर्स को कंटेंट की रेटिंग भी देना अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ओटीटी के कंटेंट को लेकर सरकार विभिन्न स्तरों पर कदम उठा रही है। बच्चों को अश्लील-अभद्र कंटेंट से दूर रखने के नियम का मसौदा, ओटीटी प्लेटफॉर्मों के स्व-नियामक निकायों के लिए एडवाइजरी और डिजिटल इंडिया विधेयक का मसौदा तैयार करने पर काम चल रहा है। इस बीच सामने आए इंडियाज गॉट लेटेंट के विवाद ने सोशल मीडिया की एक और बदसूरत तस्वीर देश की जनता के सामने पेश की है, जिसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में इलाहाबादिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान तीखी आलोचना की। साथ ही केंद्र सरकार से विशेष तौर पर पूछा कि भौंडे कंटेंट पर लगाम कसने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। इसकी जानकारी अगली सुनवाई में अदालत को दी जाए। सरकार जवाब की तैयारी की दिशा में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लाने के लिए कमर कस चुकी है, ताकि इस पहल से इंफ्लूएंसर्स सार्वजनिक किए जाने वाले कंटेंट से भौंडेपन, अश्लीलता, अभद्रता और गाली-गलौज को दूर रखें या फिर कंटेंट को रेटिंग देकर यह स्पष्ट कर दें कि पोस्ट या पब्लिश कंटेंट का स्तर क्या है। सूत्रों के मुताबिक कोड ऑफ कंडक्ट में रेटिंग एक से पांच तक रखी जा सकती है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के लिए कोड ऑफ कंडक्ट जारी करेगा।





# एसपी को दो सौ मीटर घसीटने के मामले में आया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो



कल्पना सक्सेना पर कार चढ़ाने व घसीटकर जान से मारने की कोशिश करने वाले तीन सिपाहियों सहित चार अभियुक्त दोषी करार

**बरेली।** वर्ष 2010 में एसपी यातायात रहीं कल्पना सक्सेना पर कार चढ़ाने व घसीटकर जान से मारने की कोशिश करने वाले तीन सिपा. हियों सहित चार अभियुक्तों को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार गुप्ता ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाया। इसके बाद चारों दोषियों को जेल भेज दिया गया है। सजा पर सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

आईपीएस कल्पना वर्तमान में गाजियाबाद में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हैं। घटना दो सितम्बर 2010 को कैंट थाना क्षेत्र में बरेली-शाहज. हांपुर रोड स्थित मजार के पास हुई थी। एसपी यातायात ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रहे यातायात पुलिसकर्मियों को पकड़ने पहुंची थीं। तब सिपाही रविंद्र, रावेंद्र, मनोज और एक अन्य शख्स धर्मेंद्र ने कार से कुचलकर उनकी जान लेने की को. शिश की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। आरोपपत्र दाखिल किया। कोर्ट में 14 गवाह और 22 साक्ष्य पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने चारों को दोषी करार दिया है। अवैध वसूली कर रहे तीन पुलिसकर्मियों और एक अन्य शख्स ने अपनी कार से एसपी कल्पना को दो सौ मीटर तक घसीटा था। इस दौरान वे उनके सिर पर वार करते रहे। धमकाते रहे कि आज तेरा आखिरी दिन है। अब जो दूसरा आएगा, उसकी दखल देने की हिम्मत नहीं होगी। इस घटना को लेकर अन्य विभागों में तैनात लोकसेवकों में भय व्याप्त हो गया था। देशभर में अधिकारियों के बीच इसकी चर्चा रही थी। शहर में तैनात अन्य अधिकारियों का भी अधीनस्थों से भरोसा उठने लगा था। आईपीएस कल्पना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक दो सितम्बर 2010 को वह चालक कांस्टेबल संजय सिंह, हमराह सिपाही ऋषिपाल व जीत सिंह के साथ चौकी चौराहे पर ड्यूटी पर थीं। कैंट क्षेत्र में मजार के पास हाईवे पर यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रक रोककर अवैध वसूली की सूचना मिली, तो वह मौके पर पहुंचीं। वहां फरीदपुर की तरफ से आने वाले कुछ ट्रक सड़क किनारे खड़े थे।

# ट्रम्प के बयान पर श्वेतपत्र पर जवाब दे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ अमेरिकी राष्ट्रपति के ब्यान को लेकर पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी की घेराबंदी की

■ संशोधन विधेयक अधिवक्ताओं के अधिकारों पर होगा हमला: युवा कांग्रेस

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार यूएसएड से 21 मिलियन डॉलर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले हैं, तो अब मोदी की जिम्मेदारी है कि वह ट्रम्प के बयान पर देश को जवाब दें।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब खुद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कह दिया है कि पैसा मोदी को गया है, तो मुद्दे को भटकाने की बजाय इस राशि का पाई-पाई हिसाब श्वेत पत्र के माध्यम से देश को देना चाहिए। उन्होंने ट्रम्प का बयान सुनते हुए दावा किया है कि 21 मिलियन डॉलर मोदी को चुनाव प्रभावित करने के लिए दिए गए हैं। खेड़ा ने कहा कि ट्रम्प के इस बयान के बाद आज भाजपा में चारों तरफ चुप्पी है, लेकिन हम मोदी से जानना चाहते हैं कि ये पैसा कहां गया। ट्रम्प के बयान से साफ है कि 21 मिलियन डॉलर यानी करीब 181 करोड़ रुपए मोदी को दिया गया है। यह फंड चुनावों को प्रभावित करने और वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए। हम लगातार वोटर टर्नआउट के बारे में सरकार से सवाल कर रहे हैं और अब पूछ रहे हैं कि क्या इसी पैसे से वोटर टर्न आउट बढ़ रहा है। कितना भी विदेशी फंड आए वह भारत के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर पाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 से 2024 तक भारत को 2.1 अरब डॉलर मिले हैं। इस राशि का 44.4 प्रतिशत मोदी सरकार बनने के बाद आया है और 40 प्रतिशत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय आया गया था इसलिए इस मामले में श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए कि भारत में अमेरिका से कब और कितना पैसा आया और किस-किसको यह पैसा गया इस पूरे विवरण के साथ श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए। इस श्वेत पत्र में कोविड तथा नोटबंदी के समय भी जो पैसा आया है, उसका पूरा हिसाब सबके सामने आए इसलिए हम सरकार से यूएसएड को लेकर श्वेत पत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं। वहीं युवा कांग्रेस लीगल सेल ने शनिवार को कहा कि सरकार संसद में अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2025 ला रही है, जिसके कुछ प्रावधान अधिवक्ताओं की स्वायत्तता, अधिकारों और गरिमा के लिए गंभीर खतरा है।

## मोदी को ट्रम्प से बात करनी चाहिए: सैलजा



**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवैध प्रवासी भारतीयों को कोस्टारिका को सौंपने की घोषणा के बाद चुप्पी तोड़नी चाहिए और राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करनी चाहिए। सैलजा ने कहा कि पहले तो भारतीयों को हथकड़ी और बेड़ियों में बांधकर स्वदेश भेजकर अपमानित किया और अमेरिका अब भारतीयों को सीधे भारत भेजने के बजाय कोस्टारिका को सौंपेगा, पता नहीं कोस्टारिका अब उनके साथ क्या सलूक करेगा। इसलिए अब मोदी को ट्रम्प से बात कर पता करना चाहिए कि आखिर ट्रम्प के मन में भारत को लेकर क्या चल रहा है। पनामा ग्वाटेमाला के नक्शेकदम पर चलते हुए, कोस्टारिका ने भी घोषणा की कि वह अमेरिका से निकाले जाने वाले अवैध प्रवासियों को अपने देश में लाने के लिए तैयार है, जो अन्य देशों के नागरिक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नवगठित दिल्ली विस का पहला सत्र सोमवार से

**नई दिल्ली।** नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा, जिसमें विधायकों के शपथ के साथ लंबित कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। विधानसभा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 24, 25, 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जुड़ी 14 लंबित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष हो सकते हैं। पिछली विधानसभा में वह नेता प्रतिपक्ष थे। विजेंद्र गुप्ता ने कल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात के बाद एक्स पर कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा सत्र के एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी को विधानसभा के पटल पर कैग की रिपोर्ट्स प्रस्तुत की जाएगी।

### सज्जन 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के अध्यक्ष सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। जिंदल को यह पुरस्कार शनिवार को यहां आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 3.9 करोड़ टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

आपके व्यापार को दे मजबूत आधार शाह टाइम्स का बाजार

## पूरी तरह से डिस्पोजेबल बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स बनेंगे

# देश के प्रथम बायोपॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास

लखीमपुर खीरी, वार्ता



■ तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगी डिस्पोजेबल वस्तुएं: योगी

■ दुनिया महाकुम्भ में भागीदार बनने को उत्साहित: सीएम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कुंभी चीनी मिल परिसर में बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड द्वारा 2850 करोड़ रुपए की लागत से देश के पहले बायोपॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास किया।

योगी ने कहा कि सरकार ने देश के पहले बायोप्लास्टिक प्लांट का जो एमओयू किया था, उसे आज जमीनी धरातल पर उतारा गया है। यह अपनी तरह का देश का पहला निवेश है। यहां बनने वाली बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से डिस्पोजेबल होंगे और महज तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के महाकुम्भ में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 22 फरवरी तक अब तक 60 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां से गोला गोकर्णनाथ और फिर प्रयागराज जाऊंगा, लेकिन कुंभी में ही मुझे महाकुंभ दिख गया। यह निवेश का महाकुंभ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2850 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह संयंत्र भारत का पहला इंटीग्रेटेड यूनिट होगा। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। यूपी सरकार यहां के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्लांट के साथ एमओयू करेगी, जिससे पढ़ाई कर रहे छात्र सीधे रोजगार से जुड़ सकें। योगी ने पर्यावरण संकट पर लचता जताते हुए कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण असमय बारिश और सूखे जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक को अपनाकर नदियों और नहरों को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। यूपी में 45 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव आया है। अब तक 15 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है और 3 से 5 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। इससे 7 से 8 लाख युवाओं को नौकरी भी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि संयंत्र पाली लैक्टिक एसिड (पीएलए) आधारित बायोप्लास्टिक का उत्पादन करेगा, जिससे पर्यावरण- अनुकूल उत्पाद जैसे डिस्पोजेबल बोतलें, खाद्य ट्रे, कटलरी, आइसक्रीम कप और कैरी बैग बनाए जाएंगे। इस प्लास्टिक की विशेषता यह होगी कि यह 3 से 6 महीनों में स्वयं ही मिट्टी में घुलकर नष्ट हो जाएगा, जिससे प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र शून्य-तरल अपशिष्ट के सिद्धांत पर भी काम करेगा, जिससे कोई भी हानिकारक अपशिष्ट नदियों या नालों में नहीं बहेगा। इसके साथ ही, इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और चीनी उद्योग में नई संभावनाएं खुलेंगी। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड से संयंत्र को आईटीआई, पॉलिटेक्निक और स्थानीय महाविद्यालयों से जोड़ने के लिए कहा, जिससे यहां के युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने विश्वास जताया कि यह संयंत्र पर्यावरण संरक्षण, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री संजय सिंह गंग. वार, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चीनी उद्योग वीणा कुमार मीना आदि उपस्थित थे।

### लखीमपुर अब पिछड़ा जिला नहीं रहा

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी जिले के राजेंद्र गिरी मेमोरियल स्टेडियम में 1,622 करोड़ रुपए की 373 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब लखीमपुर पिछड़ा जिला नहीं रहा। योगी ने 'छोटी काशी' गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया और घोषणा की कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा नहीं रहा। इसकी उपजाऊ भूमि अब सोना उगल रही है। उन्होंने स्वतंत्रता के समय लखीमपुर खीरी के पिछड़ेपन को याद किया, जो मलेरिया और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के बावजूद खराब पहुंच से ग्रस्त था। उन्होंने कहा कि अब, पलिया में एक हवाई पट्टी एक पूर्ण हवाई अड्डा बनने के लिए तैयार है और बाढ़ की रोकथाम के उपाय किए जा रहे हैं। अपनी उपजाऊ भूमि से 'सोना' उगलने के साथ, लखीमपुर खीरी परिवर्तन की राह पर है। लखीमपुर खीरी पिछड़े जिले का दंश पीछे छोड़कर आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि इस जिले में करीब 4,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया है। इनमें गोला गोकर्णनाथ मंदिर कॉरिडोर और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड द्वारा स्थापित देश का पहला बायो-प्लास्टिक निर्माण (पीएलए) प्लांट शामिल है।

# अखिलेश ने किया भाजपा पर तीखा प्रहार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा प्रमुख बोले-जो सफल नहीं होते, वे लक्ष्य की समय सीमा बदलते हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को राज्य की अर्थव्यवस्था को भाजपा सरकार पर हमला बोला है। सोशल साइट एक्स पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार के साल 2029 तक एक हजार अरब डॉलर बनाने के सरकार के दावे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने कार्य में सफल नहीं हो पाते, वे लक्ष्य की समय-सीमा बदलने का प्रयास करते हैं।

अखिलेश यादव ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि जो अपने काम में फेल होते हैं, वे लक्ष्य की समय-सीमा बदल देते हैं, लेकिन इससे प्रदेश और देश का भविष्य इससे नहीं बदलता है। भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 2021 में भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि साल 2024 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर (एक हजार अरब डॉलर) तक पहुंच जाएगी और अब वे कह रहे हैं कि यह 2024 तक नहीं हुआ है, यह 2029 तक यह संभव हो पाएगा। जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं, देश-प्रदेश का भविष्य नहीं। 2021 में भाजपाइयों ने कहा था कि 2024 तक उप्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और अब 2025 में कह रहे हैं, 2029 में उप्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जनता को न तो भाजपा की पिछली बातों पर भरोसा हुआ था और न ही इनके आगामी दावे पर भरोसा कर रही है। भाजपा अब पूरी तरह से झूठ का पर्याय बन चुकी है। राज्य की जनता कह रही है कि आज राज्य को बदलाव चाहिए, भाजपा सरकार अब नहीं चाहिए। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्य की अर्थव्यवस्था को लेकर दावा किया था।

# स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: पंकज सिंह

नई दिल्ली, वार्ता



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि सरकार के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता का क्षेत्र है, इसलिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सिंह और सांसद कमलजीत सहरावत ने शनिवार को राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सिंह ने कहा कि सरकार के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता का क्षेत्र है। इसलिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राव तुला राम अस्पताल में दिल्ली के हजारों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़भाड़ को मैनेज करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीजों और उनके परि. जनों को परेशानी न झेलनी पड़ी। इसके अलावा अस्पताल प्रशासन से अस्पताल की अव्यवस्थाओं को दूर करके इसे बेहतर अस्पताल बनाने के लिए निर्देशित किया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने तीन महीने के भीतर सभी कमियों को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही बन रहे राव तुलाराम मेमो. रियल अस्पताल के नए ब्लॉक बिल्डिंग को जल्द बनाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और ओपीडी में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की। उनसे इलाज के साथ ही सुविधाओं के बारे में बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली के सभी लोगों तक गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने की दिशा में लगातार काम करेगी। दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अस्पतालों का कायाकल्प किया जाएगा। हमारा उद्देश्य दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को बेहतरीन अस्पतालों में से एक बनाना है। दिल्ली के अस्पतालों में ट्रीटमेंट फेसिलिटी को और सुगम बनाया जाएगा। साथ ही मौजूदा अस्पतालों में जरूरी बदलाव करके उन्हें और भी बेहतर बनाया जाएगा। इस अवसर पर कमलजीत सहरावत ने कहा कि हम जनता को विश्वसनीय और बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

## महाशिवरात्रि के पहले भारी भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए तैयारियां तेज

**महाकुंभनगर।** महाकुंभ का दिव्य, भव्य आयोजन अब अपने आखिरी पड़ाव 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व की ओर अग्रसर है, जिसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जिलाधिकारी रवीन्द्र मांदड़ ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश-दुनिया से आकर पुण्य की डुबकी लगाएंगे, ऐसे में उनकी यह यात्रा सुखद रहे इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तमाम तरीके के प्रयास किए जा रहे हैं। आखिरी स्नान पर्व को देखते हुए इन प्रयासों में तेजी लाई जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए विधिवत प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जा रहा है। इसे समुचित तरीके से लागू करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए ग्राउंड जीरो पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। रवीन्द्र मांदड़ के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार सभी अधिकारी-कर्मचारी ऑन फील्ड रहकर मॉनिटर कर रहे हैं। उनके अनुसार हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं के फीडबैक के अनुसार उस पर काम करके श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचाया जाए।

# दाल दलहन और अनाज मंडी में टिकाव कायम रहा

नई दिल्ली, वार्ता



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अनाज मंडी में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। मसूर दाल, चना, दाल चना, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़:** चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### मणिपुर में उग्रवादी संगठनों के आठ सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कई जिलों में तलाशी अभियान के दौरान दो उग्रवादी संगठनों के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया और दो राइफलों और पांच अत्याधुनिक विस्फोटक उपकरण समेत सात हथियार बरामद किए है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कैग की रिपोर्ट...**

कैग रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कैंपा योजना के करीब 14 करोड़ रुपये लैपटॉप, आईफोन, फ्रिज, कूलर, रिनोवेशन केस और कोर्ट केसेस पर खर्च किए गए।2019-2022 की अवधि में प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) के कामकाज पर बनाई गई कैग रिपोर्ट से पता चला है कि 13.86 करोड़ रुपये प्रतिपूरक वनरोपण के अलावा विभिन्न गतिविधियों के लिए डायवर्ट किए गए थे। जिसके तहत नॉन फॉरेस्ट पर्पस (प्रयोजन), जैसे उद्योग या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उपयोग की जाने वाली वन भूमि पर अनिवार्य रूप से भूमि के कम से कम समान क्षेत्र पर वनरोपण की कोशिश की जाती है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 मामलों में, फाइनल क्लीयरेंस मिलने के आठ साल से ज्यादा समय बाद प्रतिपूरक वनरोपण किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप प्रतिपूरक वनरोपण बढ़ाने में 11.54 करोड़ रुपये की लागत बढ़ गई। रिपोर्ट में लगाए गए पेड़ों की लो सर्वाइवल की बात भी कही गई, जो 33.51 प्रतिशत है। वहीं वन अनुसंधान संस्थान के अनुसार यह अनिवार्य 60.65 फीसदी से काफी कम है।

# मोदी सोमवार को भागलपुर से जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त



■ दो हजार प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपये का मिलता है प्रत्यक्ष लाभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बिहार में भागलपुर में एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 19वीं किस्त जारी करेंगे जिसमें किसानों को 2000 रुपए प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपए का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) किया जाता है।

शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्रालय इसके लिए केंद्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग (एएचएंडडी), रेल मंत्रालय और बिहार सरकार के समन्वय से वहां उस दिन एक 'किसान सम्मान समारोह' का आयोजन करेगा, जिसमें प्रधानमंत्री पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। मोदी रविवार से मध्य प्रदेश, बिहार और असम के तीन दिन के दौरे पर होंगे। कृषि एवं किसान मंत्रालय के अनुसार 19वीं किस्त जारी होने से देश भर में 2.41 करोड़ महिला किसानों सहित 9.8 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे और उनके खातों में 22,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंचाई जाएगी। पीएम-किसान योजना, 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई थी। अब तक देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 18 किस्तों के माध्यम से 3.46 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। 19वीं किस्त जारी होने के साथ ही किसानों के खातों में कुल 3.68 लाख करोड़ रुपए पहुंच जाएंगे। मंत्रालय विज्ञप्ति में कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से कहा गया है कि किसानों का कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने बताया है कि अकेले बिहार के किसानों को पिछली किस्तों के माध्यम से 25,497 करोड़ रुपए से अधिक प्राप्त हुए हैं, जिससे राज्य के 86.56 लाख से अधिक किसानों को लाभ हुआ है। 19वीं किस्त में बिहार के लगभग 76.37 लाख किसानों को 1,591 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ मिलेगा जिससे प्रदेश में लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल लाभ राशि लगभग 27,088 करोड़ रुपए हो जाएगी। अकेले भागलपुर में, अब तक पीएम किसान की 18 किस्तों के तहत लगभग 2.82 लाख लाभार्थियों को 813.87 करोड़ रुपए से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

## संक्षिप्त समाचार

### ट्यूबवैल से स्टार्टर चुराते दो युवक पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ट्यूबवेल से स्टार्टर चोरी कर रहे दो युवकों को किसानों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों का चालान किया। मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव कमालपुरी का है। यहां पर किसान सुधांशू का परिवार रहता है। 20 फरवरी की रात करीब दस बजे वह अपने दोस्त गौरव को लेकर ट्यूबवेल चलाने के लिए अपने खेत पर गए थे। इस दौरान उन्हें खेत में किसी के होने की आहट हुई। टॉर्च की रौशनी के सहारे हिम्मत जुटाते हुए दोनों ने थोड़ा आगे जाकर देखा तो दो युवक उनके ट्यूबवेल से स्टार्टर खोल रहे थे। सुधांशू और गौरव ने दोनों को पकड़ लिया। जिनके पास से प्लास्टिक के कट्टे में एक और स्टार्टर मिला, देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पूछने पर बताया कि कट्टे में जो स्टार्टर है वो पास में ही एक खेत से चोरी किया है जो गौरव का खेत है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पूछताछ में उन्होंने अपना नाम शादाब निवासी गांव इस्माईलपुर थाना नौगावां सादात तथा कासिम निवासी मोहल्ला नरोत्तम सराय जिला व कोतवाली संभल बताया। निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान करने की बात कही।

**■ पिटाई कर पुलिस को सौंपा**

### हादसे में छात्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। घर से ई रिक्शा में बैठकर नगर में कोचिंग को आ रहे छात्रों को सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ई–रिक्शा में बैठा एक छात्र गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

कोतवाली इलाके के गांव हैबतपुर बंजारा निवासी कासिम मक्करानी का बेटा हाशिम एलकेजी का छात्र है। शनिवार को वह गांव के अन्य बच्चों के साथ ई–रिक्शा में बैठकर नगर में कोचिंग करने के लिए आ रहा था। इस दौरान सामने से आ रही बाइक ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें छात्र ई रिक्शा से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गये। परिजनों के द्वारा घायल छात्र को हसनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने छात्र की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने बाइक तथा ई रिक्शा को कब्जे में लिया है।

# बम भोले के उद्घोष से गूंजने लगा वातावरण, लौटने लगे कांवड़ियों के जत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**अमरोहा/गजरौला**। महा. शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये हरिद्वार से जल भरकर कांवड़ियों के जत्थे वापस होने लगे हैं। सड़कों पर कांवड़ियों के जत्थों से बम भोले के उद्घोष गूंज रहे हैं। कांवड़ियों की संख्या बढ़ती देखकर पुलिस प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। गजरौला धनौरा मार्ग पर भारी वाहनों को भी पुलिस ने परिवर्तित मार्गों से डायवर्जन करना शुरू कर दिया है। जबकि हाइवे पर भी जल्द ही एक लेन कांवड़ियों के लिये रिजर्व हो जाएगी। अमरोहा जनपद से प्रतिवर्ष भारी संख्या में शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते हैं। इधर से तो शिवभक्त निजी वाहनों, बसों, ट्रैनों आदि के द्वारा हरिद्वार पहुंचते हैं मगर उधर से खड़ी कांवड़ लेकर आने वाले भक्त पैदल पैदल वापसी करते हैं। शनिवार को गजरौला धनौरा मार्ग व धनौरा से अमरोहा को जाने वाले मार्गों पर कांवड़ियों की काफी संख्या देखने को मिली। कांवड़ियों के जत्थों से बम भोले के उद्घोष वातावरण में गूंजते रहे। वहीं कांवड़िए भगवान शिव व माता पार्वती की बम्ब गाते हुए नजर आए। परम्परागत रूप से कांवड़िए बम्ब गाते हैं। वहीं कांवड़ियों की संख्या बढ़ते ही पुलिस प्रशासन ने भारी वाहनों को परिवर्तित मार्गों से चलाना प्रारंभ कर दिया है। हाइवे पर भी एक लेन कांवड़ियों के लिये रिजर्व रहेगी। सीओ श्वेताभ भास्कर व प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने कांवड़ मार्गों का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**■ सेवा शिविरों में कांवड़ियों के विश्राम की व्यवस्था**



### कांवरियों की सेवा के लिए शिविर तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला**। कांवड़ियों की सेवा के लिये धनौरा मार्ग व हाइवे पर सेवा शिविर बनकर तैयार हो गए हैं। रविवार की सुबह से शिविरों में कांवड़ियों के विश्राम आदि का सिल. सिला शुरू हो जाएगा। सेवा शिविरों में कांवड़ियों के लिये भोजन व दवा आदि का इंतजाम भी रहेगा।



■ अमरोहा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर वधु को आशीर्वाद देते ईओ डा. ब्रजेश कुमार।

## 171 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 171 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। नारायण स्वरूप दया आईटीआई नारंगपुर में सामुहिक विवाह समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें 171 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें 76 जोडे हिन्दू व 75 जोड़े मुस्लिम के रहे। अमरोहा ब्लाक के 67 जोड़ो में 27 हिन्दू व 40 मुस्लिम, ब्लाक जोया में 66 जोड़ों में 36 हिन्दू व तीस मुस्लिम रहे। जबकि नगर पालिका अमरोहा में तीस जोड़ों में 15 हिन्दू व 15 मुस्लिम रहे। नगर पंचायत के तीन जोड़ों में दो हिन्दू व एक जोड़ा मुस्लिम रहा। नगर पंचायत नौगांवा सादात में पांच जोड़ों में तीन हिन्दू व दो मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नगर पालिका अमरोहा के ईओ डा. ब्रजेश कुमार मौजूद रहे।

## पालिका में गूंजे जयकारे, भंडारे का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाने वाले शिव भक्त कावड़ियों की सेवा के लिए नगर पालिका परिसर में भी शि. विर व भंडारे का आयोजन किया जा रहा हैं। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ भंडारे का शुभारंभ कर दिया। शिव भक्त कावड़ियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए नगरपालिका प्रशाशन पूरी तरह से सजग हैं। नगर पालिका में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद धनोरा कार्यालय में गत वर्षो की भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अगरवाल, ईओ अवधेश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, सभासद दुलीचंद गिहार, राजू बादशाह, गौरव धारीवाल व विकास चौधरी आदि मौजूद रहे।

## कार में तोड़फोड़ का आरोप लगा युवक को पीटा

### महिला समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कार में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते कुछ लोगों ने मोहल्ले के युवक की जमकर पिटाई की। भीड़ में शामिल किसी शख्स ने मारपीट से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले में महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक में उमेश चंद्र गौतम का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि 15 फरवरी की रात करीब 11 बजे मोहल्ले के रहने वाले वैभव शर्मा, नितांश शर्मा, पीयूष शर्मा और उनकी पत्नी ने कार का शीशा तोड़ने का आरोप लगाते हुए उनके बेटे विनोद गौतम की जमकर पिटाई की। इसके बाद कोतवाली पहुंचकर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही थी कि विनोद गौतम की बेरहमी से की गई पिटाई का वीडियो किसी ने सोश मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में विनोद गौतम के चेहरे से खून निकल रहा है तथा एक युवक उसके बाल खींचकर गाली–गलौज कर रहा है। वीडियो में अन्य लोगों की आवाज भी सुनाई दे रही है। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने वायरल वीडियो के आधार पर मामले में उमेश चंद्र गौतम की तहरीर पर वैभव शर्मा, नितांश शर्मा, पीयूष शर्मा और उनकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## रंजिश में दम्पति को लाठी डंडों से पीटा

### चार आरोपियों पर एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुरानी रंजिश में दंपति पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। दोनों की जमकर पिटाई की। बाद में आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर की है। यहां रहने वाले मोहम्मद शाहिद पेशे से किसान हैं, शुक्रवार दोपहर वह अपने घर के आगे बैठे हुए थे। आरा. ेप है कि उसी दौरान गांव के रहने सगे भाई आजिम व आसिफ ने उमरी और उस्मान के साथ मिलकर हमला कर दिया। गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडों से पीटने लगे, सिर में गंभीर चोट लगने से मोहम्मद शाहिद गंभीर घायल हो गए। आरोपियों ने शोर सुनकर बचाव में आई पत्नी शकीला की भी बेरहमी से पिटाई की और बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि घायल दंपति का मेडिकल कराया गया है। मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सगाई की दावत में मेहमानों को दौड़ाकर पीटा

### चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। सगाई की दावत में डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद के दौरान जमकर मारपीट हुई। मेहमानों को दौड़ाकर पीटा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात पर काबू पाया। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव खाता की है। यहां किसान महावीर सिंह का परिवार रहता है। 20 फरवरी की शाम उनके बेटे रविंद्र की सगाई की दावत गांव में ही संजीव कुमार के घर पर चल रही थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर गांव के ही अनुज की किसी बात को लेकर मेहमानों से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ते देख गांव के लोगों ने अनुज कुमार को घर से बाहर कर दिया। आरोप है कि अनुज परिजनों के साथ घर के बाहर खड़े होकर गाली–गलौज करने लगा। महावीर सिंह मेहमानों के साथ समझाने पहुंचे तो बीरबल, प्रदीप, अनुज और उत्तम ने उनके साथ लाठी–डंडों से मारपीट की। घटना में मेहमान डा. नौसेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह और सिद्धार्थ सिंह घायल हो गए। तीनों को गंभीर चोट लगी। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने मामले में महावीर सिंह की तहरीर पर बीरबल, प्रदीप, अनुज और उत्तम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## घर में घुसकर किसान की पत्नी को पीटा

### दो हमलावरों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। घर में घुसकर किसान की पत्नी के साथ मारपीट व छेड़छाड़ की। विरोध करने पर बेटे को जान से मारने की धमकी दी। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाला एक किसान शुक्रवार को किसी काम से बाहर गया हुआ था। घर में उसकी पत्नी और बच्चे थे। आरोप है कि किसान की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर गांव सैंतली के रहने वाला अंकित अपने साथी विशाल को लेकर घर में घुस आया। दोनों ने किसान की पत्नी के साथ मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं विरोध करने पर आरोपियों ने बेटे को जान से मारने की धमकी दी और चले गए। शाम में घर लौटे किसान को पत्नी ने सारा घटनाक्रम बता दिया। शनिवार को किसान ने मामले में कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने आरोपी अंकित व विशाल के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। बताया कि घटना की जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

## डीएम-एसपी ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने अधीनस्थों के साथ शनिवार को कांवड़ यात्रा मार्ग व प्रमुख शिवालयों का निरीक्षण किया और जनपद में प्रवेश करने वाले कांवड़ियों से उनकी खैरियत मालूम की।

सुरक्षित व शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पर्व व कांवड़ यात्रा संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल रहे हैं। जिले के दोनों बड़े अधिकारी दिन भर कांवड़ियों के आने जाने वाले मार्ग पर भी भृमण कर रहे हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक लगातार भ्रमण कर कांवड़ यात्रा पर नजर रखे हुए हैं। शनिवार को भी डीएम व एसपी ने नौगांवा से धनौरा होते हुए रसूलपुर पुलिस चौकी तक कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। रास्ते में पड़ने वाले सेवा शिविरों में आए कांवड़ियों से उनके हालचाल मालूम किए। अनुरोध किया गया कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से ही जाएं। सेवा शिविरों की व्यवस्था देखी गई। जर्जर तारों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा की भीड़ एकत्र न हो महिलाओं और पुरुषों की अलग लाइन बनाया जाए । आवश्यक जगह पर पुलिस तैनात रहे सीसीटीवी कैमरा संचा. लित रहे प्रकाश व्यवस्था ठीक हो जलाभिषेक करने में किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े शांतिपूर्ण जलाभिषेक और पूजन अर्चन सभी श्रद्धालुओं का हो जाए यह सुनिश्चित करें । जिलाधिकारी ने मार्गो का निरीक्षण कर एसडीएम नौगांवा और तहसीलदार धनौरा को मार्गो की साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था के बेहतर इंतजाम कराने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं देख लें शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए उनके ठहरने जलाभिषेक सहित अन्य श्रद्धालुओं से संबंधित कार्य को समय से रहते पूर्ण करा लिया जाए। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी नौगांवा सादात सुनीता सिंह, तहसीलदार मूसाराम सहित अन्य संबंधित अधिकारी और संबंधित क्षेत्र के थानाअध्यक्ष मौजूद रहे।



■ मंडी धनौरा। कांवड़ यात्रा के मार्गों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

## कार ने बाइक रौंदी अधेड़ की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सड़क दुर्घटना में घायल हुए अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा है। बिना कानूनी कार्यवाही गमगीन माहौल में परिजनों ने शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी 48 वर्षीय बजरू कमर खान पुत्र अनवर खान शुक्रवार की शाम को गजरौला निवासी शकील के साथ बाइक से हसनपुर नगर आ रहे थे। इस दौरान जैसे ही उनकी बाइक सिहाली जागीर के सामने पहुंची तो अचानक सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक सवार दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। वही कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को गजरौला नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल बजरू कमर खान को मुरादाबाद रेफर कर दिया। जहां शनिवार को उपचार के दौरान 48 वर्षीय बजरू कमर खान की मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। बिना कानूनी कार्यवाही परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परि. जनों ने बताया कि मृतक प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करते थे।

## बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं: महबूब

### पीडीए को दिलाएंगे उसका हक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि दबे कुचल, सोशितों को उनका अधिकार दिलाने वाले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का अपमान किसी कीमत बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

शनिवार को मोहल्ला वासुदेव कालोनी में पीडीए पर चर्चा के लिए चौपाल लगाय गयी। जिसमें श्री अली ने कहा कि देश का संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है। बाबा साहेब ने संविधान बनाकर दबे कुचले व सो. शित वर्ग को तरक्की का मौका दिया। नकारात्मक और प्रबुद्धवादी सोच पर पाबंदी लगायी। इसी से बौखलाये लोग समय समय पर बाबा साहेब का अपमान करते रहते हैं। पिछडे दलित व अल्पसंख्यक आज सोशित, वंचितों को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने के लिए प्रयासरत् है। आज संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। इसे बचाने की लड़ाई अखिलेश यादव लड़ रहे हैं। इस मोके पर वीरभान सिंह यादव शशिकांत गोयल, अंकित यादव, राजकुमार यादव, विमल यादव, संजीव यादव, चन्द्रशेखर आदि मौजूद रहे।




## हादसे में थाना प्रभारी रहरा अल्का चौधरी चोटिल

### गाय को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिला न्यायालय में मुल्जिम को पेश कर वापस लौट रहीं रहरा थानाध्यक्ष अलका चौधरी की कार हसनपुर मार्ग पर हादसे का शिकार हो गई। पिकअप से टकराने पर हुए हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि थानाध्यक्ष मामूली चोटिल हुईं। पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराकर उनका उपचार कराया। क्षतिग्रस्त कार को रजबपुर थाने में खड़ा कराया गया है।

हादसा शुक्रवार शाम रजबपुर थाना क्षेत्र में अतरासी–हसनपुर मार्ग पर हुआ। रहरा थानाध्यक्ष अलका चौधरी अपनी सरकारी कार से शुक्रवार दोपहर में एक मुल्जिम को अदालत में पेश करने आई थीं। यहां से वापस लौटते समय जब उनकी कार अतरासी–हसनपुर मार्ग पर पहुंची तो उनके आगे एक पिकअप चल रही थी। बताया जा रहा है कि पिकअप के आगे अचानक सड़क पार करता गोवंशीय पशु आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में पिकअप के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही थानाध्यक्ष की कार के चालक मनोज कुमार ने काफी स्टेयरिंग को नियंत्रित करने का प्रयास किया लेकिन इसके बावजूद कार पिकअप से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि थानाध्यक्ष अलका चौधरी भी मामूली घायल हो गईं। सूचना मिलते ही रजबपुर व हसनपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल थानाध्यक्ष को उपचार के लिए हसनपुर सीएचसी में भर्ती कराया। बाद में कार को थाने में लाकर खड़ा करा दिया। सीओ दीप कुमार पंत ने हादसे में रहरा थानाध्यक्ष के मामूली घायल होने की पुष्टि की है।

# बुखार से मासूम समेत दो लोगों की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बुखार के चलते दो मौत होने से गांव में हड़कंप मच गया। दो मौते होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है।

तहसील इलाके के गांव भदौरा में कपिल बाल्मिक के तीन वर्षीय बेटे कौशल बाल्मिक की मौत हो गई। जबकि 65 वर्षीय वृद्ध रेखा पत्नी उमराव की भी मौत हो गई। एक साथ हुई दो मौतों से गांव में दहशत का माहौल है। मृतक मासूम कौशल बाल्मिक 5 दिन से बुखार से पीड़ित था। परिजनों के द्वारा उसका इलाज हसनपुर के एक अस्पताल से चल रहा था लेकिन आराम नहीं मिलने पर परिजनों ने उसे मुरादाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं मृतक रेखा का उपचार हसनपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था। वह एक हफ्ते से बुखार से पीड़ित थी। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को वह ई-रिक्शा में बैठकर हसनपुर दवाई लेने के लिए जा रही थी। इस दौरान उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। बिना कानूनी कार्यवाही परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। दो मौते बुखार से होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है।

# रेखा के सीएम बनने पर वैश्य समाज में खुशी

## महिलाओं ने मिठाई बांट मनाया जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शनिवार को अग्रवाल सभा की पूर्व अध्यक्ष वैश्य समाज की जिला अध्यक्ष भाजपा की जिला महामंत्री कुसुम अग्रवाल के नेतृत्व में मां संतोषी मंदिर पर भाजपा महिला मोर्चा ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की सराहना की कहा उन्होंने नारी शक्ति को सम्मान दिया यह नारी सशक्तिकरण की जीत है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने समाज की बेटी महिला को सम्मान दिया है। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनाया जाना स्वागत योग्य निर्णय है। इससे सम्पूर्ण वैश्य व महिला समाज गौरवान्वित है। उन्होंने इसके लिए भाजपा के सिर्फ नेतृत्व के प्रति आभार जताया। अपराजिता क्लब की अध्यक्षा सोनिया अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर नहीं है जो कहती है वही करती है उन्होंने हमेशा नारी शक्ति को आगे बढ़ाया सम्मान दिया हैं। इस अवसर पर कुसुम सिंघल, पवन शर्मा, शशि, कृष्णा, राकेश, पूनम, सोनिया अग्रवाल, सरोज, ममता, अनीता, बबीता, ममता, लक्ष्मी, श्नद्धा, सावित्री, अंजू अनुपम, वैशाली, सरोज ममता, अलका, मीना अरोरा आदि मौजूद रही

# देश की उन्नति के लिए आगे आएं युवा




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। सरदार बेगम मेमोरियल पी.जी. कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का इंजीनियर डायरेक्टर दानिश खान एवं प्राचार्या डॉ. मलका निजामी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया इसके बाद शिविरार्थियों को हरी झंडी दिखाकर उनके कैंप कार्यालय कालखेड़ा के लिए रवाना किया। कॉलेज के डॉयरेक्टर दानिश खान ने स्वयं सेवक सेविकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं में समाज सेवा को जागृत करना है। साथ ही आपके अंदर राष्ट्र की प्रेम भावना का विकास भी होगा। प्राचार्या डॉ. मलका निजामी ने शिविरार्थियों को तन मन से काम करने का वचन दिलाया व मेहनत करके ग्राम वासियों को जागरूक करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कॉलेज के चेयरमैन हाजी शहजाद खान ने शिविरार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज युवाओं का देश है युवाओं को देश की उन्नति में आगे आना पड़ेगा राष्ट्रीय सेवा योजना ही एक ऐसा साधन है जो तुम्हें राष्ट्रीय प्रेम की भावना को जागृत कर तुम्हें सशक्त बनाती है इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर नसरे आलम एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# रैली निकाल स्वच्छता के प्रति किया जागरुक



## अमर सिंह कालेज में रासेयो शिविर आरम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। शनिवार को नगर के अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने स्वच्छता सेवा मिशन की रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता की प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय प्रबंधक अशोक सैनी ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता सुखी जीवन का आधार है और मन को प्रसन्नता देने वाला है। हमें स्वयं भी स्वच्छ रहकर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक सैनी, प्राचार्य डॉ अशोक कटारिया, कार्यक्रम अधिकारी मुशर्रफ खा, रूपा चौधरी, निसार अहमद, चंद्रमोहन, राजाराम, जितेंद्र धनवान, विजयपाल सैनी, समरपाल सैनी, निशिन सैनी आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करें

## डीएम-एसपी ने सुनी शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के दौरान नौगावां सादात थाने में शिकायतें सुनीं। अधीनस्थों को निस्तारण का निर्देश देते हुए लाप. रवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया।

शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस-प्रशास. निक अधिकारियों ने जनशिकायतें सुनते हुए निस्तारण किया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने नौगावां सादात थाने पहुंचकर जनशिकायतें सुनी तथा अधीनस्थों को मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जमीनी विवादों की शिकायतों को पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को बार-बार शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने गत थाना समाधान दिवस की निस्तारित शिकायतों की भी समीक्षा की एवं शिकायत रजिस्टर भी देखा। इस दौरान उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह, तहस. ीलदार लकी सिंह, नायब तहस. ीलदार व थाना अध्यक्ष मौजूद रहे।

# 51 हजार 58 परीक्षार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

## सोमवार से शुरु होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 24 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा केन्द्रों पर सिटिंग प्लान लगा दिया गया है।

बताते चलें कि सोमवार से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। जिसके लिए जिले में 71 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। डीआईओएस वीपी सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को नकलविहिन सम्पन्न कराने के आदेश दिये गये हैं। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 26 हजार 69 जबकि इंटरमीडिएट में 24 हजार 989 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। जनपद में 71 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जनपद को बोर्ड परीक्षा में चार जोन व 12 सैक्टरों में विभाजित कर चार जोनल मजिस्ट्रेट व 12 सैक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। परीक्षा केन्द्रों पर छह-छह हेतु 142 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। माध्यमिक शिक्षा विभाग से 2780 तथा शिक्षा विभाग से 1039 कुल 3819 कक्ष निरीक्षकों को तैनाती करते हुए क्यूआर कोड युक्त परिचयत पत्र निर्गत किये गये हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीटिंग प्लान भी लगा दिया गया है। परीक्षा केन्द्रों के गेट पर छात्र छात्राओं की तलाशी लेकर उन्हें प्रवेश दिया जायेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं।

## तंवर ने छात्रों की मौत पर दुख जताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने अमरोहा विधानसभा के गांव हसनपुर कलां में सड़क दुर्घटना में मरे तीन छात्रों शिव भाटी, अमित कुमार व शोभित की मौत पर उनके घर जाकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों से उनकी पूरी सहानुभूति है। इस मोके पर महेश खड़गवंशी, मनोज शर्मा, धर्मवीर सिंह, कल्लू नागर, विनेश, अजयपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, सोमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान के साथ रासेयो शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। शनिवार को नगर के वाई एमएस डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कॉलेज उपाध्यक्ष आसमा खातून, प्रबन्धक रियाज अहमद व प्राचार्य एके सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। सात दिवसीय शिविर के पहले दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रबंधक रियाज अहमद ने स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की। प्राचार्य डॉक्टर एके सिंह ने स्वयं सेवकों से कहा कि शिविर के दौरान एक परिवार के रूप में समाज सेवा व जनकल्याणकारी कार्य करते हुए लोगों को मैं नहीं आपका संदेश देंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ शीबा फरीदी, नाहिद परवीन, जयवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह,लुबना नूर, रुबीना, मलिक, अरीबा, आँचल, अनम, अंजलि, महकनाज, दीपिका, मनु चौधरी, मनु, कुलदीप, पिंकी, राधिका, शगुन, शारिक, शाने आलम, प्रिंस, नितिन, अनुभव, दिव्य प्रताप, अभिषेक, यशवीर, कुलदीप, गौतमबुद्ध, मनदीप आदि मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। स्कूल के वार्षिकोत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए अभिभावको एवं अतिथियों का मन मोह लिया। नाटकीय कार्यक्रमों से देश भक्ति के तराने भी सुनाये गये। बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया।

शनिवार को ग्राम शाहपुर कला में इंडियन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत ही शानदार रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां मौजूद भारी भीड़ को अपनी ओर आकर्षित किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देश के अमर शहीदों को याद किया। रंगा. रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने डांस भी किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने जहां कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि शिक्षित होना हर किसी के लिए जरूरी है। वही यह संदेश भी दिया कि आने वाले समय में वही वैज्ञानिक, अधिकारी, समाजसेवी एंव राजनेता बनकर देश की सेवा करेंगे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे ही आने वाले समय में देश का भविष्य है। बच्चों से आह्वान करते हुए कहा कि वह मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें। मोमिन कॉन्फ्रेंस के सूबे के सदर हसन आरिफ ने कहा कि तालीम के बिना इंसान इस दौर में अधूरा है। तालीम वह चराग है जो कुछ जलकर दूसरों को रोशन देती है। बच्चे मन लगाकर तालीम हासिल करें। कांग्रेस नेता तारिक मोहम्मद खान ने कहा स्कूल खोलकर बच्चों को तालीम दिलाने की शुरुआत जो सर सैयद अहमद खान ने की थी उम्मीद है कि नफीस चिश्ती उसे आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हाजी नफीस अहमद चिश्ती ने कहा विद्यालय द्वारा बच्चों की सेवा करने का उद्देश्य से तालीम दिलवाई जा रही है। विद्यालय में प्रशिक्षित टीचरों के द्वारा बच्चों को तालीम दी जा रही है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिला पंचायत सदस्य अनिसुर रहमान खां, चौधरी रामचंद्र सिंह गुर्जर, प्रधानाचार्य ललित कुमार, शाहनवाज अंसारी, महेंद्र सिंह आर्य, शोएब खान, छुनन्न भारती, नफीस बेगाना, नुसरत सैफी, अफसर अली खान, संजय सहदेव, सद्दाम सैफी, हाजी राजा चिश्ती, फिरोज चिश्ती, हमजा अली, मोहसिन खान, जावेद जरताब, हाजी वसीम, शोएब मंसूरी आदि मौजूद थे। निजामत शमशुल कमर द्वारा की गई।

# बुल्डोजर ने पकौड़ी विक्रेता की झोपड़ी गिराई

## आग लगने से हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली**। कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बुल्डोजर से पकौड़ी विक्रेता की झोपड़ी गिरा दी जिससे वहां आग लग गयी।

पुलिस व नगर पंचायत कर्मियों ने सामूहिक रूप से कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए अतिक्रमण को हटवाया। एक गरीब परिवार का पालन पोषण कर रहा जसवंत पकौड़ी वाले की दुकान भी गिरा दी। जिस दुकान में नीचे जल रही भट्टी दुकान में दुकान की झोपड़ी गिरने की वजह से आग लग गई। पीड़ित ने बताया कि हम दुकान हटा रहे थे अचानक आकर बुलडोजर ने आनन फानन में हमारी दुकान गिरा दी। जिससे भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने बताया कि मैं अपने परिवार का इस छोटी सी झोपड़ी डालकर दुकान में पकौड़ी बनाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। इस दौरान दुकानों के आगे लग रही टीन को हटाया गया। डॉक्टर क्लीनिक के बोर्ड को भी हटाया गया इस अवसर पर थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा नगर पंचायत कर्मचारी राजेंद्र सचिन राजेश अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# सांसद व विधायक ने दिया जोड़ों को आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मुख्यमंत्री साम. ुहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आयोजित सामुहिक विवाह समारोह में नगर पालिका

**■ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुआ 200 जोड़ों का विवाह**

गजरौला, धनौरा व बछरायूं व ब्लॉक गजरौला व धनौरा द्वारा प्रस्तावित 200 जोड़ों की शादी धूमधाम से हुई। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर व धनौरा विधायक राजीव तरारा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद भविष्य की कामना की। शनिवार को नगर के शिव इण्टर कॉलेज में आयोजित वैवाहिक समारोह में पालिकाओं व ब्लॉक द्वारा 233 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित था, जिनमें से 33 जोड़े नहीं आ पाए। 200 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति अनुसार धूमधाम से हुआ। मुख्य अतिथि सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर व विशिष्ट अतिथि विधायक राजीव तरारा ने जोड़ों पर पुष्पवर्षा करके उनको आशीर्वाद दिया। सांसद चौ. कंवर सिंह तंवर ने कहा कि आज केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार निर्धन व जरूरतमंद व्यक्ति की बेटी की शादी के लिये हर वक्त तैयार खड़ी है। उन्होंने इस योजना की प्रशंसा करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। विधायक राजीव तरारा ने जोड़ों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार अंतोदय तक विकास में जुटी है। अब गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति को अपनी बेटी की शादी की चिंता नहीं करनी है, क्योंकि केन्द्र व प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ पारूल सिसौदिया, खंड विकास अधिकारी अरूण कुमार, एडीओ राजवीर सिंह, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह, सुशील सिद्धू, निहार त्यागी, अंकुर नागर, सत्यपाल सिंह पाल, महेन्द्र सिंह तंवर समेत ब्लॉक व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# एकेके कालेज के प्रबंधक का स्वागत



## कारवाने खुलूस ने किया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सांस्कृतिक संस्था कारवाने खूलूस के संयोजन में शिक्षा के क्षेत्र में अमरोहा के कार्य शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने स्थानीय शिक्षण संस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां से पढ़ने वाले होनहारों ने हर दौर में अमरोहा का नाम रौशन किया।

शुक्रवार रात मोहल्ला मजापोता स्थित नवाब मंजिल में आयोजित कार्यक्रम एकेके इंटर कॉलेज का प्रबंधक नियुक्त होने पर समाजसेवी हाजी नासिर सिद्दीकी और उनकी समिति का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के उपाध्यक्ष पंडित भुवन अमरोवही ने नात पढ़कर की। पटियाला यूनिवर्सिटी पंजाब में उर्दू व फारसी विभाग के डीन रहे सेवानिवृत प्रोफेसर नाशिर नकवी ने कहा कि अमरोहा शहर में शिक्षा के क्षेत्र में एकेके इंटर कॉलेज और आईएम इंटर कॉलेज का विशेष योगदान है। एकेके इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. आदिल अब्बासी ने देश की उन्नति और दुनिया में अपनी अलग पहचान कायम करने के लिए नई पीढ़ी को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। संस्था के अध्यक्ष महबूब हुसैन जैदी ने कहा कि अगर कोई छात्र ऐसा है जो पैसों की कमी की वजह से शिक्षा हासिल नहीं कर पा रहा तो संस्था उसका साथ देने को तैयार है। आखिर में हाजी नासिर सिद्दीकी ने सभी का आभार जताया। अध्यक्षता शुजआत खान व संचालन प्रोफेसर नाशिर नकवी ने किया। इससे पूर्व नवनियुक्त प्रबंधक नासिर सिद्दीकी का शॉल पहनाकर माल्यार्पण किया गया और प्रतीक चिन्ह दिया गया। इस दौरान आईएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक वसीम हैदर नकवी, युनूस जैदी, हबीब अहमद सिद्दीकी, हाजी खुर्शीद अनवर, इकबाल अहमद, साबिर अली अब्बासी, डा.नुसरत, मंसूर अहमद सिद्दीकी, डा. मिस्बाह अहमद सिद्दीकी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित: सुनीता



## राज्य महिला आयोग की सदस्य का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। भाजपा सरकार में महिलाएं खुद को पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर रही हैं। महिला उत्पीड़न की घटनाएं पूरी तरह से समाप्त हो गई हैं। आज महिलाएं दिन हो या फिर रात पूरी निडरता के साथ घर से बाहर निकल सकती हैं।

नगर के एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी कार्यक्रम उपरांत परिवार के साथ निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी के आवास पर पहुँची। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने कार्यकर्ताओं संग राज्य महिला आयोग की सदस्य को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर सदस्य महिला आयोग सुनीता सैनी में बताया की योगी सरकार में महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित महसूस करती हैं। इस मौके पर डोली सैनी, वर्षा सैनी, नीरज देवी, जिला मंत्री महिला मोर्चा, पारुल, सौरभ सैनी मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, ललित कुमार ,सतवीर सिंह, संजीव, राजवीर सिंह ,मुन्नी देवी ,पूनम ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन पर प्रीति का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। शनिवार को संगठन के प्रदेशीय मंत्री और जे0 एस0 हिन्दू इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 जी0 पी0 सिंह ने कहा कि प्रीति चौधरी ने बहुत कम समय मे बहुत से क्रियात्मक और रचनात्मक कार्य किये हैं। शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर आपका प्रदेश के सर्वोच्च सम्मान, राज्यपाल पुरस्कार के लिए आपका चयन हुआ है। आप बधाई की पात्र हैं। इससे जनपद अमरोहा का नाम रोशन हुआ है। बहुत कम समय मे प्रीति चौधरी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रीति ने मतदाता जागरूकता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उपचारात्मक शिक्षण, खान अकेडमी, मिशन शक्ति जैसे महत्वपूर्ण अभियान में कार्य किये हैं। टी एल एम गणित में राज्य स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इनकी गजल और कविताओं की दो पुस्तकें भी प्रका. शित हो चुकी हैं। कुशल मंच संचालक हैं। संघ के जिलाध्यक्ष और सिख इण्टर कॉलेज नारंगपुर के प्रधानाचार्य गुरनाम सिंह ने कहा कि प्रीति चौधरी ने अपने कार्यों के आधार पर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। अपने साथ साथ हम सब का भी गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतुल शर्मा, जिला महामंत्री बालक राम तथा जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह मौजूद रहे।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे आधा दर्जन से अधिक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। गाली गलौज से शुरु हुआ ।

विवाद मारपीट व पथराव तक पहुंच गया। दोनों और से हुई मारपीट व पथराव में दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव तिगरा में एक ही परिवार के दो पक्षों में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष के रोहन और दूसरे पक्ष के चिरौंजी के परिवार के लोगों की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद मामला गाली गलौज तक पहुंच गया। उसके बाद दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले। कुछ लोगों ने छत पर चढ़कर पथराव भी किया।

इसमें दोनों पक्षों के राहुल, पंचम, चन्द्रपाल, रामपाल, संजय, भूपेन्द्र, विमल और कमलेश घायल हो गए। गांव में पथराव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस घायलों को अस्पताल ले गई। कोतवाल के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# लैब टैक्नीशियन एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी गठित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन का द्विवार्षिक मीटिंग आयोजित की गई जहां जिला इकाई का सर्वसम्मति से संघ का गठन किया गया।

उत्तर प्रदेश लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन की जनपदीय बैठक शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज में शैलेश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें लैब टेक्नीशियन की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही 4200 पे ग्रेड पद नाम परिवर्तन आदि की मांग उठाई गई। बैठक में लैब एसोसिएशन ने वार्ता कर अपने अपने विचार व्यक्त किए। उसके बाद लैब संघ के पदाधिकारी को नियुक्त किया गया। दीपेश कुमार को जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार पटेल, उपाध्यक्ष श्वेता वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय चौधरी,सत्येंद्र यादव को संरक्षक बनाया गया। जिला कार्यकारिणी का गठन कर जनपद में लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करने हेतु दृढ़ निश्चय के साथ जिला टीम का गठन किया गया है। इस अवसर पर लैब टैक्नीशियन एसोसिएशन के सदस्य राहुल कुमार, मंजू राजपूत, संजय सिंह, सुनील कुमार, वाहिद खान, नौमान, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्र पंचायत बैठक में समाज सेवी आशीष कुमार गर्ग को ब्लॉक प्रमुख ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** बीते शनिवार को ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण सागर की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों , ग्राम प्रधानों व जिला पंचायत सदस्यों की बैठक बुलाई गई । इस बैठक में विकास खंड अधिकारी ज्योति शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हिमांशु कुमार , खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सुख गंग. वार , बाल विकास परियोजना कार्यालय से पहुंचीं मुख्य सेविका विमला देवी , सहायक विकास अधिकारी लोकमन सिंह , ए डी ओ आई एस बी भूपेंद्र सिंह , सचिव गजेंद्र पाल सिंह , कपिल गौतम , बीनेश कुमार ने सहभागिता की । इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष ओमकृष्ण सागर व विकास खंड अधिकारी ने क्षेत्रीय विधायक माननीय आशुतोष मौर्य व क्षेत्रीय पूर्व विधायक स्वर्गीय योगेन्द्र कुमार ग्रेग उर्फ कुन्नू बाबू के बेटे व समाज सेवी आशीष कुमार गर्ग को उपहार देकर सम्मानित किया । इस बैठक में ब्लॉक प्रमुख ने अधिकारियों व पदेन सदस्यों से विकास कार्य में तेजी लाने की चर्चा की । इस बैठक स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हिमांशु कुमार ने सेहत महकमें से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए । खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सुख गंग. वार ने शिक्षा जगत से संबंधित अनेक सुझाव दिए । इस बैठक में ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह , उदयवीर भारती , सर्वेश यादव , भानु प्रकाश सिंह , क्षेत्र पंचायत सदस्य शिशु पाल सिंह , समरजीत सिंह , आसफपुर जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह आदि सम्मानित जनप्रतिनिधियों ने इस बैठक में प्रतिभाग लिया । इस बैठक के अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख माननीय ओम कृष्ण सागर ने बताया कि जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों की इस महत्वपूर्ण बैठक में तहसील स्तरीय अधिकारी नहीं पहुंच सके । यहां गौरतलब है कि इस त्रिस्तरीय बैठक में अधिकांश सम्माननीय ग्राम प्रधान , क्षेत्र पंचायत सदस्य अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज नहीं करा सके व कई क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों सहित जिला पंचायत सदस्यों का प्रतिनिधित्व उनके पति , भाई व पिता व परिवार के नजदीकी व सगे संबंधियों ने किया ।

ब्लॉक प्रमुख माननीय ओम कृष्ण सागर ने बताया कि बैठक में जो क्षेत्र पंचायत सदस्य , ग्राम प्रधान , जिला पंचायत सदस्य प्रत्यक्ष सहभागिता नहीं करते उनको मानदेय भत्ता नहीं मिलता है । यह जानकारी बैठक के अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख माननीय ओम कृष्ण सागर ने दी ।

# महिला अस्पताल का डिप्टी कमिश्नर ने किया निरीक्षण

## प्रेरणा कैंटीन की साफ सफाई भोजन व्यवस्था बेहतर ,डिप्टी कमिश्नर ने की प्रशंसा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के लिए डिप्टी कमिश्नर ने अस्पताल का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं को परखा और खामियों को सुधारने के लिए दिशा निर्देश दिए । महिला अस्पताल का शनिवार को डिप्टी कमिश्नर प्रदीप कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं बहाल करने के लिए कहा और दवाओं की अनुपलब्धता स्वच्छता संबंधी समस्याओं को बेहतर बनाने को कहा निरीक्षण के दौरान ओपीडी लेबर रूम ओटी एसएनसीयू पैथोलॉजी लैब विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।अस्पताल में सारी सुविधाओं को बहाल करने के लिए कहा गया और मरीजों के तीमारदारों से भी बातचीत की मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर डाक्टरों को दिशा निर्देश दिए डिप्टी कमिश्नर ने कहा अस्पताल की साफ सफाई नियमित रूप से होना चाहिए और आम लोगों को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।डिप्टी कमिश्नर ने प्रेरणा कैंटीन का निरीक्षण किया उन्होंने कैंटीन संचालक से बातचीत करते हुए कहा मरीजों और तीमारदारों को मिलने वाला नाश्ता भोजन में क्या क्या मिलता है। जिसमें संचालक ने बताया सुबह के नाश्ता में दूध, पोहा दोपहर और शाम के भोजन में रोटी,सब्जी, चावल, सलाद आदि मरीजों को दिया जाता है उन्हें कैंटीन में साफ सफाई की व्यवस्थाएं चौक चौबंद मिली। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ इंदुकांत वर्मा, सीएमओ डॉ रामेश्वर मिश्रा, क्वालिटी मैनेजर अरविंद वर्मा, रोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सिद्ध बाबा इंटर कालेज बदायूं में बोर्ड परीक्षा की तैयारी हुई पूर्ण





अपना अपना अनुक्रमांक सीट देखती छात्रा

■ बोर्ड परीक्षा की तैयारी हुई पूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उघैती क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में सोमवार से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा 2025 की सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण हो गयी हैं। परीक्षा प्रभारी राज. कुमार शर्मा के अनुसार इस परीक्षा केंद्र पर हाईस्कूल परीक्षा के 563 व इंटरमीडिएट परीक्षा के 409 छात्र परीक्षा देंगे।केंद्र व्यवस्थापक डॉ नरेश चन्द गुप्ता का कहना हैं परीक्षा शासन की मंशानुसार नकलविहीन कराये जाएगी।

## सामाजिक विज्ञान विषय में कैसे लाये अच्छे अंक

**राजीव सक्सेना, शाह टाइम्स**

**नरैनी।** यूपी बोर्ड के छात्र-छात्राओं को सामाजिक विज्ञान का पेपर हल करने में समय लग जाता है।

जिन परीक्षार्थियों के लिखने की गति धीमी होती है, उनसे कई प्रश्न छूट जाते हैं सामा. जिक विज्ञान के पेपर में मानचित्र को हल करना अधिकतर छात्रों को कठिन लगता है। ऐसे छात्र अधिक अंक लाने के लिए क्या कर सकते हैं और उन्हें किस प्रकार की तैयारी करनी चाहिए। इन सभी जिज्ञासाओं को शिक्षकों ने टिप्स दिए हैं।



राजकुमार शर्मा



**महत्व पूर्ण अध्यायों का विशेष अध्ययन करे:** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में सामाजिक विज्ञान की शिक्षक राज. कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को टिप्स देते हुए कहा। सामाजिक विज्ञान के पेपर महत्वपूर्ण अध्यायों में आप भारत व यूरोप का राष्ट्रवाद, लोकतंत्र व सत्ता की साझेदारी, भूगोल में कृषि, संसाधनों का विकास आदि का विशेष अध्ययन करें। याद करने का सबसे बेहतर तरीका है कि आपने जो पढ़ा है उसे तीन बार लिखिए। मैप का अधिक से अधिक अभ्यास करें।

**प्रश्नपत्र को क्रमवद्व हल करें:** मदन लाल इंटर कालेज बिसौली में सामाजिक विषय के सहायक अध्यापक प्रभात कुमार दुबे ने बताया की परीक्षार्थी सामाजिक विज्ञान के पेपर में अधिक अंक हासिल करने के लिए क्रमबद्ध उत्तर दें। पेपर के दो खंड होते हैं। ध्यान से पूरा पेपर पढ़े ,फिर जवाब दीजिए।-किताब में जो मैप दिए हैं, उनकी तैयारी करें। स्थान व अन्य कुछ भी दर्शाने के लिए अलग-अलग चिह्नों का प्रयोग करें।



# स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम और कस्तूरबा गांधी की मनाई पुण्यतिथि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 22 फरवरी 2025 कांग्रेसियों ने शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम और कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि मनाई। प्राइवेट बस स्टेंड स्थित कैम्प कार्यालय पर दोनों की चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में प्रदेश कांग्रेस के सचिव जितेंद्र कश्यप रहे ।जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि कांग्रेसियों ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्हीं के दिखाए मार्ग पर पार्टी आज भी चल रही है। उन्होंने कहा कि बापू के साथ कस्तूरबा गांधी ने कदम से कदम मिलाकर देश के स्वाधीनता आंदोलन में सहयोग किया। साथ ही देश के पहले शिक्षा मंत्री रहे बोलो ना अब्दुल कलाम आजाद ने ने स्वतंत्रता आंदोलन में आगे बढ़कर अपना योगदान दिया । इस अवसर पर जितेंद्र कश्यप ने कहा इनके कार्यों के देश भूल नहीं सकता है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ने दोनों महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए कहा कि हम अपने पूर्वजों के ऋण उनके सिद्धांतों पर चलकर ही उतार सकते हैं और हमको यह करना ही चाहिए। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी सचिव वीर पाल सिंह यादव ,अवधेश श्रीवास्तव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उझानी के अध्यक्ष लोकेश पंडित, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सलारपुर के अध्यक्ष मोरध्वज राजप. ूत नरेंद्र कुमार प्रितपाल, सरवर हुसैन, नसीम अहमद, दिनेश गौड़ ,शराफत हुसैन, हसन मियां साजिद अली आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बदायूं में डीएम ने किया बोर्ड परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शांति स्वरूप गौतम यादव मेमोरियल इंटर कॉलेज जरीफनगर जोकि बोर्ड परीक्षा का परीक्षा केंद्र बनाया गया है ।

वहां सीसीटीवी सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का मुआयना किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जरीफनगर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों का सत्यापन किया।

उन्होंने ग्राम में योजना की लाभार्थी दीपाली पत्नी जसपाल से वार्ता भी की। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम दातागंज ने सुनी थाना दिवस में जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसहैत ।** स्थानीय कस्बे के थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में दातागंज के उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने जनसमस्याओं को सुना और क्षेत्रीय लेखपालों व कानूनगो भगवान दास एवं थाना प्रभारी विक्रम सिंह को जन समस्याओं को अतिशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया इसके बाद उपजिलाधिकारी ने कई विद्यालयों का भी निरीक्षण किया उपजिलाधिकारी करीब 11 बजे थाना उसहैत पहुंचे और वहां उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी और शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया।उसके बाद क्षेत्र के विद्यालयों को भी देखा।

थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि अधिकांश समस्याओं का तत्काल निराकरण करा दिया गया लेकिन छ:समस्याओं को सम्बन्धित लेखपालों को सौंपा गया जो पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर समस्याओं का हल करवाएंगे और लिखित में सूचित करेंगे।

## एक नजर

### 24 फरवरी को क्षय रोगियों को गोद लेने हेतु कार्यक्रम होगा आयोजित

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव के निर्देशों के क्रम मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया है कि टीबी मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत बदायूँ क्लब बदायूँ में 24 फरवरी 2025 समय प्रात: 11:00 बजे से मा0 केन्द्रीय राज्य मंत्री बी०एल० वर्मा द्वारा क्षय रोगियों को गोद लेने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### डीएम की अध्यक्षता में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने थाना जरीफनगर में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने थाना जरीफनगर का निरीक्षण किया। नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। चौकीदारों को टिफिन वितरित किए। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने थाना जरीफनगर के निरीक्षण के दौरान वहां विभिन्न पटलों के कार्यों को देखा। मालखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न ग्रामों के चौकीदारों को टिफिन का वितरण किया ।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**Notice**
This is to be notify that earlier my name was Dalchander which I have changed to Dalchandra Maurya, I will use my name as Dalchandra Maurya in all future purposes. **Dalchandra Maurya S/o Ram Lal R/o Ram Nath Colony, Badaun.**

**Notice**
This is to be notify that earlier my name was Mohit Kumar Gupta which I have changed to Mohit Kumar Maheshwari. I will use my name as Mohit Kumar Maheshwari in all future purposes. **Mohit Kumar Maheshwari S/o Daya Shanker Gupta R/o 304, Brahampur, Badaun.**

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में निपुण बच्चों को किया गया पुरस्कृत



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मुजरिया।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कोल्हाई पर आयोजित शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने मिलकर ब्लॉक के निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चेष उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विक्रांत यादव ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि,खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह,डायट उप प्राचार्य राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी वरिष्ठ नेता विक्रांत यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए शिक्षा का विशेष महत्व है ,समाज में शिक्षा के क्षेत्र में शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को बताते हुए जिम्मेदार अभिभावकों से बालिकाओं की पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की। खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार ने विद्यालयों में कायाकल्प के कार्यों को पंचायत स्तर से कराने की बात कही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने निपुण बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षकों और आंगनवाड़ी वर्कर को निपुण दक्षता पर कार्य करने के निर्देश दिए। डायट उप प्राचार्य राक. ेश कुमार,डायट मेंटर दिलीप कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी ओ पी विमल,ने कार्यक्रम को संबोधित कर कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। ए आर पी ओमप्रकाश,राजन यादव,जमील अहमद,सोमेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की महत्ता को बताते हुए प्री प्राइमरी शिक्षा, बाल वाटिका की जानकारी दी। ब्लॉक के 60 निपुण बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम ने अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक के नोडल संकुल शिक्षक,प्रत्येक न्याय पंचायत से पहुंचे निपुण बच्चे,आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बरेली।**
कार्यालय का पता :-विकास भवन, बरेली।
(ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस)
पत्रांक :- 2008 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा / 2024-26 / दिनांक 17.02.2025
महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :-
1. तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण :-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | ग्राम रत्ला नन्दपुर में लईक अहमद के घर से श्यामाचरण के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0-नवाबगंज) | 20.295 | 40600.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 02 | बरेली | राजकीय आई0टी0आई0 कलेक्टरबकगंज बरेली की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। (नगर क्षेत्र) | 39.820 | 79700.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 03 | बरेली | राजकीय आई0टी0आई0 विश्व बैंक महिला बरेली की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण एवं मरम्मत कार्य। (नगर क्षेत्र) | 27.442 | 54900.00 | 2354.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 25-02-2025
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 24-03-2025 मध्याहन 12.00 बजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय - दिनांक 24-03-2025, अपरान्ह 12.30 बजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई टी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।
अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।
नोट :- उपरोक्त समस्त निविदा बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।
(निगम कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से
UPID-229435, DATE-19/02/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

# बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय बदायूँ के समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं (मेरी बेटी-मेरा अभिमान) के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ असिस्टेंट प्रोफेसर सरला देवी चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र के संयोजन एवं निर्देशन में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रोफेसर सरला देवी चक्रवर्ती ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ भारत सरकार की प्रमुख योजनाओ में से है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण करना है, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है, बल्कि बेटियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना भी है । डॉ इति अधिकारी ने बताया कि आज के दौर में बेटियां खेल, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का नाम रोशन कर रहीं है । देश की बेटियां आज हरेक क्षेत्र में आत्मविश्वास से आगे बढ़कर विक. सित भारत की नींव रख रही है। डॉ शुभी भाषीन ने छात्राओं को घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी। डॉ प्रीती वर्मा ने कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में बताया। इस अवसर पर छात्राओं में अनामिका भारती, प्रियंका साहू, अंशिका वर्मा, वैष्णवी, रेखा साहू आदि छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजिका प्रोफेसर सरला देवी चक्रवर्ती ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ इति अधिकारी ने किया।

# महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस और प्रशासन हुआ पूरी तरह अलर्ट

■ मंडलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने महाशिवरात्रि के दृष्टिगत आंवला स्थित गौरी शंकर मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ महाशिवरात्रि के पर्व को शांतिपूर्ण व सुरक्षित रूप से संपन्न कराए जाने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा महाशिवरात्रि के दृष्टिगत संयुक्त रूप से तहसील आवंला के थाना सिरौली स्थित गौरी शंकर मंदिर गुलड़िया उपराला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर समस्त अधिकारियों द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना भी की गयी। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में उपस्थित स्थानीय लोगों से बैठक कर महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत मंदिर परिसर व आस-पास क्षेत्र में की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गयी। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि यहां पर महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व तथा दो दिन बाद तक लोग दर्शन पूजन करने आते रहते हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आंवला व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मंदिर में विद्युत व्यवस्था, मोबाइल टायलेट और समय-समय एनाउन्समेंट आदि की व्यवस्था की जाए। मेला कमेटी को निर्देश दिए गए कि मेला परिसर में जो भी झूले आदि लगाए जाएं सुरक्षा मानकों को विशेष ध्यान रखते हुए लगाया जाएं। पूजा में जो भी चढ़ावा चढ़ता है उसे उचित स्थान पर डिस्पोज किया जाए।

इस अवसर पर निर्देश दिए गए कि गर्मी के दृष्टिगत मंदिर परिसर में टिन शेड लगवाया जाए, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति बैठ सकें। मंदिर परिसर में पुलिस व प्रशासन के उन्हीं व्यक्तियों की ड्यूटी लगायी जाए जो विगत वर्ष ड्यूटी कर चुके हैं। मंदिर में चढ़ने के लिए जो दूध कई बिक्री हों वह उच्च गुणवत्ता का हो, इसका भी ध्यान रखा जाये, निर्देश दिये गये कि सीसीटीवी कैमरों से लगातार मॉनिटरिंग की जाए और उसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाये।

निरीक्षण के समय महाशिवरात्रि के पर्व को शांतिपूर्ण व सुरक्षित रूप से संपन्न कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। महाशिव. रात्रि के अवसर पर मंदिरों पर भीड़ को व्यवस्थित करने हेतु बैरिकेटिंग आदि कराने के निर्देश दिए गए, जिससे दर्शन करने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। महाशिवरात्रि के पर्व पर कोई नई परम्परा न डाली जाए और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आंवला नहने राम, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# युवती की संदिग्ध हालात में मौत पुलिस ने पीएम को भेजा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बा निवासी युवती की बरेली के अस्पताल में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामला प्रेमनगर कोतवाली के राजेंद्र नगर का है।

फतेहगंज पश्चिमी की युवती राजेंद्र नगर में जॉकी ऑफिस में नौकरी करने जाती थी।शुक्रवार शाम को वही किसी ने उसके साथ मारपीट कर उसे जहरीला पदार्थ दिया है।हालत बिगड़ने की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे शहर के एक अस्पताल ले गए थे। जहां उसने दम तोड दिया था।परिजन उसके शब को फतेहगंज पश्चिमी कस्बा में मौजूद अपने घर ले आए।सुबह को ऑफिस की सीसी टीवी कैमरे फुटेज देखकर हत्या की आशंका के चलते शनिवार को स्थानीय पुलिस को सूचना दी।स्थानीय पुलिस ने घटना थाना प्रेमनगर की बताई।तव युवती के भाई शिवा गुप्ता की तहरीर पर थाना प्रेमनगर पुलिस ने हत्या की आशंका की तहरीर पर शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।





जानकारी के मुताबिक स्थानीय कस्बा के मोहल्ला माली वार्ड 3 निवासी शिवा गुप्ता ने बताया उनकी 20 वर्षीय वहन सुहानी उर्फ मानसी गुप्ता बरेली शहर की कोतवाली प्रेमनगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर में मौजूद जॉकी ऑफिस में नौकरी करने जाती थी।शुक्रवार को भीं रोज की तरह ऑफिस गई थी।दोपहर के बाद करीब दो बजे उनके पास मानसी की तबियत खराब होने की सूचना पर वह परिजनों के साथ ऑफिस पहुंच गए।बेसुध हालत में परिजनों ने मानसी को शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया।जहां देर रात इलाज के दौरान मानसी की मौत हो गई।परिजन रात में ही शब को घर ले आए।सुबह शनिवार को उन्हे किसी ने एक वीडियो भेजी।जिसमे एक हेलमेट लगाए हुए पीली जर्सी और काली पैंट पहनें हुआ युवक मानसी के साथ मारपीट करते नजर आ रहा है। जहर देने की आशंका भी व्यक्त हो रही है।वीडियो देखकर शिवा गुप्ता ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी और चौकी प्रभारी बलवीर सिंह ने मामला कोतवाली प्रेमनगर का बताकर उन्हें प्रेमनगर कोतवाली भेज दिया। जहां शिवा गुप्ता ने हत्या की आशंका की तहरीर दी है।जिस पर पुलिस ने शब को पोस्टमार्टम को भेजा है।

## एक नजर

# पशुधन मंत्री की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** शनिवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा आंवला के अन्तर्गत विकासखण्ड रामनगर में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई।

**केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं पर की चर्चा**

पशुधन मंत्री ने ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की, और कहा कि आंवला का गौरव बढ़ाते हुए, आंवला के हर क्षेत्र, हर वर्ग का विकास भाजपा की प्राथमिकता है। बैठक में पशुधन मंत्री ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से अस्पताल हो रहा है संचालितः धरमा देवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पंचायत फरीदपुर की चेयरमैन धरमा देवी ने कहा है कि वह नगरवासियो को अवगत कराना चाहती हैं कि बहेड़ी विधायक ने नगर पंचायत के दो मुद्दे विधानसभा में उठाए हैं। वह दो मुद्दे सरकारी अस्पताल व आई.टी.आई. कालेज का है। पीलीभीत लोकसभा के सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमन्त्री जितिन प्रसाद के प्रयास से अस्पताल पूर्ण रूप से संचालित हो चुका है। प्रतिदिन मरीजो को देखकर डॉक्टर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

**आईटीआई कॉलेज के लिये भी केंद्रीय मंत्री द्वारा राशि उपलब्ध कराने की कही बात**

उन्होंने कहा कि दूसरा मुद्दा आईटीआई कालेज का निर्माण कार्य सपा सरकार से अधूरा पड़ा है जिसको पूरा कराने के लिए मन्त्री जी ने आई. ई. एस. संस्था को धनराशि उपलब्ध करवा दी है। जन्द ही निर्माण कार्य पूरा कराकर जुलाई से क्लासेस शुरू करा दी जाएगी। इसके साथ ही मन्त्री जी ने क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए बहेड़ी में एक और आई. टी. आई. कालेज की स्वीकृति प्रदान करवा दी है। मन्त्री जी ने बहेड़ी विधानसभा पी. डवलू. डी. प्रान्तीय खण्ड बरेली 53 सड़ध्के स्वीकृत कराई हैं जिनका निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पिकअप गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सबार 3 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बरेली भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नवीस कुमार ,विकास कुमार निवासी सिंह की गोंटिया थाना बहेड़ी व शिवम कुमार निवासी कनकपुरी थाना शीशगढ़ तीनों लोग एक बाइक पर सबार होकर दुनका की तरफ से शीशगढ़ की तरफ आ रहे थे।कि शुक्रवार देर रात शीशगढ़ धनेटा मार्ग पर गांव जाफरपुर के पास शीशगढ़ की तरफ से जा रही पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनो लोग गम्भीर घायल हो गए और बाइक भी छतिग्रस्त हो गई। पिकअप चालक पिक अप छोड़ मौका देखकर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# धमकी देने वाले हजियापुर के छह युवकों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** हजियापुर में होली पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी कर रहे लोगों पर दूसरे समुदाय के युवकों ने हमला कर दिया और धमकी दी कि अगर इस बार होली मनाई तो लाशें बिछा दी जाएंगी। मामला दो समुदायों के बीच का होने के कारण मोहल्ले में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। थाना बारादरी पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



हजियापुर, जोगी नवादा, चकमहमूद में मिश्रित आबादी होने के कारण संवेदनशील श्रेणी में आते हैं। सावन के महीने में जोगी नवादा में कई बार बवाल हुआ था। पुलिस को हालात काबू करने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा था। हजियापुर निवासी लक्ष्मण, मुन्ना, शनि और आकाश शुक्रवार शाम के समय होली पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना बना रहे थे।

आरोप है कि तभी मोहल्ले के अयान, सलमान, अमन, रेहान, भूरा, आलम समेत कई अन्य लोगों ने हमला बोल दिया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी कि होली पर कार्यक्रमों का आयोजन करने पर लाशें बिछा दी जाएंगी। मारपीट में लक्ष्मण, मुन्ना और आकाश को चोटें आईं। लक्ष्मण पक्ष के लोगों का कहना है कि दूसरे पक्ष के लोग होली से पहले माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। थाना बारादरी पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शाद अख्तर को अमेरिका की कम्पनी में मिला प्लेसमेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मैंगलौर में एनआईटी कॉलेज में अध्ययनरत छात्र शाद को अमेरिका की मल्टीनेशनल कम्पनी में प्लेसमेंट मिला है। उसको प्लेसमेंट मिलने पर घर में खुशी का माहौल है, और उन्होंने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।



बकिया में जिला पूर्ति अधिकारी के पद पर तैनात यहां के रहने वाले नसीम अख्तर बलिया का बड़ा बेटे शाद अख्तर मैंगलौर के सूरजमल कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ब्रांच का फाइनल ईयर में अमेरिका की मल्टीनेशनल कंपनी में 12 लाख सालाना के पैकेज पर प्लेसमेंट मिल गया है। शुरू से ही होनहार रहे उसने इंटर डीपीएस लखनऊ से टॉप किया था। बीटेक एआई का पहला बैच इस साल निकलेगा। उनका दूसरा पुत्र अमान अख्तर तमिलनाडु के वेंलौर से बीआईटी ब्रांच से बीटेक कर रहा है।

# मुंडिया टोल वैध या या अवैध, जांच शुरू

■ नितिन गडकरी के बयान को ठेंगा दिखा रहे हैं स्टेट हाईवे अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बयान हैं कि 60 किलोमीटर की कम दूरी पर कोई टोल लगा है तो उसे हटाया जाएगा, उनके इस बयान को उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी कतई नहीं मानते, और नैनीताल रोड पर भोजीपुरा और मुंडिया मुकर्रमपुर में टोल 60 किलोमीटर से कम दूरी पर लगे हैं।

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संसद चलने के दौरान भीतर कहा था कि 60 किलोमीटर की दूरी पर लगे टोल सब अवैध हैं उन्हें हटाया जाएगा। लेकिन स्टेट हाईवे के अफसर उनके इस आदेश को नहीं मानते, और वह यह कहकर अफसरों और लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि बरेली से किच्छा जाने पर भोजीपुरा और मुंडिया मुकर्रमपुर दोनों जगह की बजाय वह एक ही टोल ले रहे हैं।

,हल्द्वानी की तरफ से बरेली आने जाने वालों के लिए तो यह तर्क सही है, पर जबकि दोनों टोल प्लाजा के बीच की दूरी लगभग 52 किलोमीटर है। लेकिन बहेड़ी से किच्छा मात्र 15 किलोमीटर दूर जाने पर टोल रोड की मात्र 9 किलोमीटर की दूरी है, और 9 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद उत्तराखंड की सड़क आ जाती है। मतलब की 9 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए बहेड़ी वालों को आने-जाने का पूरा 170 रुपये का टोल देना पड़ता है। किच्छा तक कभी कभार जाने वालों के लिए यह टोल बहुत भारी पड़ रहा है। इसीलिए यहां के लोग मुंडिया टोल नाके से बहुत तंग है। और इसी वजह से यहां के लोग टोल हटाने की मांग कर रहे हैं। यहां बता दें कि जब यह फोरलेन बना था तब मुंडिया मुकर्रमपुर पर कोई टोल नहीं बना था। उसके कई साल बाद टोल बनाया गया है।

रिछा राइस मिलर्स की मांग पर मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव और एक आईएएस की टीम इस टोल की जांच करेंगे। इससे पहले डीएम ने इसकी जांच कर टोल को अवैध बताते हुए हटाने के लिए लखनऊ अफसरों को पत्र भेजा था, लेकिन सड़क परिवहन विभाग के लोगों ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

# डीएम व एसएसपी ने महाशिवरात्रि को लेकर फरीदपुर महादेव मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ स्थानीय लोगों से की वार्ता, महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के साथ आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत थाना फरीदपुर के ग्राम पचौमी स्थित महादेव मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना भी की गयी और महाशिवरात्रि के पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय मन्दिर परिसर में स्थानीय लोगों के साथ वार्ता कर व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी ली गयी कि कितनी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिस पर अवगत कराया गया कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त है तथा अधिक संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं जो कि शान्ति पूर्ण ढंग से दर्शन करते हैं, तथा पुरुषों व महिलाओं के लिए मंदिर में आने-जाने के लिए अलग-अलग लाइन लगायी जाती है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी फरीदपुर व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मंदिर में विद्युत व्यवस्था, मोबाइल टायलेट और समय-समय एनाउन्समेंट आदि की व्यवस्था की जाए। मेला कमेटी को निर्देश दिए गए कि मेला परिसर में जो भी झूले आदि लगाए जाएं सुरक्षा मानकों को विशेष ध्यान रखते हुए लगाया जाए। मंदिर परिसर में पुलिस व प्रशासन के उन्हीं व्यक्तियों की ड्यूटी लगाई जाए जो विगत वर्ष ड्यूटी कर चुके हैं। निर्देश दिये गये कि सीसीटीवी कैमरों से लगातार मॉनिटरिंग की जाए और उसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाये। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी फरीदपुर, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक ने विधानसभा में उठाया शीशगढ़ में बाईपास निर्माण का मुद्दा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में रोज रोज लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के लिए मीरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डाक्टर डीसी वर्मा ने शीशगढ़ कस्बे में बाईपास निर्माण का मुद्दा प्रदेश की विधानसभा में उठाया है। डाक्टर डीसी वर्मा ने विधानसभा में अध्यक्ष महोदय से कहा कि शीशगढ़ कस्बा एक बड़ा कस्बा है। इस कस्बे में सभी छोटे बड़े वाहन आबादी के अंदर होकर गुजरते हैं, जिस कारण कस्बे में रोज रोज जाम लगने से ग्रामीण बेहद परेशान रहते है। कस्बे में बाईपास का निर्माण हो जाए तो ग्रामीणों को जाम के जाम से निजात मिल जाएगी। डाक्टर डीसी वर्मा की इस पहल से कस्बे में बाईपास निर्माण होने की संभावनाएं बढ़ गई है।

## ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या से हर रोज लगता है जाम

तेजी बढ़ती ई रिक्शा की संख्या जाम को बढ़ावा दे रही है। अब तो जाम से हालत बेकाबू होते जा रहे है पैदल यात्री भी मुश्किल से रास्ता निकल पाते है। इसके अलावा सभी तरह के हल्के भारी बड़े वाहन भी कस्बे के अंदर होकर गुजरते हैं, इनसे भी जाम की समस्या पैदा होती है। जाम से व्यापारी वर्ग भी परेशान है। जाम के कारण ग्रामीण इलाके के लोग शीशगढ़ आने से कतराने लगे है।

## सपा सरकार में बाईपास निर्माण का हुआ था सर्वे



शीशगढ़ के चेयरमैन हाजी गुड्डू ने वर्ष 2016 में सपा सरकार में कस्बे में बाईपास निर्माण का मुद्दा उठाया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाईपास का सर्वे भी हुआ था। विभाग द्वारा करीब 14करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनकर शासन को भेजा था, लेकिन चाचा भतीजे शिवपाल सिंह यादव व अखलेश यादव के बीच छिड़ी जंग में बाईपास निर्माण भी फंसकर रह गया तब से अब तक बाईपास निर्माण की किसी ने पैरवी नहीं की। अब भाजपा विधायक डाक्टर डी सी वर्मा की पहल से लोगों में आस जागी है कि कस्बे में अब बाईपास का निर्माण हो सकेगा।

# रिश्तेदारी में मां के साथ गया दो साल का बच्चा लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** मां की ननिहाल में मां के साथ आया दो वर्षीय मासूम बच्चा लापता हो गया। वह घर के बाहर खेल रहा था, कोई अज्ञात उसका अपहरण कर ले गया। घटना के परिवार में हड़कंप मच गया, और वह लोग उसे तलाशने में जुटे हुए हैं। पुलिस ने मां की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट लिखकर बच्चे की तलाश शुरु कर दी है।

**परि. जनों ने जताई अपहरण की आशंका एफआईआर दर्ज**

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव जादौंपुर की रहने वाली रुकसार पत्नी कामिल 2 साल के बच्चे अब्दुल हादी को साथ लेकर अपने मामू सादिक अली के घर यहां के गुनाह जवाहरपुर बीती 9 फरवरी को मेहमानी में आई हुई थी। तीन दिन पहले शाम 4 बजे के समय वह वहां घर से बाहर खेल रहा था, तभी अचानक वह वहां से गायब हो गया। बच्चे के गायब होने पर वहां शोर मच गया, और तमाम रिश्तेदार और माता-पिता उसे तलाशने में जुट गए। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। घटना की रिपोर्ट मां रुकसार की तरफ से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कराई गई है। बच्चा गायब होने पर परिजनों का बुरा हाल हो गया। पुलिस बच्चे की तलाश में लगी हुई है।


# कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़ जनपद-बरेली

पत्रांक- 450 /न०पं०शी०/वर्ष 2024-25 दिनांकः- 22.02.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन, नगर विकास अनुभाग-9, द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-2024-85ज/05टी0सी0-1 दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 को अन्तिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। यह नियमावली उ०प्र० के समस्त नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों पर लागू होगी। उक्त नियमावली के प्रस्तर-5 में प्रत्यायोजित शक्ति का प्रयोग करते हुये अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शीशगढ़ (बरेली) द्वारा उक्त अधिसूचना में प्राविधित उपबन्धों के अधीन मासिक किराया दर एवं कलेक्टर द्वारा निर्धारित सकिल दर के आधार पर वर्गवार/श्रेणीवार भवन/भूमि समूह के लिये प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) हेतु न्यूनतम मासिक किराया दर निर्धारित किया जाता है। जिस भी व्यक्ति, संस्था/गैर सरकारी संस्थान/सरकारी विभाग को निर्धारित मासिक, किराया दर पर आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट तथा कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शीशगढ़ (बरेली) में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। आपत्तियों का निस्तारण अधिसूचना के प्रस्तर-5 (ख) में विहित प्रक्रियाधीन अधिशासी अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

**वार्ड वार निर्धारित मासिक किराये की दर (प्रति वर्ग फुट)**

| क्र. सं. | वार्ड का नाम | 24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर | | | 12-24 मी. तक चौड़े मार्ग पर | | | 9-12 मी. तक चौड़े मार्ग पर | | | 9 मी. से कम चौड़े मार्ग पर | | | भूमि के संबन्ध में स्थिर्ति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आर. सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर. सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर. सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर. सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | 24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थिति | 12 मी. से 24 मी. अधिक चौड़े मार्ग पर स्थिति | 12 मी. से कम चौड़े मार्ग पर स्थिति | 9 मी. तक चौड़े मार्ग पर स्थिति |
| 1. | वार्ड संख्या 1 से वार्ड संख्या 15 तक समस्त वार्ड | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.30 | 0.25 | 0.20 | 0.20 |

अधिसूचना के प्रस्तर-7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत सामान्य गृहकर, 7.5 प्रतिशत जलकर, 2.5 प्रतिशत जल निकास कर लागू होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शीशगढ़
बरेली

# जिले की सभी तहसीलों, थाना स्तर पर होगी व्यापारी प्रकोष्ठ की मीटिंग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत के सौजन्य से होटल सोलिटेयर में पीलीभीत सुरक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद की पुलिस टीम के द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों एवं सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने व आतंकवादियों को समाप्त करने के लिये व्यापार मण्डल की टीम के द्वारा पुलिस अधिकारियों को माल्यार्पण व शाल्यार्पण कर शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया एवं सीओ बीसलपुर डॉ. प्रतीक दहिया को बेहतरीन पुलिसिंग के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल ने पुलिस के द्वारा उत्कृष्ट कार्य व जनपद पीलीभीत को आतंकवाद से मुक्त करने व जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चौकस करने पर पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया। ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल ने मंच को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अवीनाश पांडे से ज़िले की सभी तहसील स्तर, थाना स्तर पर व्यापारी प्रकोष्ठ की मीटिंग का आयोजन कराने का प्रस्ताव रखा जिसे पुलिस अधीक्षक अवीनाश पांडे ने तत्काल मंच से ही समर्थन देते हुए घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी रात– दिन ना देखें सिर्फ सुरक्षा देखें, साथ हीं कहा कि व्यापारियों की कोई भी समस्या हो उसका तुरंत निदान किया जाये एवं सभी व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरें लगवाने के लिये भी आग्रह किया। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने कहा व्यापारीगण एवं पुलिस अधिकारी एक परिवार और हम आपस मे सामंजस बेठाकर सबको सुरक्षित रखने के लिये हमेशा तत्पर रहते है। जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा कि इस समय जनपद की पूरी पुलिस टीम एसपी साहब के निर्देशन मे बहुत हीं अच्छा कार्य कर रही है, सभी व्यापारीगण एवं जनपदवासी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बरेली महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना के नेतृत्व बरेली से अमर जीत सिंह बक्शी, सुरेंद्र त्यागी, देवेंद्र जोशी, दानिश जमाल, जतिन अरोरा, मनोज अरोरा पोपिंदर सिंह बक्शी,राजा सेठ, आशु बेग, पीलीभीत नगर महामंत्री अलाउददीन अंसारी, कोषाध्यक्ष निर्मित अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री, युवा नगर अध्यक्ष राकेश वर्मा, ज़िला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपीश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, फ़राज़ खां, नगर वरिष्ठ मंत्री सईद अल्वी, मोइन खान, पंकज शर्मा, नगर नगर अध्यक्ष बिलसंडा अवनीश जायसवाल, महामंत्री एम. रेहान, युवा अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना, कोषाध्यक्ष अंकित जायसवाल, उपाध्यक्ष राहुल सिंघल एवं राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

# पुलिया टूटने से नाले में गिरी कार क्रेन की मदद से निकाली बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेहनवा गांव में पुलिया टूटने से कार नाले में गिर गई। कारण सवार चार लोगों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों की सूचना पर क्रेन बुलवाकर कार को नाले से बाहर निकलवाया तब जाकर कार सवार अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। इस दौरान वहां ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।

जानकारी के अनुसार शनिवार को दिल्ली के रोहिणी के एक ही परिवार के चार लोग कार में सवार होकर मेरठ की ओर जा रहे थे। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण के चलते मेरठ–बागपत हाईवे बंद है। वह मेहनवा गांव से होकर निकल रहे थे। मेहनवा गांव के पास से गुजर रहे नाले की पुलिया टूटी हुई, जिससे उनकी कार नाले में गिर गई। वहां से गुजर रहे चौहल्दा के कपिल और नईम ने परिवार के लोगों को कारण से बाहर निकाला। बाद में सूचना पर मौके पर क्रेन मंगवाकर कार को बाहर निकलवाया गया। कार नाले में गिरने से वहां लोगों की भीड़ लग गई।



# मिलावटखोरी के विरूद्ध अभियान चलाएगी भाकियू

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत नगर के बस्ती रोड पर हुई, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों आदि सभी के लिये निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मिलावट खोरी के चलते लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। जिला स्तर के खाद्य विभाग के अधिकारी हों या प्रदेश स्तर के, कोई भी यह बताने को तैयार नहीं है मिलावटखोरी से निबटने के लिये

**■ भाकियू संयुक्त मोर्चा की पंचायत आयोजित**

उनके पास क्या योजना है? राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 26 फरवरी के बाद जिला स्तर के सभी जिम्मेदार अधिकारियों से बात करके मिलावट खोरी बंद कराई जाएगी। कहा कि गन्ना विभाग के कुछ अधिकारी किसानों पर गन्ने कोई वैरायटी को लेकर अनैतिक तरीके से दबाव बना रहे हैं, जिसे कदापित सहन नहीं किया जाएगा। सभा का संचालन मंडलाध्यक्ष मयंक धारीवाल व अध्यक्षता विजयपाल सिंह ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, महासचिव चंदपाल सिंह, प्रदेशाध्यक्ष रिंकू सागर, उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू, अभिषेक भुल्लर, पूर्व प्रधान कैलाश नाथ, डॉ.प्रदीप, अमित चीमा आदि मौजूद रहे।




# तीन बच्चों के पिता को दूल्हा बनाकर बैठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शनिवार को नगर के शिव इण्टर कॉलेज में आयोजित मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह समारोह में एक विवाह में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया। बताते हैं कि जिस लड़के से युवती की शादी तय हुई, वह नहीं पहुंचा तो उसके स्थान पर तीन बच्चों के पिता को दूल्हा बनाकर बैठा दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने इस विवाह को रूकवा दिया। अधिकारियों द्वारा इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने वाली युवती व युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कही जा रही है, वहीं संबधित ग्राम पंचायत अधिकारी के निलंबन की कार्रवाई के लिये जनपद आगरा

**■ अधिकारियों की पकड़ में आया मामला, संबधित युवक युवती के विरूद्ध दर्ज होगी रिपोर्ट, पंचायत सचिव पर भी लटकी कार्रवाई की तलवार**

के डीडीओ को पत्र लिखा गया है। मूल रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी वहीं पर तैनात हैं और यहां पर उन्हें संबद्ध किया हुआ है। जानकारी के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के गांव बबनपुरा निवासी प्रियंका की शादी अमरपाल के साथ होनी थी, मगर अमरपाल व उसके परिवार के लोग शादी में नहीं पहुंचे। जिस पर एक कपिल नामक तीन बच्चों के पिता को दूल्हा बनाकर बैठा दिया गया। इस बात की खबर किसी व्यक्ति ने अधिकारियों को दी तो उन्होंने इस बात का संज्ञान लिया और यह शादी रूकवाई। जिला समाज कल्याण विभाग ने युवती व युवक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही। वहीं इस ग्राम की पंचायत सचिव जो कि मूल रूप से आगरा में तैनात हैं मगर यहां पर संबद्ध हैं, उनके विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई के लिये भी डीडीओ आगरा को पत्र लिखा गया है। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि युवक व युवती के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये निर्देश दिए गए हैं। वहीं ग्राम सचिव के निलंबन के लिये डीडीओ आगरा को पत्र लिख गया है।

# युवती ने प्रेमी से रचाई शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अपने प्रेमी से भाग कर शादी रचा ली। युवती ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। युवती ने बताया कि उसने अपने प्रेमी से स्वेच्छा से शादी रचाई है। इसके साथ ही उसने अपने परिवार वालों से जान का खतरा बताया है। वही इस मामले में पीड़ित पिता के द्वारा उसकी बेटी को पहले फुसलाकर ले जाने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है।

# मंयक एथलीट ऑफ द ईयर रहे मयंक व शिवि

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में 'वार्षिक खेल प्रतियोगिता' का समापन शनिवार को हुआ। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शनिवार को स्कूल में आयोजित खेल समारोह

**■ एसआरएस में दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन**

का समापन विद्यालय के चेयरमैन जीबी सिंह, एमडी वीरेंद्र सिंह, डायरेक्टर पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी, कोआर्डिनेटर साक्षी सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन करके किया। चेयरमैन जीबी सिंह ने कहा कि मोबाइल के युग में बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक करना और ज्यादा आवश्यक हो गया है।, जिससे उनकी लीडरशिप क्वालिटी व अन्य क्षमताओं का विकास हो सके। इण्टरहाउस कबड्डी प्रतियोगिता में बॉयज टीम में रोहिणी हाउस जबकि गर्ल्स टीम में भास्कर हाउस विजयी रहे। रिले रेस में आर्यभट्ट हाउस विजयी रहा। बैलेंस रेस में यश, निमृत, राघव प्रथम रहे। हूलाहूप रेस में साकिब, सिद्धी व अलक प्रथम रहे। इसके अतिरिक्त अन्य खेलों में भी छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में एथलीट ऑफ द ईयर मयंक व शिवि रहे। बेस्ट हाउस ट्राफी रोहिणी हाउस के नाम रही। इस अवसर पर समस्त स्टॉफ सदस्य व अभिभावक मौजूद रहे।




# कई स्थानों पर हुई एमडीए की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एमडीए की सचिव के नेतृत्व में पहुंची टीम ने नगर के टीचर्स कॉलोनी में बनाई जा रही दुकानों (मार्केट) पर सील आदि की कार्रवाई की। बता दें कि कुछ दिन पूर्व नगर के टीचर्स कॉलोनी में एमडीए की टीम ने पहुंचकर निर्माणाधीन दुकानों पर सील लगाई थी मगर उस समय दुकान स्वामी शुभनीत कुमार ने एमडीए की कार्रवाई को गलत बताते हुए सील को हटा दिया था। शुभनीत कुमार का कहना था कि वे पुरानी दुकानों को तोड़कर नयी दुक. ानें बनवा रही हैं, जिसके लिये नक्शा पास कराने की आवश्यकता नहीं। शनिवार को फिर से एमडीए की सचिव अंजु लता के नेतृत्व में पहुंची टीम ने यहां पर सील लगाई। टीम के साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। इसी के साथ ही उन्होंने एमडीए कॉलोनी के निकट एक निजी कॉलोनी का भी निरीक्षण किया। पता चला कि एमडीए के द्वारा बंधक आठ प्लॉटों में से दो को बेच दिया गया। जबकि नियमानुसार एमडीए को बंधक प्लॉटो को बेचा नहीं जा सकता है। उन्होंने कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई कराई जाने की बात कही।इसी के साथ ही उन्होंने हसनपुर मार्ग स्थित उमंग डेयरीज कंपनी में बिना नक्शे के हो रहे निर्माण को रूकवा दिया।



# जेई इलेक्ट्रिक को हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के कर्मचारियों ने जेई इलेक्ट्रिक पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए धरना दिया और मण्डल मंत्री को एक ज्ञापन भेजकर उनके विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई कराते हुए अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरण की मांग की। कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि रेलवे कर्मचारियों व उनके परिवार के साथ जेई इलेक्ट्रिक अनुज कुमार द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है। इतना ही नहीं वे कर्मचारियों के घर में जाते हैं और अकारण ही उनकी लाइट काट देते हैं। यदि कोई उनसे उनके दुर्व्यवहार के प्रति कहता है तो वे उसकी बात पर कोई ध्यान नहीं देता, उल्टे यही कहते हैं कि विभाग

**■ नरमू ने लगाया दुर्व्यवहार करने का आरोप, धरना दिया**

में उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। कर्मचारियों का कहना है कि जेई के खिलाफ तीन बार लिखित शिकायत की जा चुकी है मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मैंस यूनियन कर्मचारियों ने मंडल मंत्री को ज्ञापन भेजकर जेई विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई कराते हुए अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरण की मांग की। इस मौके पर शाखा सचिव तेजपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, श्याम सिंह, अनिल कुमार, सत्यपाल सिंह, चरन सिंह, ओमपाल सिंह, युनूस खान, सोनू कुमार, सुधांशु कुमार, केएल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# रटौल-लोनी मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू होने पर लोगों मे खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल लोनी मार्ग निर्माण कार्य शुरू हो गया है जिससे दर्जनो गावों के लोगो को फायदा होगा। वही दिल्ली जानें के लिए भी आसानी होगी। मार्ग पर कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगो में खुशी की लहर है।

रटौल ईदगाह मार्ग से लेकर लोनी क्षेत्र तक मार्ग के चौड़ीकरण और मार्ग निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। पिछले काफी समय से यह मार्ग जर्जर था और लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिससे गम्भीरता से लेते हुए क्षैत्रीय विधायक योगेश धामा ने मार्ग चौडीकरण और मार्ग निर्माण के लिए लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात की थी। जिसके बाद मार्ग निर्माण की मंजूरी मिली थी। मार्ग का निर्माण रटौल ईदगाह मार्ग से लेकर खड़खडी फाटक लोनी तक होना है। जिससे मार्ग चौडीकरण के बाद क्षैत्र के लोगो को फायदा होगा। हालकि सड़क खुदने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही लेकिन जल्द मार्ग निर्माण के बाद लोगो को भरपूर सुविधा मिलेगी और लोनी, दिल्ली जाने मे आसानी होगी। मार्ग निर्माण शुरू होने से क्षैत्र के लोगो मे खुशी है।



## बस स्टैंड पर खड़े ऑटो से अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल में बस स्टैंड पर खड़े दो आटो से रात्रि अज्ञात चोर हजारों की स्टेपनी और ब्रेट्री चोरी कर ले गये। पीड़ित ने रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दी है।

रटौल निवासी रिहान पुत्र शोकीन ने बताया की उसका आटो रात्रि बस स्टैंड के पास खड़ा था। रात्रि किसी समय अज्ञात चोर ऑटो से स्टेपनी और ब्रेट्री चोरी कर ले गये। इसके अलावा दादरी निवासी आशू के आटो से भी चोर समान चोरी कर ले गये। पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ रटौल चौकी पर तहरीर दी है।



# आर्य व्यायाम शाला में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में स्थित आर्य व्यामशाला में आर्य समाज के लोगों ने दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया।

इसमें प्रदेश के अनेक राज्यों से आए आर्य समाज के लोगों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। वार्षिक उत्सव में डांगरोल से आए सोमपाल आर्य ने गांव व देश की सुख समृद्धि के लिए हवन कराया। यज्ञमान कुश्ती कोच धर्मेंद्र खोखर द्वारा हवन संपन्न कराया गया। नजफगढ़ से आए आचार्य यशवीर ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने देश को आजाद कराने के लिए बहुत योगदान दिया था। देश में घूमते–घूमते समाज को जागृत किया। इसी प्रकार जागृति के कारण राष्ट्र आज़ाद हो सका।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कॉलोनीवासियों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस यूनिट एक और तीन, जनता वेदिक कॉलेज के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन की शुरुआत अत्यंत श्रद्धा और आस्था के वातावरण में पूर्व स्वयं सेवक अमन त्रिपाठी के द्वारा गायत्री मंत्र और योग के अभ्यास से की गई। इस सत्र ने सभी स्वयंसेवकों के मनोबल को ऊंचा किया और उन्हें मानसिक शांति एवं एकाग्रता की ओर प्रेरित किया। इसके पश्चात, राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस गीत का सामूहिक गायन हुआ, जिससे शिविर का माहौल ऊर्जा से भर गया और सभी स्वयंसेवकों में एकजुटता का एहसास हुआ। डा. मुकेश कुमार और अमित नागर, कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा चयनित कॉलोनियों, पटेल नगर और डूडा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकाली गई। इस फेरी के माध्यम से कॉलोनीवासियों को शिक्षा, साक्षरता और जनस्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने नारे लगाए, जो कॉलोनीवासियों को प्रेरित कर रहे थे। आयुष खोखर ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत एक प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की, जिसने सभी में राष्ट्रप्रेम और समाज के प्रति कर्तव्यों को निभाने का उत्साह जागृत किया। इसके अलावा, नितेश, शोभित, विद्यानीवास और खेमकरण ने साक्षरता पर नाटकीय रूप में नाटिका का मंचन किया, जिसने शिक्षा के महत्व को सरल और प्रभावी तरीके से दर्शाया और सभी को यह समझने में मदद की। साक्षरता से जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकता है।



# 24 फरवरी से 26 फरवरी तक मनाया जाएगा यज्ञ हवन

**बड़ौत।** क्षेत्र के बिजरोल गांव में आर्य समाज का वार्षिकोत्सव बाबा शाहमल की जन्म भूमि स्थल पर बड़ी धूमधाम के साथ 24 फरवरी से 26 फरवरी तक मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम गांव के आर्य समाज मंदिर में होगा। कार्यक्रम में विधि–विधान के साथ आर्य समाज के लोग यज्ञ हवन में आहुतियां देकर यज्ञ को संपन्न करने का काम करेंगे। प्रतिदिन सुबह शाम यज्ञ व प्रवचन का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में दूर दराज तक के आर्य समाज के लोग भाग लेंगे। इस संबंध में आर्य समाज के वेद सिंह तिरपाल रतन एवं वरिष्ठ समाजसेवी थांबा चौधरी यशपाल सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की बड़े हर्ष उल्लास के साथ बिजरोल गांव में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। बिजरोल गांव बाबा शाहमल की कर्मभूमि है। अंग्रेजों से लोहा लेने वाले बाबा शाहमल योद्धा स्वतंत्रता सेनानी कहलाए जाते थे।

# शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो

## शैक्षिक महासंघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। शनिवार को महासंघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मोनिका को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पात्र शिक्षकों का चयन वेतनमान जो काफी समय से लम्बित है उसे तत्काल स्वीकृत किया जाये। शिक्षकों के विभिन्न प्रशिक्षणों के मानदेय का भुगतान भी जल्द दिलाया जाये। जिन विद्यालयों में पहले से नगरीय भत्ता मिल रहा है, उन विद्यालयों में नवनियुक्त शिक्षकों को नगरीय भत्ता दिया जाये। तीन वर्षो से नियुक्त शिक्षकों का सत्यापन हो गया है उनकी सूची जारी कर उनके एरियर का भुगतान दिलाया जाये। शिक्षकों की सर्विस बुक में ईएल अपडेट कराया जाये। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष देशराज सिंह, अजीत सिंह, रजनीश चौहान, मोहित सरन, अमित तेजा, हरजीत सिंह, विकास कुमार, रीना रानी आदि मौजूद रहीं।

# पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने किया खडण्जे का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष दीक्षा गंगवार और उनके पति कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार ने संयुक्त रूप से खडण्जा और नाली निर्माण का फीता काटकर उद्घाटन किया।

नगर मोहल्ला शाहू जी नगर वार्ड नं. 9 में शनिवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीक्षा गंगवार एवं उनके पति समाजसेवी कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार ने नवनिर्मित खंड्जा ब नाली का उद्घाटन किया इस खड्जा तथा नाली का निर्माण नगर पालिका परिषद मिलक की ओर से करवाया गया खड़ंजा तथा नाली का निर्माण करने के लिए मोहल्ले वासियों ने पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार एवं कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समाजसेवी भाजपा नेता का आभार जताया क्योंकि काफी समय से इस खडण्जे के निर्माण की मांग जनता द्वारा की जा रही थी इससे पूर्व मुहल्ले में पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया इसके बाद दोनों ने संयुक्त रूप से खड़ंजा तथा नाली का फीता काटकर उद्घाटन किया और आगे उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है मोहल्ले में सभी जर्जर मार्गों को जल्दी ठीक कराया जा चुका है इस मौके पर सभासद हरीश कुमार यदुवंशी,अमरजीत सिंह माटा,शांति स्वरूप, संजय गंगवार, गजेंद्र,चंद्रभान मित्तल, जननायक, एडवोकेट बसंत कुमार, महेश गंगवार, विजय गंगवार, जयकीरत गंगवार,लक्ष्य वीर गंगवार, भूकन लाल राठौर आदि रहे।



मिलक। खडण्जा उद्घाटन के दौरान मौजूद पालिकाध्यक्ष पति।

# अवैध कब्जे की जिलाधिकारी से की शिकायत

## सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर कई लोगों ने बना ली है पक्की दुकानें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जहाँ एक ओर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सरकारी और अवैध रूप से किसी की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के लिए आदेश दे रही हैं वहीं जनपद रामपुर में सरकारी ग्राम समाज की जगह पर कई लोगों नें पक्की दुकानें बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है।

मिलक तहसील क्षेत्र के बकनौरी में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में जिलाधिकारी को शिकायत पत्र दिया है। गांव निवासी सुम्मेरी लाल ने डीएम को शिकायत पत्र देकर बताया कि बकनौरी मझरा बंशीपुर में खाद के गड्ढो में दर्ज है। उसपर गांव के ही कई लोगो ने अवैध कब्जा कर लिया है। जिसपर उन लोगो ने मकान भी बना लिए हैं। जिस कारण ग्रामीण को अपने घर का कूड़ा डालने की परेशानी हो रही है। इसके अलावा सामने ही एक मंदिर भी है जिसपर काई धार्मिक कार्यक्रम होता था तो उसी जगह पर होता था जगह पर अब अवैध रूप से कब्जा करके उसपर दुकाने बनाकर निर्माण कर लिया गया है। आरोप है जब उन लोगो से ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने को कहा तो सभी लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। और जान से मारने की धमकी देते हैं। जिसके बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी मिलते ही जब शाह टाइम्स टीम मौके पर पहुँची तो देखा मामला बिल्कुल सत्य दिखाई दे रहा था। जब टीम नें गॉव के लोगों से जानकारी जुटाना शुरू की तो ग्रामीणों नें जानकारी देते हुए बताया कि इस जगह पर घूरे पड़ते थे यह जगह ग्राम समाज की है जिसका गाटा संख्या 52 है। अब इस जगह पर पूर्व ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों नें कब्जा करके अपना पक्का निर्माण कर लिया है। आरोप है कि शिकायत पत्र पूर्व में भी दिए गये जिसकी जॉच ग्राम के लेखपाल सोमवीर सिंह को दी गई जिसमें लेखपाल नें दुकानों के आगे बने हुए चबूतरों को थोड़ा टुड़वाकर अपना बचाव करते हुए फर्जी समाधान दिखाते हुए मामले को अधिकारियों के सामने शांत कर दिया। जब शाह टाइम्स टीम नें लेखपाल को फोन से सम्पर्क किया तो लेखपाल नें बताया कि वह लखनऊ किसी काम से गये हैं दो दिन बाद वापस आयेंगे दो दिन बीतने के बाद जब लेखपाल से फोन से सम्पर्क किया गया तो लेखपाल नें जानकारी देते हुए बताया कि मामला सिविल कोर्ट रामपुर में विचाराधीन है जिसमें अभी कोई हसतक्षेप नहीं किया जा सकता जिसका वाद संख्या 77/ है। जबकि अतिक्रमण करने वालों से शाह टाइम्स की टीम नें जानकारी लेना चाही तो उन्होनें जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया।



रामपुर। सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर बनी दुकानें।



यह ग्राम समाज की जगह है जिसमें पहले घूरे पड़ते थे जिसपर कुछ लोगों नें अवैध तरीके से कब्जा करके दुकानें बना ली हैं जो कि गलत है।

**सुम्भेरी लाल ग्रामवासी शिकायतकर्ता**



खतौनी में यह भूमि सरकारी दर्ज है जो 52 नम्बर घूरों के गढ्डे में दर्ज है जिसपर कई लोगों नें कब्जा कर लिया है जिसकी डीएम से लेकर एसडीएम तक से शिकायत की है।

**बृज लाल ग्रामवासी शिकायतकर्ता**

# सैफनी में नकली दवाओं का कारोबार जोरों पर

## स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से लोगों की जिंदगी खतरे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में नकली दवाओं का कारोबार जोरों पर है। मेडिकल स्टोरो पर नकली दवाओं का धंधा खूब फल-फूल रहा है। इसमें स्वास्थ्य विभाग केअधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आ रही है। जिससे इस पर कोई रोकथाम नहीं हो पा रही है।नगर के कई मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। इन मेडिकल स्टोरों पर नकली और नशीली दवाईयां बेची जा रही हैं। इन दवाओं का सेवन करने से लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर हो रहा है।कई मेडिकल स्टोर बिना डॉक्टर के पर्चे के भी दवाईयां बेच रहे हैं। नगर के अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक खुद डॉक्टर बनकर मरीजों को दवाईयां दे देते हैं। यह स्थिति बेहद खतरनाक है, क्योंकि गलत दवाईयों के सेवन से मरीजों की जान भी जा सकती है।इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही भी सामने आ रही है। विभाग द्वारा इन मेडिकल स्टोरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है।कि अगर यही हाल रहा तो सैफनी में नकली दवाओं का कारोबार और बढ़ेगा।



# अम्बेडकर पार्क में आज मनाई जाएगी संत गाडगे जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** संत गाडगे जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए रामपुर स्थित अंबेडकर पार्क में गाडगे यूथ बिग्रेड के बेनर धूमधाम से मनाई जायेगी।

कार्यक्रम को लेकर सिविल लाइंस स्थित एक होटल में प्रदेश सह संयोजक चरन सिंह की ओर से प्रेस बार्ता कर एक बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को अंबेडकर पार्क में राष्ट्र संत गाडगे महाराज की जयंती का भव्य आयोजन किया छा रहा है।

आयोजन में पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल मुख्य अतिथि ओर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी बिशिष्ट अतिथि एंव डा. राजेश कुमार अपर जिलाधिकारी कानपुर सिटी अंकित वर्मा उप जिलाधिकारी हापुड़ तथा अवनीश कुमार उप जिलाधिकारी रामपुर आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान के 26 ग्राम प्रधान, बी डी सी सदस्य सभासद ब्लाक प्रमुख आदि जनप्रतिनिधि मेधावी छात्र-छात्राओ को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में टॉप 11 विधार्थियोओ के साथ ही ऐसे अभिभावकों जिनके बच्चो ने आई . ए.एस. पी. सी. एस . परीक्षा पास की है उनको सम्मानित किया जायेगा।

समारोह को लेकर दिवाकर समाज में उत्साह बना हुआ है।



# रपटा पुल पर की जा रही अवैध वसूली की एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को ग्राम बेरुआ तहसील शाहबाद जिला रामपुर के ग्रामीणों ने रपटा पुल पर दबंगों द्वारा अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए शिकायत की है उनका आरोप है कि ग्राम बेरुआ में वर्ष 2024 में गागन नदी के स्थान बदलने से रझेड़ा नदी में आए दिन आए भीषण जल प्रवाह /,तूफान से उक्त ग्राम से चंद्रपुर खुर्द, भैया नगला को जाने वाला रपटा पुल जिसका विस्तार 2023 में सरकार द्वारा किया गया था क्षतिग्रस्त हो गया है एवं उखड़ जाने से लोगों को आवागमन में समस्या ही रही है।

गांव के कुछ हैकड़, सरकश लोगों द्वारा उक्त रपटा पुल को पार करने पर सामान्य जन से अवैध वसूली 50 रुपये से 150 रुपए प्रति वाहन प्रति व्यक्ति की जा रही है जबकि गांव के कुछ भाले लोगों द्वारा अपने बल पर निस्वार्थ समाज सेवा भाव के मद्देनजर प्रकाश में आ रही है समस्या का समाधान उनकी मरम्मत करने का प्रयास किया तो हेकड़ सरकश व्यक्तियों द्वारा धमकी दी जा रही है कि उनके अवैध कारोबार में बाधा ना डालें। गाली गलौज कर समाज सेवा में पलायन कर दिया जाएगा। ग्रामीण रिंकू, रमेश, महेंद्र, हनीफ, बीरबल, विजय सिंह ,सतपाल ,जगपाल, मुकेश , धर्मपाल सिंह, रामू, राजेंद्र, मुस्लिम, पप्पू, किशोरी आदि ने उपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय से मांग की है कि अवैध वसूली करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करायें एवं प्राकृतिक आपदा विभाग के माध्यम से रपटा पुल की समस्या का समाधान करायें।




# झूठे मुकदमे में फसाने के आरोप में थाना दिवस में की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** शनिवार को आयोजित हुए संपूर्ण समाधान थाना दिवस में कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर देव के रहने वाले अमर कश्यप पुत्र देवी राम ने झूठे मुकदमे में विपक्षियों द्वारा फसाने के आरोप में थाना दिवस शाहाबाद में शिकायत की है ।

उसका आरोप है कि प्रार्थी आराजी स्थित ग्राम शाहपुर देव की गाटा संख्या 315 में सह खातेदार हैं इस संबंध में बंटवारे का एक मुकदमा न्यायालय में विचार अधीन है तथा विपक्षी रमाशंकर पुत्र फकीरी धर्मपाल पुत्र टीकाराम रामपाल आदि विवादित आराजी में मिट्टी डालकर पटान कर रहे हैं।

प्रार्थी ने मिट्टी डालने को मना किया तो विपक्षी आमदा फौजदारी हो गए और एससी एक्ट के झूठे मुकदमे फसाने की धमकी देते हैं।

## मारपीट में महिला सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** शुक्रवार को मोहल्ला फर्राशांन के रहने वाले राहत खा पुत्र रियासत खां ने अस्पताल से लौटने के बाद कोतवाली शाहबाद में चार के खिलाफ मारपीट के आरोप में तहरीर दी। पीड़ित राहत खां का आरोप है 14 फरवरी को पीड़ित के मकान के बराबर से बेचा खां पुत्र रियासत खां का मकान है बेचा खा ने पीड़ित के मकान से चिपक कर साइकिल खड़ी कर दी थी जब बेचा खाँ से साइकिल हटाने को कहा गया तो वह गाली क्लोज करने लगा जब गालियां देना मना किया तो बेचा खा व जावेद और शावेज पुत्रगण बेचा खां और रानी पत्नी बेचा खा ने पीड़ित व पीड़ित की पत्नी रानी तथा बचाने पीड़ित राहत फतेह साले नाहिद पुत्र जाकिर तथा बहन शाजमा के साथ लाठी डंडों व लात घूसों से गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी इस दौरान आस-पास के लो इकट्ठा हो गए जिनके आने पर पीड़ित व उसके परिवार की जान बची । राहत खां की तहरीर पर कोतवाली शाहबाद ने मारपीट के मामले बेचा खा पुत्र रिहासत, जावेद व शाजेब पुत्रगण बेचा खां और रानी पत्नी बेचा खा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

# उपजिला अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना दिवस

## थाना समाधान दिवस में आई 6 शिकायतें, दो का मौके पर ही हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** माह के अंतिम शनिवार को आयोजित होने वाला थाना दिवस एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ कोतवाली परिसर में एसडीएम सुनील कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ । थाना समाधान दिवस में 6 फरियादी अपनी शिकायत लेकर थाना समाधान दिवस में पहुंचे और अधिकारियों द्वारा दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। वहीं शेष चार शिकायतों को संबंधित विभाग को भेजा गया। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बकाया शिकायत को जल्द से जल्द निस्तारण करने के अधीनस्थों को आदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार, ई.ओ राजेंद्र प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह सहित आयुष,विकेन्द्र, अमित,अभिषेक शर्मा, सुनील आदि लेखपाल रहे।



### थाना दिवस मे 3 शिकायतों में से 2 का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को थाना शाहबाद में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें इस आई राजकुमार ने शिकायतों को सुना। इस दौरान कुल तीन शिकायतें जिसमें से दो शिकायतों का निस्तारण हो गया शेष एक शिकायत संबंधित विभाग को समय सीमा के भीतर समाधान करने के लिए भेज दी गई । इस दौरान राजस्व संबंधित मेढ़, पैमाइश से सम्बंधित शिकायत आई ।

इस मौके पर राजस्व निरीक्षक संजय सक्सेना, हरबंस, रामस्वरूप, व लेखपाल तौकीर अहमद, राजकुमार शर्मा, सुनीत ,राजकुमार सागर, राजवीर आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# बैंक कर्मचारियों नें अपनी मांगों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियन के आवाहन पर बैंक कर्मचारी व अधिकारियों ने शनिवार को स्टेट बैंक की मुख्य शाखा रामपुर पर इंडियन बैंक एसोसिएशन और भारत सरकार के विरुद्ध अपनी मांगों के संबंध में जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए नेशनल कंपटीशन ऑफ बैंक एम्पलाइज के उपाध्यक्ष तथा भारतीय स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन बरेली पर क्षेत्र रामपुर के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने अपने संबोधन में कहा कि अगर भारत सरकार हमारी उचित मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती है तो देश के सभी बैंक कर्मचारी अधिकारी आगामी 24 और 25 मार्च 2025 को मजबूरन हड़ताल पर जाना पड़ेगा। बैंक ऑफ बड़ोदा स्टाफ फेडरेशन के जिला सचिव कामरेड सरजू ने कहा बैंकों में फाइव डे बैंकिंग लागू की जाए आज के प्रदर्शन में मुख्य रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा के महेश कुमार बैंक ऑफ इंडिया के राहुल कुमार तथा स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन के रितेश द्विवेदी, आकछी अग्रवाल, विनय सिंह गिल, अजय सिंह , शिवानी, तनु राज सक्सेना आदि सहित स्टेट बैंक बैंक ऑफ बरोदा बैंक ऑफ इंडिया के सदस्य ने भाग लिया।



# ई.ओ ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सफाई व्यवस्था चुस्त दुरस्त रखने के दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** आने वाले त्योहारो जैसे महाशिवरात्रि रमजान व होली के मद्देनजर नगर पंचायत मे सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश सफाई कर्मचारियों दिये है। अधीशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत कर्मियो को आदेशित करते हुए कहा है कि नगर की सफाई व्यवस्था पर कोई समझोता नही किया जाएगा। त्योहारो पर नगर पंचायत मे साफ-सफाई रहने चाहिए अधिशासी अधिकारी ने अपने अदेश मे कहा कि नगर के मन्दिर मस्जिदो पर अभियान चलाकर सफाई का विशेष रूप से ध्यान दिया जाये। हर मन्दिर मस्जिद पर सफाई के उपरांत चूने का छिड़काव नियमित रूप से किया जाना चाहिए। नगर मे कीटनाशक दवा,चूना पोडर का पोडर का छिड़काव नियमित रूप से किया जाएगा। वहीं कूड़ा करकट तुरंत उठाकर डंपिंग ग्राउंड मे भेजने का आदेश नगर पंचायत कर्मियो को दिया वहीं अधिशासी अधिकारी सभी कर्मचारियो की उन्की जिम्मेदारी नियमित रूप से की जाने वाली साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओ के पर्यवेक्षक हेतू टीम भी गठित की जिसके द्वारा रोजाना के होने वाले कार्य से नगर पंचायत को अवगत करायेगी।

# दावत से लोट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** शुक्रवार की रात्रि में रामपुर शाहाबाद मार्ग पर थाना खजुरिया के बहादुरगंज निवासी नरेश पाल 25 को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर चला गया। जिनकी अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा पर पोस्टमार्टम करा दिया है। थाना खजुरिया क्षेत्र के बहादुरगंज निवासी नरेश पाल पटवाई क्षेत्र के मथुरापुर गांव मे विवाह में आए थे । रात्रि में करीब 8 बजे वापस घर जाते समय क्षेत्र के चंदनपुर गांव पर नरेश पाल को कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारकर चला गया । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । आते जाते राहगीरों ने पुलिस को सूचना दे दी । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस के द्वारा घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवा दिया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । सूचना के बाद मृतक के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए । घटना को सुनकर उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने शनिवार को पटवाई थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई आहूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के मेन कार्यालय मोहल्ला खास स्वार में नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने बैठक का आयोजन हुआ जिसमें व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारीयों को बुलाकर सभी पदाधिकारीयों का 11 फरवरी को हकीम जी के चौक में प्रोग्राम की सफलता के लिए सभी पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। समस्त व्यापारियों का और समस्त जनता का आभार व्याप्त किया जो उन्होंने अपना कीमती वक्त देकर प्रोग्राम को सफल बनाया। इस मौके पर उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर,महासचिव मुशर्रफ अली, सचिव अली रेहान अली,नगर मंत्री फुरकान अली, इरफान अली आदि मौजूद रहे।




# अज्ञात के द्वारा समय पूर्व होलिका दहन की एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद /रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जैतोली के ग्रामीणों ने अज्ञात के द्वारा समय से पहले ही होलिका दहन करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। डालचंद, ओमकार ,रघुनाथ, अर्जुन सिंह, ज्ञान सिंह, रामपाल, धर्मदास, रविंद्र, हरपाल, राजू आदि ग्रामीणों का आरोप है कि दिनांक 19 फरवरी को लगभग शाम 7 बजे अज्ञात द्वारा होली में आग लगा दी समय पूर्व आग लगने से सनातन धर्म की आस्था को काफी ठेस पहुंची है । गमादेवत की जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा कर रास्ता भी बंद कर दिया गया है लोगों को आने-जाने नहीं दिया जा रहा है ये भी आरोप है कि इन्हीं ने समय पूर्व आग लगाई है। ग्रामीणों ने एसडीएमसी गुहार लगाई है की गमादेवत आराजी को कब्जा मुक्त कराया जाए जिससे होली का कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो सके और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाए।

# जमीनी विवाद में दो पक्ष अपने-सामने निस्तारण को पहुंचे अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद में रास्ते को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। जिसके चलते मामले की शिकायत पर लेखपाल समेत अन्य अधिकारी व थाना पुलिस भी मौका पर पहुंच गई।

मामला थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर गांव का है। बताया जा रहा है। कि वर्षों पूर्व हुई चकबंदी के समय आधिकारियों ने गांव के ही पतिराम, भूकंलाल, जीवा राम, सतपाल, अनिल के खेत में रास्ता निकाल दिया था। जबकि रास्ते की जगह को पांचों लोगों के कब्जे में कर दिया। जिससे बर्षों से रास्ते की जमीन पर कब्जा है।

पातीराम, भूकंलाल, जीवा राम, सतपाल, अनिल का कहना है। कि रास्ता हमने अपने खेत से दिया है। तो उसके बदले में रास्ते को अपने कब्जे में ले लिया। जिसके चलते बताया है कि उसका पड़ोसी भजन लाल व चंद्रपाल ने गांव में ही पुराने



धमोरा। दो पक्षो के विवाद के के दौरान मौके पर मौजूद भीड़।

रास्ते पर नई जमीन ली है तो वह पुराने रास्ते को वर्षों बाद शुरू करने को दबाव बना रहा है। बताना था कि कुछ दिनों पूर्व भजनलाल और चंद्रपाल मंगल दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आए थे। जिसकी शिकायत पर लेखपाल समेत कई अधिकारी अतिक्रमण हटाने जेसीबी लेकर मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद गांव हो रहे विवाद के चलते घनास्थल पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। और मिला उपजिलाधिकारी का निर्णय आने पर ही फैसले की बात कहीं। समाचार लिखे जाने तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# जर्जर मेस की बिल्डिंग खाली कराने को आउट सोर्सिंग कर्मियों को थमाया नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद के जिला चिकित्सालय के जर्जर मेस के भवन में कुछ आउटसोर्सिंग कर्मचारी अनिधिकर्त रूप से निवास कर रहे हैं जिसको लेकर जिला चिकित्सा अधीक्षक द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को कई बार चेतावनी दी जा चुकी है कि तत्काल मेस के जर्जर आवासों को खाली कर दिया जाए। किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती हैं। जिसके लिए वह आउटसोर्सिंग कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिसकी क्षतिपूर्ति जिला प्रशासन कि कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। जिला चिकित्सा अधीक्षक ने शीघ्र ही जर्जर मेस के आवास को खाली कर उसकी चाबी कार्यालय में जमा करने और बिना अनुमति जर्जर बिल्डिंग में आवास करने को लेकर 15 दिन में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।

# कम्पोजिट विद्यालय नरपत नगर में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शनिवार कंपोजिट विद्यालय नरपत नगर, विकास क्षेत्र स्वार में शनिवार को वार्षिक उत्सव की धूम रही। अभिभावक शिक्षक बैठक के दौरान शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राज्य परियोजना निदेशक ,समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश , लखनऊ के निर्देशानुसार गुरुवार को स्वार ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय नरपत नगर में अभिभावक शिक्षक बैठक ,शारदा संगोष्ठी एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक फिरासत हुसैन ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने धार्मिक उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाते हैं उसी प्रकार विद्यालय का वार्षिक उत्सव एक ऐसा अवसर है जिसमें छात्र-छात्रा अपनी रुचि के अनुसार प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं एवं वार्षिकोत्सव छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने



स्वार। फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते टीचर।

का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर कक्षा 8 के छात्रों साजिद, आरिश एवं रहमान को सम्मानित किया गया। इन छात्रों द्वारा पूरे वर्ष विद्यालय के समस्त पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया एवं इनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इस अवसर पर बोलते हुए नगर पंचायत नरपत नगर दूंदा वाला के चेयरमैन प्रतिनिधि मसरूर अहमद द्वारा बताया गया कि कंपोजिट विद्यालय नरपत नगर विकास क्षेत्र स्वार का एक अग्रणी विद्यालय है ,इसमें समय-समय पर अनेक प्रकार के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । यह विद्यालय पढ़ाई के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित करने में भी अग्रणी रहा है।एवं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय का स्टाफ सदैव प्रयत्नशील रहता है। साथ ही उपस्थित अभिभावकों से अनुरोध किया गया कि जिन बालकों का विद्यालय में नामांकन नहीं है उनका नामांकन अगले सत्र में अवश्य करा दें ।कार्यक्रम का संचालन अभिषेक पाठक द्वारा किया गया । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुबारक अली, रहमत अली ,रोहित धीमन, अरविंद कुमार ,राहुल राणा, सुनीता कुमारी , स्नेहा,सोनल अग्रवाल, सुनीता , कुसुम, चौतन्य कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अध्यक्ष का एक तो महासचिव पद पर दो नामांकन पत्र बिके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** यूथ बार एसोसिएशन शाहबाद की वर्ष 2025 की नवीन कार्यकारिणी के लिए शनिवार को नामांकन पत्रों की बिक्री आरंभ हुई। चुनाव अधिकारी अकरम अली एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एक और महासचिव पद के लिए दो नामांकन पत्रों के बिक्री हुई ।अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट सत्येंद्र प्रताप यादव ने नामांकन पत्र खरीदा वहीं महासचिव पद के लिए एडवोकेट निखिल कुमार व छत्रपाल सिंह ने एक एक नामांकन खरीदा। नामांकन के पत्रों की बिक्री का अंतिम दिन सोमवार को है जिसमें सुबह 11 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्र खरीदे जा सकेंगे।

# एआरटीओ और खनन अधिकारी पर हमले के बाद एक्शन में पुलिस

## तीन फील्डरों को किया गिरफ्तार, कार और बाइक बरामद कर की सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पुलिस ने अधिकारियों के वाहनों के रेकी करने बाले तीन खनन फील्डरों को एक कार और एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर शांति भंग में गिरफ्तार किया है। तीनों धंधेबाजों को एस डी एम न्यायालय में पेश किया है। ए आर टी ओ पर हमले के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है। एआरटीओ पर हमले के आरोपी चार खनन धंधेबाजों को पुलिस शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं। शुक्रवार की रात पुलिस पट्टीकलां क्षेत्र में छापेमार कार्रवाई कर तीन खनन फील्डरों को गिरफ्तार किया है इसे एक कार और एक बाइक बरामद की गई है पुलिस



ने तीनों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है और तीनों को स्वार एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। इनमें प्रथम पक्ष के अजीम पुत्र तस्लीम अहमद निवासी घोसीपुरा , द्वितीय पक्ष के मारूफ पुत्र मोहम्मद याकूब, निवासी सुल्तानपुर पट्टी फैजान पुत्र एहसान अली निवासी सुल्तानपुर पट्टी को एसडीएम न्यायालय में पेश किया है जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है बाइक और कार को पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस की कार्यवाही से खनन धंधेबाज में हड़कंप मच गया है।

## नगर पालिका में एसडीएम, व्यापारियों और सभासदों के बीच बैठक का आयोजन

# अतिक्रमण अभियान सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** शनिवार को नगर पालिका परिषद स्थित पालिका अध्यक्ष कार्यालय में उपजिलाधिकारी कुमार गौरव के साथ नगर पालिका अध्यक्षा साहिबा सरफराज तथा व्यापार मंडल पदाधिकारियों तथा सभासदों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापार मंडल तथा अध्यक्ष प्रतिनिध द्वारा उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान में गरीब व्यक्तियों को राहत देने तथा आगामी रमजान माह में रात्रि में दुकानें खुलने के समय में कुछ राहत देने को कहा गया। जिस पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगामी शिवरात्रि पर्व तक जारी



रहेगा, क्योंकि नगर से कावड़ियों का गुजरना रहता है, अगर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण रहेगा तो कांवर यात्रियों को समस्या आएगी। इसलिए शिव. रात्रि के बाद अतिक्रमण अभियान में राहत दी जाएगी। कुछ सभासदों द्वारा राशन कार्ड का मुद्दा भी उपजिलाधिकारी के समक्ष रखा गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस समस्या का निस्तारण कर लाभार्थी व्यक्तियों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। वहीं अध्यक्षा साहिबा सरफराज द्वारा जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र के सत्यापन में हो रही देरी से जुड़े मुद्दे को भी उपजिलाधिकारी के समक्ष रखा गया। जिसकी वजह उपजिलाधिकारी ने स्टाफ की कमी को बतलाया ओर पेंडिंग कार्य को जल्द ही पूर्ण कराए जाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुमार गौरव टांडा, अध्यक्षा साहिबा सरफराज, अध्यक्ष प्रतिनिध हाजी सरफराज आलम, लेखा लिपिक शुभम भारती, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील, हाजी अब्दुल समद, हाजी अब्दुल रशीद तथा सभासद शिवप्रसाद सैनी, महमूद नायक, भूरा रईस, तस्लीम पहलवान, तस्लीम अहमद, मेराजुल इस्लाम, शाकिब सैफी, वसीम अंसारी, मुन्ना सेठ आदि मौजूद रहे।

# सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से बढ़ी महंगाई: धर्मेन्द्र देव गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धमोरा/रामपुर।** शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कि बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय देव गार्डन धमोरा पर सम्पन हुई जिसमें आगामी पार्टी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार कि गई।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने आम जनता पर महंगाई का बोझ डाला है. आखिर मध्यम वर्गीय और नौकरी पेशा लोग क्या करें कहां जाएं. बढ़ती महंगाई ने देश कि कमर तोड़ दी है दिन प्रतिदिन महगाई बढ़ती जा रही है जिससे आम आदमी त्रस्त है सरकार महगाई रोकने मे हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। सरकार कि गलत नीतियों के कारण जनता पर महगाई का बोझ बढ़ रहा है। पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा कि लोग जवाब चाहते हैं, जुमलाबाजी नहीं, यह सरकार सिर्फ जुमलेबाजी करती है राहुल गांधी देश मे परिवर्तन कि लड़ाई लड़ रहे है। देश मे नफरत का बाजार गर्म है राहुल गांधी ने देश को जोड़कर मोहब्बत का पैगाम दिया है देश एकता से चलेगा नफरत से नहीं भाजपा ने देश को तोड़ने का काम किया और राहुल गांधी ने जोड़ने का काम किया। देश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है देश मे बेरा. जगारी और महगाई बढ़ती जा रही है सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

इस दौरान शहर अध्यक्ष नोमान खां, वेदराम यादव, आरिफ अल्वी, लल्लन खान, महेन्द्र यदुवंशी, गंग. वार, जीवेन्द्र गंगवार, मकदुम अहमद, हसीब खां, जिवेन्द्र गंगवार, हरिओम सुमन, अकरम सुलतान, रोशन लाल दिवाकर, देवकी नंदन गंगवार, जगत सिंह, महबूब खां, धर्मपाल, सुखकन लाल, ओमपाल, नजरान खां, परवेज खां, चमन शाह, रहमान अली, रईस अहमद, अनवर अली, रेहान अली आदि मौजूद रहे।



धमोरा। कॉग्रेस की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष धमेन्द्र गुप्ता।

# 3 नफर वारंटियों को पुलिस नें किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 3 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शुक्रवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी इन्दल पुत्र प्रेम सिंह 2 नरेश पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम मिलक महेश्वरी दुन्दावाला एहेतमाली, 3 अफसर अली पुत्र छोटे निवासी जालफनगला स्वार को उसके मकान से गिरफ्तार कर



स्वार। पुलिस गिरफ्त में तीन वारंटी इन्दल,नरेश, अफसर अली।

सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. राम नरेश, हे.का. सोमवीर,संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# करीमपुर के जंगल में तेंदुआ पकाने को लेकर वन विभाग की टीम हुई असफल

## ग्रामीणों में तेंदुए को लेकर दहशत है बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौकी क्षेत्र के गांव करीमपुर के जंगल में तेंदुए को पकड़ने में वन विभाग नाकाम साबित हो गया है शनिवार को भी वन विभाग की टीम ने तेंदुए के पद चिन्ह तलाशे लेकिन तेंदुए का कोई पता नहीं चल सका है। वन विभाग ने पिंजरा लगाकर औपचारिकता निभाली है। एक सप्ताह पूर्व करीमपुर के जंगल में तेंदूए ने पूर्व प्रधान हरमेल सिंह उर्फ वीर के भाई बलदेव सिंह के फार्म हाउस पर पालतू कुत्ते का शिकार कर लिया था तेंदुए का चहल कदमी करते हुए वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। वन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए खाली पिंजरा लाकर रख दिया है लेकिन अब उसमें शिकार डाला गया है। कुछ दिन तक खाली पिंजरा देखकर तेंद. ुआ करीमपुर के जंगल से रफू चक्कर हो गया था। लेकिन तेंदुआ इस जंगल में फिर सक्रिय हो गया है।शनिवार को वन रेंजर मुजाहिद हुसैन वनरक्षक गौरव कुमार परविंदर कुमार गांव पहुंचे और ग्रामीणों को इकट्ठा कर सतर्क रहने का पाठ पढ़ाकर चले गए। उधर ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी लगातार सूचना के बाद भी ग्रामीणों को तेंदुआ पकड़ने का दिलासा देते रहे लेकिन पिंजरा में शिकार डाला गया है । जिससे ग्रामीणों में तेंदुए को लेकर दहशत बनी हुई है ग्रामीण महिलाएं और बच्चे खेतों पर जाने से कटरा गए हैं ग्रामीणों को भय है की कही तेंदुआ हमला न कर दे इसी को लेकर ग्रामीण काफी परेशान है। उधर वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने बताया कि कई दिन पूर्व पिंजरा शिकार डालकर लगा दिया है। अब तेंदुए के फसने का इंतजार है।

# एसपी ने किया अजीमनगर थाने का वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने अजीमनगर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक में साफ सफाई के अलावा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने अजीमनगर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, आर्डर बुक, जनशिकायती रजिस्टर, मालमुकदमाती रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर देखे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय, जी. डी. हवालात, मालखाना, महिला हैल्प डेस्क,साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, मैस व विवेचना कक्ष आदि का मुआयना कर साफ- सफाई को चेक किया। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु स्थापित महिला



सैदनगर। अजीमनगर थाने का वार्षिक निरीक्षण करते एसपी।

हेल्पडेस्क के प्रभावी क्रियान्वयन व महिला बीट प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की कार्यवाही कराये जाने व महिला बीट कर्मियों द्वारा महिलाओं/बालि. काओ को नियमित रुप से जागरुक करने के निर्देश दिए। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल से पुलिस अधीक्षक में भीड़भाड़ वाले स्थान पर विशेष चेकिंग अभियान चलाने को कहा। मुआयने के दौरान हेड मौर्य को फरियादियों से सही पेश आने ओर थाने की साफ सफाई पर ध्यान देने को कहा गया। इस मौके पर समस्त उप निरीक्षकों के अलावा थाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रही।

**सूचना**

जनपद रामपुर थाना शाहबाद पर होन्डा सिटी कार रजि. UP15AB4400 काफी समय से खड़ी है जो कि मुकेश कुमार जैन पुत्र ताराचन्द्र जैन नि.207 ग्रीन स्टेट मेरठ के नाम पंजीकृत है। आप अपने उक्त वाहन को थाने से अबमुक्त कराने हेतु 03 दिवस में प्रक्रिया आरम्भ कर थाना शाहबाद को भी सूचित करने का कष्ट करें अन्यथा आपका वाहन नियमानुसार नीलाम कर धनराशि राज. कोष में जमा कर दी जायेगी। **सम्पर्क सूत्र प्रभारी निरीक्षक थाना शाहबाद रामपुर** 9454404168 **प्रधान लेखक थाना शाहबाद**-9719717964

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैनें अपने पुत्र जीशान को गलत संगत में पड़ जाने तथा आबारा, बदचलन, शराबी हो जाने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा अपने कृत्य का वह सवयं जिम्मेदार होगा।

**निसार पुत्र रहीम वक्श नि.मो. चाऊपुरा वार्ड नं.09 नं.पं.मसवासी थाना स्वार जनपद रामपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टाण्डा ( जनपद रामपुर )**

**पत्रांक:**-172/**ठेका/न.पा.प.टाण्डा**-2024-25 **दिनांक:**-22**फरवरी**, 2025

**सार्वजनिक नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टाण्डा, जनपद रामपुर के निम्नलिखित ठेकों का सार्वजनिक नीलाम वर्ष 2025-26 हेतु दिनांक 01.03.2025 को समय दोपहर 11:00 बजे नगर पालिका परिषद टाण्डा कार्यालय में की जायेगी। तथा किन्ही कारणवश नीलामी यदि नही होती है तो अगली तिथि 04.03.2025 को की जायेगी। ठेका स्वीकृत उपरान्त ठेकेदार को नीलाम की पूर्ण धनराशि 03 दिवस के अन्दर कार्यालय में जमा करनी होगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से उपस्थित होकर निर्धारित जमानत राशि का डी.डी. एवं आई.डी.जमा करने के उपरान्त ही बोली में भाग ले सकते हैं। बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व निर्धारित जमानत राशि का डी.डी.अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा के नाम से कार्यालय में जमा करना होगा। ठेके से सम्बन्धित अन्य शरायतें बोली से पूर्व पढ़कर सुना दी जायेगीं। इच्छुक व्यक्ति/फर्म से अपेक्षा की जाती है कि वह बोली में भाग लेने से पूर्व ठेके की समस्त शर्तो को अनिवार्य रूप से पढ़कर समझ लें। एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद टाण्डा कार्यालय में देखी जा सकती हैं। ठेका स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा में निहित रहेगा। जिसे किसी भी प्रकार की चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

| क्र. सं. | ठेके का नाम | जमानत राशि |
|---|---|---|
| 01 | ठेका ईद मेला वर्ष 2025-26 हेतु **( ईद मेले का आयोजन मुहर्रम वाले चौराहे के बराबर की गाटा सं.**376 **में** 05 **दिवसीय होगा )** | 10,00000.00 **( दस लाख रूपयें मात्र )** |
| 02 | ठेका नखासा | 2,00000.00 **( दो लाख, रूपयें मात्र )** |
| 03 | ठेका हड्डी मुर्दा खाल मबेशी | 20,000.00 **( बीस हजार रूपयें मात्र )** |

**नोट**-01.ठेका नखासा पुराने स्लॉटर हाऊस के पास खाली स्थान पर लगेगा।

.02. ईद मेला से सम्बन्धित बोलीदाता को अंकन 10.00 दस लाख रूपयें का डी.डी.अधिशासी अधिकारी नगर पालिका टाण्डा के नाम बन्धक कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। जो डी.डी.ठेकेदारों द्वारा जमा की जायेगी उसकी वापसी ईद मेला सम्पन्न होने उपरान्त ही वापस की जायेगी। तथा नीलामी की समस्त धनराशि ठेका स्वीकृत होने के 03 दिन के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा द्वितीय उच्चतम बोलीदाता को ठेका देने की कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**टाण्डा-रामपुर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**टाण्डा-रामपुर।**

# जीत के इरादे से उतरेगी रोहित ब्रिगेड



**दुबई, वार्ता।** कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के हाई वोल्टेज मुकाबले में जब मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा। बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम उत्साह से लबरेज है, वहीं पाकिस्तान को अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच पाक के लिए करो या मरो की स्थिति वाला होगा क्योंकि अगर उसे भारत से हार मिलती है तो उसके लिए टूर्नामेंट में आगे की डगर काफी मुश्किल हो जायेगी। वर्ष 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच भारत के लिए हिसाब बराबर करने का भी होगा। कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फार्म वापसी के संकेत दे दिए थे जो भारतीयों के लिए सुकून भरा है हालांकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चिर प्रतिद्वंदी के खिलाफ सर्वस्व झोंकना होगा। विराट की बल्लेबाजी पर करोड़ों भारतीय प्रशंसकों की उम्मीदें टिकी होंगी। शुभबन गिल बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ कर अपनी विश्वनीयता साबित कर चुके हैं और कल के मैच में उनकी भूमिका काफी अहम रहने वाली है। मोहम्मद शमी एक बार फिर अपने धारदार गेंदबाजी से पाक के लिए मुसीबत का सबब बन सकते है। शमी पिछले मैच में बांग्लादेश के पांच विकेट झटक कर अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुके हैं। हर्षित उनके मजबूत सहयोगी बनेंगे

- **भारत का इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा**
- **कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फॉर्म वापसी के संकेत दिए थे जो टीम के लिए सुकून भरा है**
- **बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिए चिंता का सबब बन सकती है, खुशदिल शाह पाक के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं**

वहीं हार्दिक पांड्या बीच के ओवर में पाकिस्तान बल्लेबाजी की परीक्षा लेंगे। स्पिन को मदद देने वाली पिच पर भारत अपने स्पिन आक्रमण में कोई फेरबदल करना पसंद नहीं करेगा। दूसरी ओर चोटिल फखर जमा के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पाकिस्तान टीम के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है वहीं बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिए चिंता का सबब बन सकता है। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में धीमी गति से 64 रन बनाये थे। फखर जमां की जगह इमाम उल हक को चुना गया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज खुशदिल शाह पाकिस्तान के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते है। इन सबके बावजूद पाकिस्तान को भारत हल्के में लेने की भूल नहीं करेगा। इतिहास बताता है कि पाकिस्तान एक मैच हारने के बाद पलटवार करने में सक्षम है और उसकी इसी ताकत उसे मनोवैज्ञानिक तौर पर मजबूत टीम बनाती है। कीवी टीम के खिलाफ बेअसर साबित हुए पाकिस्तान के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजी पर दवाब बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पाक के लिए हालांकि यह काफी आसान नहीं होगा। पाकिस्तान को यहां के माहौल और परिस्थितियों से तालमेल बैठाने में कुछ समय लग सकता है जबकि भारतीय टीम अपना एक मुकाबला इस मैदान पर खेल चुकी है। दोनो टीमों के लिए यहां काफी समर्थन है और दर्शक मैच का लुफ्त उठाने के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का रुख करेंगे।




## पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए विराट कोहली ने जमकर बहाया पसीना

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले ग्रुप ए मुकाबले के लिए भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने जम कर नेट प्रैक्टिस की। पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे विराट का बल्ला चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भी नहीं चला था और वह 22 रन बना कर आउट हो गए थे। स्पिनर के सामने विराट खुद को असहज महसूस कर रहे हैं और इसका प्रमाण है कि वह पिछले मैच में बांग्लादेश के रिशाद हुसैन की घूमती गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

हाल ही विराट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में आदिल रशीद के सामने संघर्ष करते नजर आए थे जबकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्हे तेज गेंदबाजों ने परेशान किया और बाहर जाती गेंदो को छेड़ने के प्रयास में उन्होने अपने विकेट गंवाये थे। विराट को अच्छी तरह पता है कि कल का मैच उनके लिए कितनी अहमियत रखता है और यही कारण है कि वे दुबई के आईसीसी अकादमी में निर्धारित अभ्यास सत्र से पहले ही पहुंच गए और जम कर पसीना बहाया। उन्होने स्पिन गेंदबाजी के सामने अभ्यास किया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हुयी है। भारत की रन मशीन कहे जाने वाले विराट 2023 से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। हालांकि इस दौरान उनकी कुछ पारियां शानदार रहीं है मगर बल्लेबाजी में निरंतरता के अभाव में उन्हे आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा है।

## लाहौर में बजा भारत का राष्ट्रगान दर्शक हुए हैरान

- **आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की बड़ी भूल सामने आई**

**लाहौर, वार्ता।** चैंपियस ट्रॉफी 2025 में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम मुकाबला खेला जा रहा था, इस मैच के शुरू में जब इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी राष्ट्रगान के लिए खड़े हुए तो एक ऐसी घटना घटी जिससे स्टेडियम में मौजूद दर्शक हैरान रह गए। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान की जगह आयोजकों ने भारत का राष्ट्रगान बजा दिया। इसके बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शक चिल्लाने लगे। इससे आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की बड़ी भूल सामने आई है। फैंस सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर कर पाकिस्तान का मजाक उड़ा रहे हैं।

आयोजकों को तुरंत अपनी गलती का अहसास हुआ। हालांकि, तब तक 'भारत भाग्य विधाता' बज चुका था। सोशल मीडिया पर इसकी क्लिप शेयर हो रही है। आयोजकों की यह बड़ी गलती है क्योंकि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के अपने कोई मैच लाहौर क्या पाकिस्तान में ही नहीं खेलने हैं। भारत ने आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद एक हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में मैच से पहले दो प्रतिस्पर्धी टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। ऐसा टॉस के बाद होता है और फिर दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिलाते हैं। यह इस चैंपियंस ट्रॉफी में पहला विवाद नहीं है। इससे पहले भी आईसीसी सवालों के घेरे में आ चुका है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इस बात पर सवाल उठे थे कि कराची के नेशनल स्टेडियम में भारतीय ध्वज को क्यों नहीं फहराया गया, जबकि अन्य सभी प्रतिस्पर्धी टीमों के झंडे लगे हुए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस मुद्दे पर सवाल किए गए थे जिसके बाद स्पष्टीकरण दिया गया था कि भारतीय टीम यहां नहीं आएगी, इसलिए झंडा नहीं लगाया गया। हालांकि, बाद में पीसीबी ने भारतीय ध्वज को शामिल किया। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को दुबई में खेले गए मैच के सीधे प्रसारण के दौरान दिखाए गए टूर्नामेंट के लोगो में देश का नाम न होने पर खेल की संचालन संस्था अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने अपनी नाराजगी व्यक्त की है।




## डकेट की रिकॉर्ड पारी इंग्लैंड ने बनाए 351 रन

- **बेन डकेट (165) की रिकॉर्ड पारी खेली**
- **मार्नस लाबूशेन और जैम्पा ने दो-दो विकेट अपनी झोली में डाले**

**लाहौर, वार्ता।** बेन डकेट (165) की रिकार्ड पारी और जो रुट (68) के साथ 158 रन की साझीदारी की मदद से इंग्लैंड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप बी मुकाबले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट पर 351 रन बना लिए। गद्दाफी स्टेडियम पर फिल साल्ट (10) और जेमी स्मिथ (15) के दो विकेट जल्दी गिरने से इंग्लैंड हल्के दवाब में आया था मगर एक छोर पर डटे डकेट के इरादे आज खतरनाक थे। उन्होने नए बल्लेबाज रुट के साथ कंगारु गें. दबाजों का कड़ा इम्तिहान लिया। दोनो खिलाड़ियों ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार करते हुये स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया। रुट एडम जम्पा की गेंद पर पगबाधा करार दिये गये। उधर दूसरे छोर पर डकेट ने पिटाई का क्रम जारी रखा। सलामी बल्लेबाज ने अपनी शतकीय पारी में 143 गेंद खेल कर 17 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके साथ ही वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकार्ड न्यूजीलैंड के नाथन एस्टल के नाम था। डकेट पारी के 48वें ओवर में मार्नस लाबुस्चगने की गेंद पर आउट हो गए। निचले क्रम में जोफा आर्चर 21 रन बना कर नाबाद वापस लौटे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेन ड्वारश्विस तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे वहीं मार्नस लाब. ुशेन और एडम जैम्पा ने दो दो विकेट अपनी झोली में डाले।

## दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बनने के हकदार गिलः पोंटिंग

- **पॉडकास्ट पर संजना गणेशन से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा यह भारत के लिए एक अच्छा संकेत है कि गिल ने पहले ही मैच में अपना खाता खोल लिया है**




**गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 229 रनों का पीछा करते हुए दुबई में एक मुश्किल लक्ष्य को पार करते हुए अपना 8वां वनडे शतक बनाया**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले शुभमन गिल की तारीफ करते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान लरकी पोटिंग ने कहा कि 25 वर्षीय प्रतिभाशाली भारतीय बल्लेबाज दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने की कुव्वत रखता है।

आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर संजना गणेशन से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा कि वह इस समय दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने का पूरी तरह से हकदार है और यह भारत के लिए एक अच्छा संकेत है कि उसने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले गेम में ही अपना खाता खोल लिया है। पोंटिंग ने कहा कि गिल हालांकि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट उनकी खेल शैली के लिए सबसे उपयुक्त है। उन्होने कहा कि वह कई वर्षों से एक बहुत, बहुत अच्छा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहा है। पिछले तीन चार वर्षों में उनका सफेद गेंद क्रिकेट उत्कृष्ट रहा है। वह एक बड़ा गेम प्लेयर भी है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने आईपीएल में वास्तव में अच्छा खेला है। गिल की एकदिवसीय क्रिकेट में, विशेषकर तेज गेंदों पर बाउंड्री लगाने की क्षमता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि सफेद गेंद का खेल वास्तव में उनकी खेल शैली के अनुकूल है। एकदिवसीय क्रिकेट में, वह मैदान के ऊपर पावर प्ले में शुरुआत में अच्छा और आक्रामक हो सकता है। वह एक बड़ा हिटर नहीं है मगर वह स्वाभाविक रूप से खेल सकता है। वह सिर्फ स्कोर करता है और तेज गेंदबाजी के खिलाफ अपनी इच्छानुसार बाउंड्री लगाता है। चैंपियंस ट्रॉफी में बल्ले से गिल शानदार फॉर्म में हैं और हाल ही में भारत ने इंग्लैंड पर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 229 रनों का पीछा करते हुए दुबई में एक मुश्किल लक्ष्य को पार करते हुए अपना आठवां एकदिवसीय शतक बनाया।

## सुशीला चानू ने पूरे किए 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच

**भुवनेश्वर, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिए 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता और तब से लगातार सीनियर टीम में अपना स्थान पक्का किया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2016 रियो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपनी टीम का नेतृत्व किया, जो 1980 के बाद पहली टीम थी। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया जहां भारत ने कांस्य पदक जीता। अनुभवी मिडफील्डर 2017 एशिया कप में भारत की महत्वपूर्ण स्वर्ण पदक जीत का भी हिस्सा थी और इससे पहले 2014 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है ।सुशीला ने टोक्यो ओलंपिक गेम्स 2020 के लिए भारत की योग्यता सुनिश्चित करने और टूर्नामेंट में टीम के ऐतिहासिक चौथे स्थान को

## रियो ओपन के सेमीफाइनल में कोमेसाना

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** अर्जेंटीना के फांसिस्को कोमेसाना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सनसनीखेज जीत हासिल कर एटीपी 500 रियो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

कॉमेसाना ने शुक्रवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो की आउटडोर क्ले पर दो घंटे और 31 मिनट में जीत हासिल करने के लिए सात में से चार ब्रेक प्वाइंट को बदल दिया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव के लिए यह रात भूलने लायक रही, उन्होंने चार डबल फॉल्ट किए और कई अप्रत्याशित गलतियां कीं। पूरे मैच के दौरानह भीषण गर्मी और उमस से असहज दिखायी दिए। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले 86वें स्थान पर काबिज कोमेसाना शनिवार को फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। इससे पहले, अर्जेंटीना के कैमिलो उगो काराबेली ने पुर्तगाल के जैमे फारिया पर 7-6 (5), 6-4 से जीत के साथ अंतिम चार में प्रवेश किया। काराबेली ने आठ ऐस लगाए और अपनी पहली सर्विस पर 78 प्रतिशत अंक जीतकर मैच एक घंटे 56 मिनट में जीत लिया। सेमीफाइनल में काराब. ेली का सामना अपने ही देश के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन बेज से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे के त्सेंग चुन-हसिन को 6-4, 6-1 से हराया।

## दिल्ली ने टॉस जीता, यूपी को पहले बल्लेबाजी

**बेंगलुरु, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग के आठवें मुकाबले में शनिवार को टॉस जीत कर यूपी वारियर्स को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। दिल्ली में अब अपने तीन मैचों में दो में जीत हासिल कर चुकी है जबकि यूपी को अभी जीत का खाता खोलना है।

## जर्मनी ने भारत पर 4-0 से जीत दर्ज की

- **भारत के पूर्व कोच जेनेके शोपमैन के नेतृत्व में जर्मनी ने खेल की अच्छी शुरुआत की**



**भुवनेश्वर, वार्ता।** जर्मनी ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) मुकाबले में भारत के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की। यह जर्मनी की सीजन में पहली जीत है। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सोफिया श्वाबे 18वें और 46वें मिनट में गोल दागे वहीं एमिली वोर्टमैन ने तीसरे मिनट में और जो. हाना हैचेनबर्ग ने 60वें मिनट पर भारत के खिलाफ गोल किये। इसके साथ जर्मनी अंकतालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है।

भारत के पूर्व कोच जेनेके शोपमैन के नेतृत्व में जर्मनी ने खेल की अच्छी शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही बढ़त हासिल कर ली। आइना क्रेस्केन ने दाहिनी ओर से एक निचला क्रॉस ड्रिल किया और एमिली वोर्टमैन ने इसे गोल में तब्दील करने में कोई गलती नहीं की। इस बीच भारत ने नौवें मिनट में एक अच्छा मौका बनाया जब दीपिका ने शानदार पास दिया, लेकिन मुमताज समय पर उस तक नहीं पहुंच सकीं। मेजबान टीम के पास 15वें मिनट में स्कोर बराबर करने का एक और शानदार मौका मिला मगर उसकों भी भारतीय लड़कियां भुनाने में असफल रहीं। उधर, जर्मनी ने 18वें मिनट में सोफिया श्वाबे के शानदार गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारतीयों को तेजी से वापसी की जरूरत थी, लेकिन मूसलाधार बारिश के कारण पिच धीमी होने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। भारत 27वें मिनट में गोल करने के करीब पहुँच गया जब नवनीत ने शर्मिला को एक अच्छा पास दिया लेकिन बाद के प्रयास को आसानी से निपटा लिया गया।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत शुरुआत की और ब्यूटी डुंगडुंग ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। दीपिका ने एक बेहतरीन ड्रैगफ्लिक मारा लेकिन वह पोस्ट के ठीक बाहर चला गया। जर्मनी ने अंतिम क्वार्टर तक अपनी 2-0 की बढ़त बरकरार रखी। श्वाबे ने 46वें मिनट में शाम का अपना दूसरा गोल किया। उसने गोलमाउथ में गेंद प्राप्त की, खुद को अच्छी तरह से सेट किया। और एक जोरदार टॉमहॉक फायर करके स्कोर 3-0 कर दिया और प्रभावी ढंग से गेम को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। जब मुमताज ने 57वें मिनट में गोल किया।



# चीन ने कोरोना जैसा नया वायरस खोजा

## कोविड-19 की तरह इंसान को संक्रमित करता है, चमगादड़ समेत कई पशु-पक्षियों से फैल सकता है

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने जानवरों से इंसान में फैलने वाले कोरोना जैसे वायरस का पता लगाया है। इसका नाम **HKU5-CoV-2** है। इस वायरस में भी कोविड-19 के लिए जिम्मेदार वायरस **ARS-CoV-2** की तरह ह्यूमन रिसेप्टर पाया गया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक शी झेंगली ने इस वायरस पर स्टडी करने वाले टीम की अगुआई की है।

**शी झेंगली ने इस वायरस पर स्टडी करने वाली टीम की अगुवाई की**

टीम में गुआंगजौ लेबोरेट्री, गुआंगजो साइंस एकेडमी, वुहान यूनिवर्सिटी और वुहान इंस्टीटयूट ऑफ वायरोलॉजी के वैज्ञानिक शामिल थे। यह स्टडी 18 फरवरी को पीयर-रिव्यूड जर्नल सेल में छपी है। रिसर्च में पाया गया कि नया वायरस कोरोना वायरस की तरह ही मानव कोशिकाओं को संक्रमित करता है। यह न केवल चमगादड़ बल्कि इंसानों समेत कई जानवरों पर भी असर दिखाता है।

स्टडी में सामने आया है कि इस नए वायरस के चमगादड़ से इंसानों में फैलने का खतरा काफी ज्यादा है। हालांकि इसके इंसान से जुड़ने की क्षमता कोरोना वायरस से कम है।

संभावित खतरे को देखते हुए वैज्ञानिकों ने आगे निगरानी की जरूरतों पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है। दो महीने पहले चीन में कोरोना जैसा नया वायरस फैला कोविड-19 के 5 साल बाद चीन में फिर एक बार नए वायरस का संक्रमण फैला था। इसके लक्षण भी कोरोना वायरस की तरह ही थे। इस नए वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) था। वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा गया था। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे। इसके लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और गले में घरघराहट शामिल था। एचएमपीवी के अलावा इन्फ्लुएंजा ए, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और कोविड-19 के केस भी सामने आए थे। भारत में भी हुआ था असर एचएमपीवी वायरस का असर भारत में भी हुआ था। देश में इसके कई मामले आए थे। इसके बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी थी। बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई थी।

# काश पटेल ने भगवद गीता पर हाथ रखकर ली शपथ



**वॉशिंगटन।** भारतवंशी कश्यप काश पटेल ने शनिवार को भगवद गीता पर हाथ रखकर अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर पद की शपथ ली।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी उनकी तारीफ की और कहा कि वे एफबीआई एजेंट्स के बीच काफी लोकप्रिय हैं, इसलिए वे उन्हें यह अहम जिम्मेदारी देना चाहते थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें यकीन है कि पटेल अब तक के सबसे काबिल एफबीआई डायरेक्टर के रूप में जाने जाएंगे। पटेल बोले: अमेरिकन ड्रीम को जी रहा हूं काश

**FBI डायरेक्टर पद की संभाली जिम्मेदारी, ट्रम्प बोले: वे सबसे काबिल अफसर बनेंगे**

पटेल एफबीआई का नेतृत्व करने वाले नौंवे अधिकारी हैं। उन्होंने शपथ लेने के बाद कहा कि कई लोग कहते हैं कि 'अमेरिकन ड्रीम' खत्म हो चुका है। लेकिन उन्हें यह देखना चाहिए कि मैं अमेरिकन ड्रीम को जी रहा हूं। आप पहली पीढ़ी के भारतीय से बात कर रहे हैं जो दुनिया के सबसे महान राष्ट्र की एक अहम सरकारी एजेंसी का नेतृत्व करने जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सलमान रुश्दी पर हमला करने वाला दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से हमला करने वाले हादी मतार (27 साल) को न्यूयॉर्क की एक अदालत ने हत्या की कोशिश और हमले का दोषी माना है। मतार ने अगस्त 2022 में न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान रुश्दी पर चाकू से 15 वार किए थे। रुश्दी के सिर, गर्दन, धड़ और बाईं हथेली पर गंभीर चोटें आई थीं। उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। नस कट जाने से एक हाथ लकवाग्रस्त हो गया था। इसके अलावा उनके लीवर और आंतों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था। मतार की सजा की तारीख 23 अप्रैल तय की गई है। माना जा रहा है कि उसे अब 30 साल से ज्यादा जेल हो सकती है। हमले के बाद सलमान रुश्दी को इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से ले जाया गया। रुश्दी ने कोर्ट में खुद गवाही दी, कहा-लगा कि मरने वाला हूं न्यूयॉर्क के चौटाउक्वा काउंटी कोर्ट में इस मामले की 2 सप्ताह तक सुनवाई चली।

### इराकी सेना ने आईएस के 25 ठिकानों को नष्ट किया

**बगदाद।** इराक की सेना ने उत्तरी इराक के पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार इराक की आतंकवाद निरोधी सेवा के बलों ने नीनवे की प्रांतीय राजधानी मोसुल से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मखमौर क्षेत्र में एक अभियान चलाया और आईएस के 18 ठिकानों और सात सुरंगों को नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि बलों को मानव अवशेष, साथ ही विस्फोटक उपकरण, गोला-बारूद, दो ड्रोन, एक मोटरसाइकिल और अन्य रसद सामग्री भी मिली है।

### तुर्की के चौदह प्रांतों में भारी बर्फबारी होने को लेकर चेतावनी जारी

**अंकारा।** तुर्की के कई क्षेत्रों में जारी भारी बर्फबारी को लेकर मौसम विभाग ने यहां के आठ प्रांतों में नारंगी कोड और छह अन्य प्रांतों के लिए पीले कोड की चेता. वनी जारी की है। प्रांतीय मौसम विज्ञान सेवा के अनुसार, यालोवा, कोकेली, सकारिया, दुजसे, ज़ोंग. ुलदक, कस्तमोनू, सिनोप और बार्टिन प्रांतों में नारंगी चेतावनी जारी की गई है जबकि इस्तांबुल और पांच अन्य प्रांतों को पीली चेतावनी मिली है। इसके अलावा शुक्रवार को मध्य और पूर्वी काला सागर, पूर्वी तथा दक्षिणपूर्वी अनातोलिया के तटीय क्षेत्रों, इस्तांबुल और उसके आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी एक आसार हैं। बर्फबारी के शनिवार को भी जारी रहने का अनुमान है।

### अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग विस्फोट, एक की मौत

**लश्कर गाह।** दक्षिणी अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में शनिवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एज़ातुल्लाह हक्कानी ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार सुबह गेरेशक जिले में एक सड़क पर हुई। एक ट्रैक्टर पुरानी बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट की चपेट में आ गया। चालक की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि अफगानिस्तान कथित तौर पर दुनिया में सबसे अधिक बारूदी सुरंगों से प्रभावित देशों में से एक है, जहां हर महीने इस तरह के विस्फोटों में कई लोग, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं, मारे जाते हैं और अपंग हो जाते हैं।

# हमास ने बच्चों को गला घोंटकर मारा: इजरायल

## एक 9 महीने, दूसरा 4 साल का, क्रूरता छिपाने के लिए बोला: हवाई हमला हुआ, मां-बाप और दोनों बच्चों को किडनैप किया था

**गाजा, वार्ता**

**इजरायली** फोर्स ने शनिवार को दावा किया कि हमास ने 2 बंधक बच्चों एरियल बिबास और केफिर बिबास की गला दबाकर बेरहमी से हत्या की। इसके बाद अपनी क्रूरता छिपाने के लिए कहा कि ये बच्चे हवाई हमले में मारे गए। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने फोरेंसिक रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया। केफिर बिबास 9 महीने और एरियल बिबास 4 साल का था, जब उन्हें बंधक बनाया गया। आईडीएफ ने आरोप लगाया कि हमास ने इन दोनों भाइयों की हत्या छिपाने की कोशिश की।



हमास ने 7 अक्टूबर को यार्डेन बिबास, पत्नी शिरी और उनके दोनों बेटों को किडनैप कर लिया था। 20 फरवरी को मां शिरी बिबास और उनके दोनों बच्चों के शव इजरायल को सौंपे थे। बच्चों के पिता इसी महीने 1 फरवरी को हमास की कैद से आजाद हुए थे। हमास ने नवम्बर 2023 में दावा किया था कि शिरी और उनके दोनों

### हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली बंधक का शव आईसीआरसी के हवाला किया

बच्चों की इजरायली बमबारी में मौत हो चुकी है। हालांकि, इजरायल ने कभी भी हमास के इस दावे को नहीं माना। इजरायल ने यही कहा कि हमास ने ही बिबास का परिवार को बंधक बना रखा है।

हमास ने बीते गुरुवार को 4 इजरायली बंधकों के शव इजरायल को लौटाए। इनमें शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास के शव शामिल थे। चौथा शव 83 साल के ओडेड लिफिशट्ज का था। हालांकि, इजरायल का कहना है कि उसे जो शव सौंपा गया है, वो शिरी बिबास का नहीं है। पहले चरण के तहत 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाना है। इसमें इजरायल के किडनैप 19 बंधक को अब तक 1100 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों के बदले रिहा किया जा चुका है।

इजरायल का कहना है कि बाकी 14 में से आठ की मौत हो चुकी है। वहीं हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक इजरायली बंधक शिरी बिबास का शव अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) को सौंप दिया। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। इससे पहले इजरायली अधिकारियों ने पाया कि गुरुवार को हमास द्वारा लौटाया गया शव शिरी बिबास का नहीं था। अधिकारी ने बताया कि इजरायली हवाई हमलों के कारण हुई अराजकता के कारण शवों की पहचान गलत हो गई। उन्होंने कहा कि 'यह अनजाने में हुई गलती थी क्योंकि शिरी का शव उस क्षेत्र पर इजरायली हमलों के कारण अन्य शवों के साथ मिल गया था, जहां वह था।' अल-क़स्साम ने गुरुवार को चार इजरायली बंधकों के अवशेषों को संभवत: शिरी बिबास, उनके दो बेटे एरियल और केफिर, साथ ही सेवानिवृत्त पत्रकार ओडेड लिफ़्शिट्ज़ को आईसीआरसी के माध्यम से वापस इज़रायल भेज दिया। चारों बंधकों का सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इज़रायल पर हमास के हमले के दौरान गाजा में अपहरण कर लिया गया था। हालांकि बाद में गुरुवार को चार शवों पर फोरेंसिक विश्लेषण करने के बाद इज़रायली अधिकारियों ने घोषणा की कि शुरू में माना जा रहा शव शिरी बिबास का था जो उसके डीएनए से मेल नहीं खाता। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को धमकी दी कि इज़रायल शिरी के शव को सौंपने में विफलता के लिए हमास से बदला लेगा। उन्होंने कहा कि 'हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और बुरे उल्लंघन की पूरी कीमत चुकाए।

### औन ने सेना के लिए अमेरिकी समर्थन का आग्रह किया

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने शुक्रवार को अमेरिका से सेना को उपकरण और संसाधनों के साथ समर्थन जारी रखने का आह्वान किया ताकि वह अपने राष्ट्रीय सुरक्षा कर्तव्यों को पूरा करने में मदद कर सके खासकर दक्षिणी लेबनान में। लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार औन ने बेरूत में कांग्रेसी डेरेल इस्सा के नेतृत्व में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान वाशिंगटन से दक्षिणी लेबनान में अपने कब्जे वाले पांच शेष बिंदुओं से इजरायल की वापसी को पूरा करने के लिए दबाव डालने का भी आग्रह किया। बयान में कहा गया है कि इस्सा ने औन को उनके चुनाव पर बधाई दी और विभिन्न क्षेत्रों में लेबनान का समर्थन करने के लिए वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वह लेबनान की इजरायल की पूरी तरह वापसी की मांग को पूरा करने के लिए अमेरिकी प्रशासन और कांग्रेस के साथ काम करेंगे। बैठक के बाद इस्सा ने संवाददाताओं को बताया कि बातचीत में लेबनान के सामने आने वाली दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों पर चर्चा की गई जिसमें शासन को मजबूत करना, आर्थिक सुधार को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 को लागू करना शामिल है। इस्सा ने दक्षिणी लेबनान में पांच स्थानों पर इज़रायल की निरंतर उपस्थिति के बारे में स्वीकार किया कि हालांकि महत्वपूर्ण प्रगति हुई है लेकिन आगे और कदम उठाने की आवश्यकता है।

### नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए चंद्र मिशन शुरू करेगी इंट्यूटिव मशीन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी कंपनी इंट्यूटिव मशीन इस महीने के अंत में नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए अपना दूसरा चंद्र मिशन शुरू करेगी। नासा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस मिशन का कोडनेम आईएम-2 है। यह बुधवार 26 फरवरी को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार प्रक्षेपण के बाद इंट्यूटिव मशीन का चंद्र लैंडर, एथेना, गुरुवार 06 मार्च से पहले चंद्रमा की सतह पर उतरने से पहले लगभग एक सप्ताह चंद्रमा पर पारगमन में बिताएगा।

### स्पेसएक्स ने 23 स्टारलिक उपग्रहों को कक्षा में किया प्रक्षेपित

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को 23 स्टारलिक उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित किया। स्पेसएक्स के अनुसार उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से पूर्वी समय सुबह करीब 10:19 बजे पर फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। यह फाल्कन 9 रॉकेट का 450वां मिशन है। स्पेसएक्स ने बताया कि प्रक्षेपित 23 स्टारलिक उपग्रहों में से 13 डायरेक्ट टू कॉल क्षमता वाले हैं।



### शांति वार्ता में जेलेंस्की की उपस्थिति महत्वपूर्ण नहीं: ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शांति वार्ता में यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमिर ज़ेलेंस्की की उपस्थिति को महत्वपूर्ण नहीं बताया है। उनका यह बयान उस समय आया जब यूक्रेन और रूस के बीच जारी संघर्ष के समाधान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत हो रही है। फ़ॉक्स न्यूज़ रेडियो के ब्रायन किलमीड शो में शुक्रवार को दिए गए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने युद्ध से निपटने के ज़ेलेंस्की के तरीके की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं ज़ेलेंस्की को कई सालों से देख रहा हूं, कैसे उनके शहर तबाह हो रहे हैं, कैसे उनके लोग और सैनिक मारे जा रहे हैं। ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की पर बातचीत में कमज़ोर होने का आरोप लगाया और कहा कि उनके पास कोई कार्ड नहीं है। पिछले तीन सालों में ज़ेलेंस्की की बातचीत में भागीदारी से कोई ठोस परिणाम नहीं मिले हैं। ट्रम्प ने कहा कि वह तीन साल से बैठकों में शामिल हैं, और कुछ भी नहीं हुआ। यूक्रेन में तबाही को स्वीकार करते हुए, ट्रम्प ने तर्क दिया कि शांति वार्ता में ज़ेलेंस्की की भागीदारी ने सौदे तक पहुंचना और भी मुश्किल बना दिया है।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को हटाया

## अश्वेत आंदोलन को सपोर्ट किया था, जो 2020 में ट्रम्प के चुनाव हारने की बड़ी वजह बना

**वॉशिंगटन, वार्ता**


**डोनाल्ड** ट्रम्प ने शुक्रवार रात देश के सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को अचानक हटा दिया। इस अफसर का नाम चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर है, जो सेना के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के चेयरमैन थे। जेसीएस अमेरिका के रक्षा विभाग के सबसे सीनियर मिलिट्री लीडर्स का ग्रुप है। यह ग्रुप राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, होमलैंड सिक्योरिटी काउंसिल और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल को सैन्य मामलों पर सलाह देता है। सी क्यू ब्राउन ने 2020 में ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन का सार्वजनिक तौर पर समर्थन किया था। यह आंदोलन अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद शुरू हुआ था। तब सी क्यू एयरफोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ थे। उस वक्त ट्रम्प राष्ट्रपति के पद पर थे। ट्रम्प के 2020 चुनाव में हुई हार के पीछे इस आंदोलन की बड़ी भूमिका मानी जाती है। वायु सेना सचिव बारबरा बैरेट ने 6 अगस्त 2023 को जनरल सी क्यू ब्राउन को पद की शपथ दिलाई थी। वे वायु सेना के 22वें चीफ ऑफ स्टाफ बने थे। ट्रम्प ने ब्राउन की जगह रिटायर्ड वायु सेना जनरल डैन केन को जेसीएस चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी। ट्रम्प और डैन केन की मुलाकात 2018 में इराक में हुई थी। तब केन ने कहा था कि वे ट्रम्प के लिए जान भी दे सकते हैं। ट्रम्प ने बाइडन सरकार पर आरोप लगाया-डैन केन का प्रमोशन नहीं किया गया, क्योंकि वे मेरे करीबी थी। वे 4 स्टार अफसर बनने के काबिल थे। चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर के अलावा रक्षा विभाग के 5 और अफसरों को निकाला गया है। इनमें पहली बार नौसेना की जिम्मेदारी संभालने वाली महिला अफसर एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी, एयर फोर्स के डिप्टी चीफ जेम्स स्लाइफ के अलावा आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के 3 टॉप वकील शामिल हैं। फिलहाल इनके नामों का खुलासा नहीं हुआ है। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद जेसीएस के चेयरमैन को बदलने का चलन नहीं है। वह चार का कार्यकाल पूरा करता है और दोनों प्रशासन के बीच पुल का काम करता है, लेकिन सी क्यू ब्राउन सिर्फ 16 महीने ही पद पर रह पाए। उन्हें 1 अक्टूबर 2023 को यह पद सौंपा गया था। सी क्यू ब्राउन अमेरिकी सैन्य इतिहास में दूसरे ब्लैक अफसर थे जो इस पद तक पहुंचे थे। वे 4 स्टार फाइटर पायलट हैं। अमे. रिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पद संभालने से पहले नवम्बर में सी क्यू ब्राउन को हटाने का संकेत दिया था।



### अमेरिका यूक्रेन के साथ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के दौरान अमेरिकी सहायता के बदले समझौते के तहत यूक्रेन को अपने दुर्लभ खनिजों का 50 प्रतिशत सौंपना होगा। वीडियो संबोधन में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी और अमेरिकी टीमें हमारी सरकारों के बीच एक मसौदा समझौते पर काम कर रही हैं। यह समझौता हमारे संबंधों में मूल्य जोड़ सकता है-सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विवरण सही तरीके से प्राप्त किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह वास्तव में काम करता है। यूक्रेनी शीर्ष नेता ने कहा कि मैं उचित परिणामों की उम्मीद करता हूं।

# संकट में पड़ी शरीफ की कुर्सी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अपने विरोधी गठबंधन को मजबूत करने में जुटी है। इस बीच, जेयूआई-एफ के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान के विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की अटकलों ने नवाज शरीफ की सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। विपक्षी दल अब नए राजनीतिक समीकरण बना रहे हैं, जिससे इमरान खान को बड़ा फायदा मिल सकता है। पीटीआई ने मौलाना फजलुर रहमान को विपक्षी गठबंधन में शामिल करने के लिए बातचीत तेज कर दी है। हाल ही में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने फजलुर रहमान से मुलाकात की थी। इसके बाद से अटकलें तेज हो गई हैं कि जेयूआई-एफ भी गठबंधन में शामिल हो सकती है।

अगर मौलाना फजलुर रहमान विपक्षी गठबंधन में शामिल होते हैं, तो नवाज शरीफ सरकार की स्थिति और कमजोर हो सकती है। सरकार के

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान को पाकिस्तान सेना ने दे दी संजीवनी

खिलाफ बढ़ती नाराजगी और विपक्ष की एकजुटता से शरीफ की कुर्सी संकट में आ सकती है। पीटीआई और तहरीक-ए-तहफ्फुज-ए-आइन पाकिस्तान (टीटीएपी) अब सिंध में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बैठकें कर रहे हैं। मीडिया में यह खबरें आई थीं कि फजलुर रहमान ने गठबंधन में शामिल होने के लिए तीन शर्तें रखी हैं, लेकिन टीटीएपी के प्रवक्ता अखुंजादा हुसैन यूसुफजई ने इन खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मौलाना ने कोई शर्त नहीं रखी है, बल्कि सरकार के खिलाफ लड़ाई में विपक्ष का साथ देने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान सेना और सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि विपक्षी गठबंधन बनने से सबसे बड़ा फायदा इमरान खान को होगा। जेल में रहते हुए भी उनकी पार्टी की पकड़ मजबूत होती जा रही है। अगर जेयूआई-एफ विपक्ष में शामिल होती है, तो इमरान खान को और मजबूती मिलेगी। टीटीएपी के नेता महमूद अचकजई और शाहिद खाकान अब्बासी ने ऐलान किया है कि 26-27 फरवरी को एक राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाया जाएगा।

# रूबी ढल्ला कनाडा पीएम की रेस से बाहर



**टोरंटो।** भारतीय मूल की रूबी ढल्ला कनाडा में प्रधानमंत्री पद की रेस से बाहर हो गई हैं। लिबरल पार्टी ने शुक्रवार को उन्हें इस पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। इसी के साथ उनके प्रधानमंत्री बनने की संभावना खत्म हो गई है। पार्टी की वोटिंग कमेटी की जांच में सामने आया कि रूबी ढल्ला ने चुनाव में खर्च समेत कुल 10 नियमों का उल्लंघन किया है।

यह जानकारी लिबरल पार्टी के नेशनल डायरेक्टर आजम इस्माइल ने दी है। इस्मालइ के मुताबिक ढल्ला ने जरूरी चुनावी वित्तीय जानकारी का खुलासा नहीं किया था। साथ ही आरोप है कि उन्होंने जो वित्तीय जानकारी दी, वो भी गलत थी। रूबी ढल्ला ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताते हुए

**चुनावी खर्च में गड़बड़ी पर अयोग्य करार, बोलीं: मेरा सपोर्ट बढ़ता देख पार्टी घबराई**

खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी उनके लिए लगातार बढ़ते सपोर्ट से घबरा गई है। रूबी ने कहा कि मुझे रेस से हटाने के लिए हथकंडों का इस्तेमाल किया गया। ये इस बात की पुष्टि करते हैं कि लोगों तक हमारा मैसेज पहुंच रहा था। हम जीत रहे थे और एस्टेब्लिशमेंट को हमसे खतरा महसूस हो रहा था। ढल्ला ने वकालत की प्रैक्टिस जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं कनाडाई लोगों के लिए खड़ी रहूंगी और कनाडा के लिए लड़ूंगी। मुझे अभी-अभी लिबरल पार्टी ने जानकारी दी है कि मुझे लीडरशिप की दौड़ से अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

# आदर जैन-अलेखा शादी के बंधन में बंधे

**आलिया के साथ दिखे रणबीर, सैफ अली खान भी आए नजर, शाहरुख की पत्नी-बेटी ने भी की शिरकत**

**मुंबई।** करीना-करिश्मा के कजिन और एक्टर आदर जैन ने अलेखा से शादी की। यह शादी उन्होंने हिंदू रीति-रिवाज से की। शादी में कपूर खानदान के अलावा बॉलीवुड जगत की बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। इससे पहले आदर और अलेखा ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज से गोवा में शादी की थी।

यह एक प्राइवेट सेरेमनी थी, जिसमें परिवार के लोग और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अलेखा से पहले आदर एक्ट्रेस तारा सुतारिया के साथ रिश्ते में थे। तारा से ब्रेकअप के बाद आदर जैन को अलेखा आडवाणी के साथ पहली बार करीना की दिवाली पार्टी में देखा गया था। दोनों ने पैपराजी को पोज भी दिया था। इसके कुछ दिन बाद ही आदर ने एक पोस्ट के जरिए अलेखा के साथ अपने रिलेशनशिप पर मुहर लगा दी थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अलेखा का हाथ थामे हुए एक तस्वीर शेयर की थी। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा था- मेरी जिंदगी की रोशनी। आदर रीमा जैन और मनोज जैन के बेटे हैं। रीमा जैन दिवंगत राज कपूर की बेटी हैं। कपूर खानदान से ताल्लुक रखने के नाते आदर का रुझान भी हमेशा फिल्मों की तरफ रहा और एक्टिंग की ही करियर ऑप्शन के तौर पर चुना। आदर ने 2017 में फिल्म कैदी बैंड के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वो फिल्म मोगुल और हैलो चार्ली में दिखे। हालांकि आदर की तीनों फिल्मों ने बॉक्स आफिस पर कुछ खास कमाल नहीं किया।

# शाहरुख खान को एलन ग्रुप ने बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर



**रियल एस्टेट की प्रमुख कंपनी है एलन**

**कोलकाता।** रियल एस्टेट की प्रमुख एलन ग्रुप ने शनिवार को फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को भारतीय लक्जरी रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

शाहरुख ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि महानता उन्हीं को मिलती है जो सीमाओं को पार करने का साहस करते हैं। एलन ग्रुप उस निडर भावना का प्रतीक है और मुझे इस एसोसिएशन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। कंपनी के निदेशक आकाश कपूर ने कहा कि मैं एलन परिवार में शाहरुख खान का स्वागत करते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एलन ग्रुप में, हम सिर्फ परियोजनाएं नहीं बनाते हैं-हम आइकन बनाते हैं।

शाहरुख खान सिर्फ एक सुपरस्टार से कहीं अधिक हैं। उनकी जीवन से भी बड़ी उपस्थिति, प्रभाव और पूर्णता की निरंतर खोज एलन के दर्शन व एलन ब्रांड से मेल खाती है।

# मेरे हसबैंड की बीवी की बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत

**ओपनिंग डे पर सिर्फ 1.5 करोड़ कमाए साल की सबसे खराब दूसरी ओपनर बनी**

**मुंबई।** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह-स्टारर फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी रिलीज हो चुकी है। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन में सिर्फ 1.5 करोड़ रुपए की कमाई की।



इसके बाद यह फिल्म साल की अब तक दूसरी सबसे खराब ओपनिंग वाली पिफल्म बन गई। इससे पहले पिफल्म आजाद 17 जनवरी को रिलीज हुई थी, जिसने पहले दिन केवल 1.5 करोड़ का कलेक्शन किया था। अर्जुन कपूर की पिछली चार फिल्मों का कलेक्शन देखें तो साफ है कि सिंघम अगेन के अलावा बाकी सभी फिल्मों ने कोई खास कलेक्शन नहीं किया। 2021 में आई फिल्म भूत पुलिस में अर्जुन नजर आए थे। लेकिन इस फिल्म ने सिर्फ 21.67 करोड़ की कमाए। जबकि फिल्म सिंघम अगेन ने इंडियन बॉक्स आफिस पर 247.85 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।

**अर्जुन की 4 फिल्मों के कलेक्शन पर नजर-**

| | |
|---|---|
| भूत पुलिस | 21.67 करोड़ |
| एक विलेन रिटर्न्स | 68.64 करोड़ |
| कुत्ते | 5.91 करोड़ |
| सिंघम अगेन | 247.85 करोड़। |

फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म के ट्रेलर में अर्जुन, भूमि और रकुल की कामेडी दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अर्जुन और भूमि दूसरी बार स्क्रीन पर साथ दिखेंगे। इससे पहले दोनों ने साल 2023 में फिल्म द लेडी किलर में काम किया।

यह एक क्राइम थ्रिलर मूवी थी। डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी एक रोमांटिक-कामेडी फिल्म है, जिसमें शादी, प्यार और एक्स-पार्टनर के इर्द-गिर्द घूमती एक दिलचस्प कहानी दिखाने की कोशिश की गई है। इस फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुलप्रीत सिंह और हर्ष गुजराल की अहम भूमिका है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 30 मिनट है। फिल्क को रेटिंग भी कुछ खास नहीं मिल पा रही है। अब देखना है कि क्या फिल्म आगे कुछ कर पाती है!

# नरगिस ने बॉयफ्रेंड को बनाया जीवनसाथी



**मुंबई।** एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने अपने लान्गटाइम बायफ्रेंड टोनी बेग से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने हाल ही में लास एंजिल्स में गुपचुप तरीके से शादी की। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अब यह कपल स्विट्जरलैंड में अपना हनीमून मना रहा है। हालांकि, नरगिस ने अभी तक इस मामले में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। रेडिट पर नरगिस फाखरी और टोनी बेग की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। इसमें उनका वेडिंग केक दिखाई दे रहा है, जिस पर हैप्पी मैरिज लिखा हुआ है। साथ ही दोनों के साइन भी किए गए हैं। टोनी बेग कश्मीर के रहने वाले एक बिजनेसमैन हैं। दोनों की पहली मुलाकात एक पार्टी के दौरान हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नरगिस और टोनी 2022 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। नरगिस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर स्विट्जरलैंड की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके अलावा, एक्ट्रेस टोनी की स्टोरीज भी री-शेयर कर रही हैं। इस वजह से सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि दोनों ने वास्तव में शादी कर ली है और अब वे हनीमून मना रहे हैं। उदय चोपड़ा ने साल 2013 में नरगिस फाखरी को डेट करना शुरू किया था। एक-दूसरे को पांच साल तक डेट करने के बाद, दोनों ने 2017 में ब्रेकअप कर लिया था। हालांकि, एक इंटरव्यू में उदय के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए नरगिस ने कहा था, उदय और मैंने 5 साल तक डेट किया और वह भारत में मुझे मिले सबसे खूबसूरत इंसान थे। मैंने मीडिया के सामने यह कभी नहीं कहा क्योंकि लोगों ने मुझे अपने रिश्ते को छिपाकर रखने के लिए कहा था, लेकिन मुझे इसका अफसोस है। मॉडलिंग की दुनिया में अपनी जगह बनाने के बाद नरगिस ने 2011 में फिल्म राकस्टार से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

# कृति-कबीर की शादी निकली अफवाह

**बिजी वर्क शैड्यूल के चलते 2025 में शादी करने का कोई इरादा नहीं**

**मुंबई।** कृति सेनन काफी दिनों से अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अफवाह है कि एक्ट्रेस बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों के जल्द ही शादी करने की अफवाह भी सामने आई थी। हालांकि शादी की अफवाह झूठी साबित हुई हैं। कृति और कबीर साल 2025 में शादी नहीं करेंगे। इसकी वजह एक्ट्रेस का बिजी वर्क शेड्यूल बताया जा रहा है। एक्ट्रेस 15 फरवरी को बायफ्रेंड के साथ नई दिल्ली एयरपोर्ट पर नजर आई थीं। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा था कि वो कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थी। कृति के दिल्ली जाने की असल वजह सामने आई है। एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू करने के लिए दिल्ली गई थीं। 15 फरवरी को दोनों दिल्ली एयरपोर्ट पर साथ दिखे, जिसके बाद दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर



काफी वायरल हुआ। एक्ट्रेस के रूमर्ड बायफ्रेंड कबीर दिल्ली के रहने वाले हैं। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स कयास लगाने लगे थे कि कृति, कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थीं। कृति व बिजनेसमैन कबीर अक्सर साथ नजर आते हैं। दोनों ने न्यू ईयर और क्रिसमस भी साथ में सेलिब्रेट किया था। दोनों को राहत फतेह अली खान के कान्सर्ट में साथ देखा गया था।

# महाकुंभ से चर्चाओं में आई मोनालिसा ने मां को दिया तोहफा

**नई दिल्ली।** हाथों में रूद्राक्ष, गले में माला और सोशल मीडिया में महाकुंभ से अपनी पहचान बनाने वाली बंजारण मोनालिसा आज सुर्खियां बंटोर रही हैं। मोनालिसा ने मां को उपहार में सोने की चैन दी है। कहा जा रहा है कि जिस समुदाय से मोनालिसा आती हैं उस पर भगवान शिव की अपार कृपा है। महाकुंभ वाली मोनालिसा रातों रात इंटरनेट सेंसेशन बन गई। एक तस्वीर और वीडियो का उनकी जिंदगी पर ऐसा असर पड़ा कि कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था। एक तरफ तो उन्हें कुंभ में लोग इतना परेशान करने लगे थे कि उन्हें छिप कर वहां से लौटना पड़ा। दूसरी तरफ फिल्म मेकर सनोज मिश्रा उन्हें ढूंढते हुए उनके घर पहुंचे और एक फिल्म ऑफर की। इस फिल्म मेकर की खासियत यह है कि इन्होंने ना केवल मोनालिसा को फिल्म ऑफर की बल्कि साथ ही साथ उनकी ग्रूमिंग पर भी काम कर रहे हैं।

**मोनालिसा और मां का वीडियो हुआ वायरल**

मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ समय पहले एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में मोनालिसा अपनी मां के साथ बैठी नजर आ रही हैं। मोनालिसा के हाथ में एक चेन नजर आती है। वो कहती हैं देखिए आज मुझसे मेरी मां मिलने आई है। मैं उनके लिए एक तोहफा लाई हूं। इसके



बाद मोनालिसा मां को चेन पहनाती हैं और कहती हैं मेरी मां ही मेरे लिए सबकुछ हैं। दोनों की सिम्पलिसिटी की बात करें तो मोनालिसा भी सिंपल टीशर्ट पजामें में दिखीं और उनकी मां ने भी

**एक फिल्म निर्माता ने स्वयं उनके घर जाकर उनको फिल्म की ऑफर**

एक सादी सी साड़ी पहनी थी।

**सोशल मीडिया यूजर्स के आए ऐसे रिएक्शन**

एक फैन ने मोनालिसा की तारीफ करते हुए क्लैप आइकन पोस्ट किए। एक ने लिखा, वाह मोना क्या बात कही मेरा हर कुछ गिफ्ट यही है। एक ने लिखा, सही कहा मोना, हमेशा खुश रहो। एक ने लिखा, आपकी जिंदगी बदली है लेकिन इसे ऐसे संभाले रखना। एक बोला, वाह बेटा क्या

# तमन्ना की फिल्म ओडेला 2 का टीजर रिलीज



**प्रयागराज।** जानी-मानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म ओडेला 2 का टीजर रिलीज हो गया है। तमन्ना भाटिया ने 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन किया और अब वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर प्रशंसकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। वह अपनी अगली बड़ी फिल्म ओडेला 2 की रिलीज के लिए तैयार हैं। तमन्ना द्वारा इस प्रोजेक्ट की घोषणा किए जाने के बाद से ही प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अपनी उत्सुकता साझा कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म का पोस्टर जारी किया, जिसमें उनका आकर्षक नागा साधु अवतार दिखाया गया और खुला. सा किया गया कि टीजर 22 फरवरी को महाकुंभ में लॉन्च किया जाएगा।

तमन्ना ओडेला 2 का भव्य टीजर जारी करने के लिए महाकुंभ मेले में पहुंचीं। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा ने किया है और इसका निर्माण संपत नंदी टीमवर्क्स ने किया है। तमन्ना ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से फिल्म का टीजर रिलीज किया है। टीजर में तमन्ना रौद्र रूप दिखाती नजर आई हैं। तमन्ना भाटिया ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर कर ओडेला 2 के टीजर जारी होने की सूचना दी है। उन्होंने लिखा है, जब शैतान वापस आता है, तो दैवीय शक्ति अपनी भूमि और अपनी विरासत की रक्षा के लिए आगे आती है। फिल्म जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि, रिलीज डेट का जिक्र नहीं किया गया है। फिल्म ओडेला 2, वर्ष 2021 की हिट ओडेला रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी है। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया ने नागा साधु की भूमिका निभाई है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426